सूर्योदय : 5:23
सूर्यास्त : 6:42
अधिकतम तापमान : 32.7
न्यूनतम : 22.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-317 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 09 मई 2026
21 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

सुवेंदु चुने गए विधायक दल के नेता

■ आज लेंगे बंगाल के सीएम पद की शपथ

कोलकाता। बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। शुक्रवार को कोलकाता में बीजेपी विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ओडिशा के सीएम मोहन माझी को मौजूदगी में उनके नाम का ऐलान किया है। सुवेंदु बंगाल विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम और भवानीपुर से जीते हैं। उन्होंने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया है।

पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने सुवेंदु अधिकारी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसे विधायकों ने आम सहमति से मुहर लगाई। सुवेंदु की उम्र 55 साल है। वह पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले से आते हैं। इस जिले में करकुली गांव उनका जन्म स्थान है। पश्चिम बंगाल चुनावों में बीजेपी को 293 सीटों में 207 पर जीत मिली हैं। शुभेन्दु बंगाल में बीजेपी के पहले सीएम होंगे।

सुवेंदु अधिकारी का राजनीतिक सफर

सुवेंदु अधिकारी का जन्म 15 दिसंबर, 1970 को हुआ था। सुवेंदु अधिकारी के पिता शिशिर अधिकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। सुवेंदु अधिकारी को राजनीति विरासत में मिली है। उन्होंने पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक सफर तय किया। वह 2005 में पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद 2009 और फिर 2014 में तामलुक से लोकसभा के सदस्य चुने गए। नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन में उनकी भूमिका ने उन्हें बंगाल की राजनीति में 'मेदिनीपुर का बादशाह' बना दिया। दिसंबर 2020 में वह तृणमूल कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए। 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम सीट से हराकर सबको चौंका दिया। इसके बाद वह मई 2021 से 2026 तक वे पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। अब वह पश्चिम बंगाल में शीर्ष पद को संभालेंगे।

भाजपा सरकार में असंभव हो जाएगी घुसपैठ और मवेशी तस्करी : अमित शाह

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुने जाने की घोषणा करने के बाद कहा कि राज्य में घुसपैठ और मवेशियों की तस्करी 'नामुमकिन' हो जाएगी। यहां भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि बंगाल में भारी जीत सिर्फ संगठन का विस्तार या विचारधारा की पुष्टि नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक बहाली से जुड़ा जनादेश है।

उन्होंने कहा, 'यह जीत हमारे संगठन के विस्तार या विचारधारा की पुष्टि के बारे में नहीं है, बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा में सबसे बड़ी कमी को ठीक करने के बारे में है... अब पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और गो-तस्करी नामुमकिन हो जाएगी।' पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस शासन पर

■ पिछली सरकार में राजनीति का अपराधीकरण हुआ

तीखा हमला करते हुए, शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के 15 साल के शासन के दौरान राज्य में प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण हुआ था। उन्होंने कहा, भाजपा के शासन के दौरान, न तो प्रशासन का राजनीतिकरण होगा, न ही राजनीति का अपराधीकरण होगा। शाह ने बंगाल में नव निर्वाचित विधायकों की एकमत से मंजूरी का हवाला देते हुए अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता घोषित किया। शाह ने कहा, विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आठ प्रस्ताव मिले थे और उन सभी में सिर्फ एक नाम था।

आतंकवाद पर भारत और सिंगापुर ने जताया 'जीरो टॉलरेंस' रुख

■ बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति

नई दिल्ली। आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए लगातार, मिलकर और हर स्तर पर काम करने की जरूरत पर जोर देते हुए भारत और सिंगापुर ने आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन), आसियान, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) और दूसरे बहुपक्षीय मंचों पर साथ मिलकर काम बढ़ाने पर सहमति जताई।

विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से शुक्रवार को जारी संयुक्त प्रेस बयान के मुताबिक, भारत और सिंगापुर के बीच आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पांचवीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदार होने के नाते आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय सहयोग की अहमियत पर जोर दिया।

बैठक में दो घटनाओं का जिक्र

बैठक में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और 10 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुई आतंकी घटना की भी कड़ी निंदा की गई। दोनों देशों ने कहा कि इन हमलों के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में काउंटर टेररिज्म के संयुक्त सचिव विनोद बहाडे और सिंगापुर के गृह मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी (पॉलिसी) नगियाम शिह चुन ने की। संयुक्त बयान में कहा गया कि जेडब्ल्यूजी ने हर तरह के आतंकवाद, खासकर सीमा पार आतंकवाद की कड़ी शब्दों में निंदा की। आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' यानी बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने की नीति को दोहराया गया। बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1,267 सैंक्शन कमेटी की सूची में शामिल आतंकियों और संगठनों के खिलाफ सहयोग पर चर्चा की। इसके अलावा सीमा पार खतरों से जल्दी और प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सूचना साझा करने की व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर सहमति बनी।

पैतृक गांव पंचूर में योगी ने की मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

■ जय विष्णु भगवान के जयघोष से गूंज उठा इलाका
■ समारोह में देशभर से पहुंचे संत और आध्यात्मिक गुरु

पौड़ी/यमकेश्वर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पैतृक गांव पंचूर में शुक्रवार को नव निर्मित विष्णु मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं सांस्कृतिक समारोह का भव्य आयोजन श्रद्धा, वैदिक परंपराओं और आध्यात्मिक उल्लास के बीच संपन्न हुआ। पूरे क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

समारोह में देशभर से पहुंचे संतों, आध्यात्मिक गुरुओं और जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में

योगगुरु स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानन्द सरस्वती, उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत तथा पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए महायज्ञ में सभी संतों एवं अतिथियों ने राष्ट्र की समृद्धि, शांति और विकास के लिए आहुतियां समर्पित कीं।

मंदिर परिसर में हुई दिव्य आरती के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर दिखाई दिया और पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' तथा 'जय विष्णु भगवान' के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को परमार्थ निकेतन की ओर से रुद्राक्ष का पौधा एवं भगवान शिव की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इसे भारतीय संस्कृति और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक बताया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, शिक्षा, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्र निर्माण पर विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा और प्राकृतिक सौंदर्य का वैश्विक केंद्र है। समारोह के अंत में मंदिर निर्माण एवं आयोजन में विशेष योगदान देने वाले सहयोगियों, कर्मयोगियों और सेवाभाव से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पंचूर गांव आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का केंद्र बन गया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बनेंगे थलापति विजय

■ राज्यपाल ने सरकार बनाने का दिया न्योता शपथग्रहण आज

चेन्नई। तमिलगा वेट्री कजगम प्रमुख थलापति विजय तमिलनाडु के अगले मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दे दिया है। शनिवार को विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

टीवीके प्रमुख विजय चेन्नई के लोक भवन से निकल गए हैं। सरकार बनाने पर हलचल शुरू हो गई है। वहीं

चेन्नई स्थित विजय के आवास और पार्टी ऑफिस के बाहर कार्यकर्ता जश्न मन रहे हैं।

सीपीआई (एम) नेता यू. वासुकी ने कहा, 'आज सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों ने अपनी राज्य समिति की बैठकें कीं। उन्होंने फैसला किया है कि वे सरकार बनाने के लिए टीवीके को बाहर से समर्थन देंगे। जब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया जाएगा, तो वे निश्चित रूप से टीवीके के पक्ष में वोट देंगे। हम मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होंगे। टीवीके पहले ही कह चुका है कि वामपंथी दल जो भी फैसला करेंगे, वे उसका पालन करेंगे। उन्होंने कहा, 'हम केवल सरकार बनाने और विश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर ही समर्थन दे रहे हैं। बाकी सभी मुद्दों पर चाहे वह धर्मनिरपेक्षता हो, लोगों की एकता हो, या राज्यों के अधिकार हों जब भी ये मुद्दे उठेंगे, तो हम निश्चित रूप से उस धर्मनिरपेक्ष दल के साथ खड़े होंगे।

जुदा हुईं कांग्रेस और द्रमुक की राहें

■ लोकसभा में अब अलग-अलग बैठेंगे सांसद

नई दिल्ली। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संसद में द्रमुक सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। सुश्री कनिमोझी ने अपने पत्र में लिखा कि वह लोकसभा में द्रमुक सांसदों की सीटिंग व्यवस्था में बदलाव करने का सम्मानपूर्वक अनुरोध करती हैं।

उन्होंने कहा कि बदले हुए राजनीतिक हालात और कांग्रेस के साथ गठबंधन समाप्त हो जाने के बाद

सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ मौजूदा सीटिंग व्यवस्था में बैठना अब उचित नहीं माना जा सकता। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि द्रमुक संसदीय दल के सदस्यों के लिए अलग सीटिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि वे सदन में अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने इस मामले में शीघ्र आवश्यक कदम उठाने और उनके अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील भी की है।

पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी केरल विधायकों की राय संबंधी रिपोर्ट

नई दिल्ली। केरल में कांग्रेस विधायक दल के नेता के चयन के लिए विधायकों की राय लेने के बाद पार्टी के दोनों पर्यवेक्षकों अजय माकन और मुकुल वासनिक ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी। खरगे से मुलाकात के बाद वासनिक ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल उस तस्वीर से जुड़ी वो बातें सच नहीं है जिन्हें लेकर दावा किया जा रहा है। सोशल मीडिया में वासनिक की एक तस्वीर जारी हुई है जिसमें उनके हाथ में एक कागज है जिसमें कई विधायकों के नाम के आगे प्राथमिकता वाले कॉलम में 'केसी' लिखा हुआ है।

दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम अब भी प्रभावी

होर्मुज में ईरान और अमरीकी सैनिकों में झड़प

■ राष्ट्रपति ट्रंप ने इस घटना को ईरान की ओर से उकसावा करार दिया

तेहरान, वाशिंगटन। रणनीतिक रूप से ईरान का महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर अमरीकी नौसेना के विध्वंसक जहाजों और ईरानी सेना के बीच सीधी गोलीबारी के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच एक महीने पुराना संघर्ष विराम अब भी प्रभावी है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने हालांकि इस घटना को ईरान की ओर से उकसावा करार दिया और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए, तो इसका नतीजे और भी गंभीर हो सकते हैं। यह टकराव कल देर रात उस समय शुरू हुआ जब तीन अमरीकी विध्वंसक जहाज

होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे थे। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि उसकी सेनाओं ने ईरानी मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराया और शुक्रवार तडक़े केश्म द्वीप और बंदर अब्बास के पास स्थित हमलावर ठिकानों पर कड़ा जवाबी हमला किया, वहीं ईरान के ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी सेना ने अमेरिकी नौसैनिक संसाधनों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और अमेरिकी युद्धपोतों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

आईआरजीसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह अभियान एक ईरानी तेल टैंकर एम/टी हसना पर पहले हुए अमरीकी हमले का सीधा जवाब था। ईरान जिसे संघर्ष विराम का स्पष्ट उल्लंघन मानता है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार्रवाई रक्षा के अधिकार का वैध उपयोग थी और चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी अन्य अमेरिकी दुस्साहस का और भी करारा जवाब दिया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर इस झड़प के तत्काल प्रभाव को कम बताते हुए इसे मामूली बात कहा और पुष्टि की कि किसी भी अमेरिकी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है।

अमेरिकी अदालत से ट्रंप को झटका, रद्द किया टैरिफ

वॉशिंगटन। अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने राष्ट्रपति ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत कई देशों से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। अदालत ने फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति ने इन करों को लागू करने के लिए कांग्रेस (संसद) को दरकिनार कर अपने संवैधानिक अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है।

हमारी जनगणना हमारा विकास

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं

- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

CBC 19108/13/0082/2627

टोल फ्री - 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी CensusIndia2027

सीडीओ अभिषेक कुमार की दूरदृष्टि से शहर को मिलेंगे दो नए फोरलेन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शहर की तस्वीर बदलने की दिशा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक और बड़ी पहल की है। उनकी सक्रियता और दूरदर्शी सोच के चलते शहर को जल्द ही दो नए फोरलेन मार्गों की सौगात मिलने जा रही है। सीडीओ ने अफसरों की टीम के साथ दोनों प्रस्तावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर तेजी से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इसे शीघ्र शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जा सके सीडीओ अभिषेक कुमार की प्राथमिकता में शामिल रामापुर तिराहे से नौरंगाबाद शहर सीमा तक करीब 2.9 किलोमीटर लंबा मार्ग अब फोरलेन में तब्दील होगा। यह सड़क लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव से जूझ रही थी, लेकिन अब इस परियोजना के जरिए शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है वहीं दूसरी महत्वाकांक्षी योजना के तहत डॉन बॉस्को नहर से गोला रोड तक 4.6 किलोमीटर लंबाई में नहर पटरी मार्ग को भी फोरलेन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस परियोजना की खास बात यह है कि सीडीओ अभिषेक कुमार ने सिर्फ सड़क चौड़ीकरण ही नहीं, बल्कि नहर की उपयोगिता बढ़ाने का भी खाका तैयार कराया है। योजना के तहत नहर को अधिक गहरा और व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे उसकी जलधारण क्षमता बढ़ेगी और दोनों ओर की पटरी को चौड़ा कर बेहतर सड़क बनाई जा सकेगी सीडीओ अभिषेक कुमार की कार्यशैली का असर अब शहर के विकास कार्यों में साफ दिखाई देने लगा है। उनकी पहल पर राजापुर चौराहे से डॉन बॉस्को नहर पटरी तक फोरलेन मार्ग पहले ही तैयार हो चुका है, जबकि संकटा देवी चौराहे से लालपुर स्टेडियम तक फोरलेन निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

एक कार्यक्रम के दौरान ऑटो खड़ा करने को लेकर हुआ विवाद

लखीमपुर-खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के गोविंद नगर सलेमपुर कोन मोहल्ले में एक कार्यक्रम के दौरान ऑटो खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो युवक की डंडों से पिटाई कर दी गई। जिसमें उसको चोट आई है। मोहल्ला गोविंद नगर सलेमपुर कोन निवासी रजत रस्तोगी ने बताया कि गुरुवार रात उसके पड़ोसी नीरज रस्तोगी के यहां एक कार्यक्रम था। तेज आवाज में साउंड बज रहा था। कार्यक्रम के चलते सड़क पर मेज रखी हुई थी, जिससे वह अपना ऑटो नहीं खड़ा कर पा रहा था। इसी बात को लेकर उसने नीरज से मेज हटाने को कहा। आरोप है कि इतना कहते ही नीरज, धीरज और उनके दो अन्य साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके सिर फट गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

मंडी में नीलामी प्रकिया पर डीएम सख्त, बोले-नियम से होगी बोली

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। गेहूं खरीद व्यवस्था की हकीकत परखने शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह अचानक कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंच गए। अफसरों और कर्मचारियों में उस समय हलचल मच गई जब डीएम सीधे गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंचकर किसानों से आमने-सामने बात करने लगे। उनके साथ डिप्टी आरएमओ नमन पाण्डेय भी मौजूद रहे।सबसे पहले डीएम खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केंद्र पहुंचे, जहां मितौली तहसील के ग्राम देतेलीकला निवासी किसान अवतार सिंह और अमरजीत सिंह का गेहूं तौला जा रहा था। डीएम ने किसानों से सीधा सवाल किया। ÷कोई दिक्कत तो नहीं हो रही?÷ किसानों ने साफ कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिना परेशानी खरीद हो रही है। किसानों के लिए रखे पानी और गुड़ की व्यवस्था भी डीएम ने देखी। इसी दौरान उन्होंने खुद किसान को गुड़ खिलाकर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।इसके बाद डीएम सहकारिता विभाग के क्रय केंद्र पहुंचे, जहां सिवकहा निवासी हरमन अपने पिता बलदेव सिंह की उपज बेचने आए थे। डीएम ने खरीद संबंधी अभिलेख खंगाले और किसान से लंबी बातचीत कर उपज, तौल और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली निरीक्षण के दौरान डीएम ने खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के क्रय केंद्रों का जायजा लिया। मंडी द्वितीय में अब तक 56 किसानों से 4000 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है, जिसमें 1722 कुंतल का प्रेषण हो चुका है तथा 2278 कुंतल अवशेष है। वहीं यूपीपीसीयू बी-पैक्स केंद्र पर 15 किसानों से 600 कुंतल गेहूं की खरीद की गई निरीक्षण के दौरान मंडी में नीलामी प्रक्रिया को लेकर शिकायत सामने आई कि बोली ऊपर से नीचे की जा रही है। इस पर डीएम का रुख सख्त दिखा। उन्होंने मंडी सचिव को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि नीलामी पूरी तरह नियमानुसार कराई जाए और मंडी निरीक्षक इसकी निगरानी सुनिश्चित करें। साथ ही चबूतरे की नीलामी प्रक्रिया का वीडियो बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।डीएम ने मंडी में स्थापित विभिन्न एजेंसियों के क्रय केंद्रों और वहां हुई खरीद की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की।

पोस्ट ऑफिस में आधार सेंटर के पास छत पर लगा पंखा तेज आवाज़ के साथ गिरा नीचे

लखीमपुर-खीरी। शुक्रवार को पोस्ट ऑफिस में आधार सेंटर के पास छत पर लगा पंखा तेज आवाज़ के साथ नीचे आ गिरा। पंखा गिरने से पोस्ट ऑफिस में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसार पोस्ट ऑफिस में संचालित हो रहे आधार सेंटर पर आधार बनवाने और अपडेट कराने के लिए लोग बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। उसी वक्त अचानक तेज आवाज के साथ एक पंखा नीचे खड़ी एक महिला के ऊपर आ गिरा। गनीमत यह रही कि महिला को कोई गंभीर चोट नहीं लगी और बड़ा हादसा होने से टल गया। पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों के मुताबिक पंखा कई दिनों से खराब स्तिथि में चल रहा था इस बारे में पोस्टमास्टर को कई बार बताया गया, परन्तु उन्होंने पंखा ठीक कराने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते यह घटना हुई है।

महापौर ने ऑनलाइन स्व गणना की

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। शुक्रवार को महापौर जी द्वारा नगर निगम मुख्यालय, मोतीझील स्थित अपने कार्यालय में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्वगणना की। यह प्रक्रिया 7 से 21 मई तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से चलेगी, जिसमें नागरिकों को 33 सवालों के जवाब देने होंगे। इस अवसर पर महापौर जी सभी नागरिकों से ऑनलाइन जनगणना 2027 करने अथवा ने जनगणना के बारे में जानकारी दी। जनगणना 2027 में घरो में जानकारी एकत्र करने वाले कर्मियों को पूर्ण जानकारी देने की अपील करते हुए कहा कि जनगणना आंकड़ो से केन्द्र सरकार, राज्य सरकार को कल्याणकारी योजनाओं को बनाने में सहायता मिलती है। इस कार्य में जनगणना विभाग के प्रभारी जनगणना हिमांशु शुक्ला, सहायक निदेशक दिनेश यादव, अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, फील्ड ट्रेनर अमित मिश्रा, फील्ड ट्रेनर शशांक दुबे

राष्ट्रीय लोक अदालत आजः पारिवारिक व मोटर व्हीकल मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर

लोक अदालत केवल मुकदमे खत्म नहीं करती, रिश्तों को भी जोड़ती हैः न्यायिक अधिकारी

बृज भूषण यादव
अवधनामा संवाददाता

कानपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में आज 9 मई 2026 को जनपद न्यायालय परिसर, कानपुर नगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में पारिवारिक विवादों, मोटर व्हीकल अधिनियम से संबंधित चालानों एवं अन्य शमनीय प्रकृति के मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया जाएगा।

जिला न्यायालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों के कारण आमजन को आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय लोक अदालत ऐसे मामलों के शीघ्र, सरल एवं कम खर्चीले समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। इस बार लोक अदालत में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अपर जिला जज/मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी संजय वर्मा ने कहा कि मोटर दुर्घटना प्रतिकर व चालानी मामलों में लोक अदालत अत्यंत प्रभावी मंच साबित हो रही है। इससे पक्षकारों को वर्षों तक न्यायालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और आपसी सहमति से त्वरित राहत मिल जाती है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। अपर जिला जज निशा श्रीवास्तव ने कहा कि पारिवारिक मुकदमों में न्यायालय का उद्देश्य केवल कानूनी प्रक्रिया पूरी करना नहीं, बल्कि परिवारों को टूटने से बचाना भी है। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी के विवाद, भरण-पोषण, बच्चों के संरक्षण एवं वैवाहिक मतभेदों के मामलों में लोक अदालत संवेदनशील वातावरण प्रदान करती है, जहां दोनों पक्षों की सहमति एवं संवाद से समाधान निकालने का प्रयास किया जाता है।

अपर जिला जज देवकांत शुक्ला ने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से बैंक वसूली, किराएदारी विवाद, चेक बाउंस, मोबाइल एवं केबल संबंधी विवाद, वाणिज्य कर, राजस्व, श्रम वाद एवं अन्य दीवानी प्रकृति के मामलों का भी प्रभावी निस्तारण किया जाता है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों का भार कम होता है तथा आमजन को शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। अपर जिला जज सुभाष सिंह ने कहा कि लोक अदालत भारतीय न्याय व्यवस्था की एक मानवीय एवं व्यवहारिक पहल है, जहां तकनीकी जटिलताओं से अधिक आपसी सहमति और सौहार्द को महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है तथा उसके विरुद्ध सामान्यतः अपील का प्रावधान नहीं होता, जिससे पक्षकारों को तत्काल राहत प्राप्त होती है। अपर जिला जज दीपाली सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि आपसी समझौते से विवाद समाप्त होने पर परिवारों एवं समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं।

साईकिल सवार युवक को सामने से आ रही तेज रफ़्तार कार ने मारी टक्कर

लखीमपुर-खीरी। खेत देखने जा रहे साईकिल सवार युवक को सामने से आ रही तेज रफ़्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया। घायलावस्था में युवक को कार चालक खुद सीएचसी फूलबेहड़ लेकर पहुंचा। जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के जंगल न0 11 के मजरा चकलुआ निवासी 18 वर्षीय कृष्णा पुत्र प्रहलाद मौजूदा समय में नई बस्ती सरवा में रह रहा है। सुबह घर से शारदा नदी किनारे अपने खेत को साईकिल से जा रहा था। जैसे ही मंगलीपुरवा गांव के पास पंहुचा तभी सामने से आ रही तेज रफ़्तार कार ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने से युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक को लेकर कार चालक खुद सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचा।

नागरिक सुरक्षा कोर में डिवीजनल वार्डेन के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

कानपुर नगर। उपनियंत्रक सदस्य, नागरिक सुरक्षा, कानपुर नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक सुरक्षा कोर, कानपुर नगर में वार्डेन सेवा के अंतर्गत विभिन्न नागरिक सुरक्षा प्रखंडों पनकी, सर्वोदय नगर, कलेक्टरगंज, कृष्णा नगर एवं गोविन्द नगर में डिवीजनल वार्डेन (अवैतनिक/स्वयंसेवी) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नागरिक सुरक्षा कोर सदस्यों एवं आमजन से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अवधि 10 मई 2026 से 25 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी नागरिक सुरक्षा कार्यालय, गांधी भवन, फूलबाग, कानपुर नगर से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त एनआईसी की वेबसाइट upkap@nic.in पर भी जानकारी उपलब्ध है।

निजीकरण के विरोध में गोविंद नगर जोन पांच में बैठक हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वाधान में निजीकरण के विरोध में आज जोनल कार्यालय जोन 5 गोविंद नगर में सैकड़ों कर्मचारियों की बैठक हुई जिसमें समस्त कर्मचारियों से दिनांक 11 मई 2026 से 13 मई 2026 तक काला फीता बांधकर विरोध कर नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षण करना एवं 14 मई 26 को 12ः00 से मोतीझील में आम सभा में भारी संख्या में पहुंचने का आवाहन किया गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अभी तक सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा मानव बल आपूर्ति के माध्यम से आउटसोर्स सफाई कर्मचारी से कार्य लिया जाता था अब नगर आयुक्त द्वारा सेवा प्रोवाइडर कंपनी से ई टेंडर के माध्यम से कार्य करना चाहते हैं जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा गठित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम बोर्ड से मिलने वाले लाभ से वंचित रहना पड़ेगा, हमारी मांग है कि जी पोर्टल के माध्यम से टेंडर कराया जाए जिस भी कंपनी को कार्य मिलता है वह आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों के वेतन वृद्धि इपीएफ, ईएसआई एवं सेवा सुरक्षा आदि व्यवस्था की गारंटी सुनिश्चित करें। अन्यथा आगामी होने वाली आमसभा में एक बड़े आंदोलन की घोषणा करने के लिए दिवस होना पड़ेगा। कर्मचारी नेता रमाकांत मिश्र ने कहा जी हम आज भी जनहित में किसी तरह के आंदोलन के पक्षधर नहीं है लेकिन नगर निगम द्वारा निरंतर हम लोगों के मांगों की अनदेखी किया जा रहा है। कर्मचारियों का शोषण आए दिन आउटसोर्स कर्मचारी को सेवा से बाहर करने का कार्य किया जा रहा है जिससे आम कर्मचारियों में भीषण रोष है इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन दिया जा चुका है, उनसे भी अनुरोध किया है कि निजीकरण के प्रकरण में हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने का कष्ट करें। प्रदेश के किसी भी नगर निगम में सेवा प्रोवाइडर कंपनी के माध्यम से काम नहीं कराया जा रहा है तो कानपुर में ही यह व्यवस्था क्यों थोपी जा रही है जिसे हम लोग निरंतर विरोध कर रहे हैं और करते भी रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जयपाल सिंह, रमाकांत मिश्रा, हरिओम वाल्मीकि, विनोद रावत, अजीत बाघमार, मुकेश वाल्मीकि, नीलू निगम, उस्मान अली शाह, मुन्ना हजारिया, मनी लाल भारती, धीरज गुप्ता, कमरुद्दीन, अखिलेश सिंह, रामगोपाल चौधरी, नरेश, नरेंद्र खन्ना, कृष्णा बालक आदि लोग उपस्थित रहे।

निगम के गैराज को भी मिला आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र

देश तभी आगे बढ़ेगा जब हम दूसरों से बेहतर काम करेंगेः महापौर

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगर निगम सहारनपुर ने स्वच्छता और स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में एक और नयी उपलब्धि हासिल की है। निगम के गैराज विभाग को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001रू 2015 प्रदान किया गया है। सहारनपुर नगर निगम का गैराज विभाग प्रदेश का पहला ऐसा गैराज है जिसे गुणवत्ता के आधार पर यह प्रमाण पत्र हासिल हुआ है। वरिष्ठ गैराज प्रभारी/अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व सहायक अभियंता/गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन ने आईएसओ प्रमाण पत्र आज महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि को भेंट किया।

सहायक अभियंता/गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन ने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार के मार्गदर्शन और नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में गैराज विभाग द्वारा विभागीय कार्यों को अंतरराष्ट्रीय मानकों और एसओपी के अनुरूप ढालने के लिए कड़ा परिश्रम किया गया। गैराज अनुभाग के समस्त कार्य जैसे वाहन मरम्मत, खरीद, इन्वेंट्री प्रबंधन और विशेष रूप से 'ऑनलाइन फ्यूल मैनेजमेंट' को एम.आई.एस.सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। ऑनलाइन इंडेंट और फ्यूल मैनेजमेंट की इस सुव्यवस्थित प्रणाली से विभाग के कार्यों में सटीकता और पारदर्शिता आई है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने बधाई देते हुए इस उपलब्धि का श्रेय गैराज की पूरी टीम को दिया। उन्होंने कहा कि आईएसओ प्रमाणन के साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि हम अपनी सेवा से लोगों को कैसा अनुभव देते हैं। उन्होंने कार्पोरेट नेचर में गुणवत्ता को बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'स्मार्ट गैराज कम वर्कशॉप' में ऑटोमेटिक वाशिंग प्लांट, बायोमेट्रिक उपस्थिति और वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग आदि व्यवस्थाओं को और अधिक श्रेष्ठ करना होगा, ताकि आईएसओ मानक के लिए प्रति वर्ष होने वाले ऑडिट में हम निरंतर आगे रहें।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन यह सिद्ध करता है कि गैराज विभाग अब एक 'प्रोसेस ओरिएंटेड' और एसओपी आधारित प्रणाली पर काम कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय मानक दर्शाता है कि विभाग अपनी कार्यप्रणाली, लीगल रजिस्टर, और केपीआई की निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से जनता की सेवा हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने निगम अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय मानक निगम पर थोपे नहीं गए बल्कि निगम ने स्वयं अपने आपको मानकों के अनुरुप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक विभाग में गुणवत्ता बढ़े, यह लगातार प्रयास रहेगा। महापौर ने जलकल, जन्म-मृत्यु, निर्माण व उद्यान आदि विभागों को भी प्रेरणा लेकर आईएसओ प्रमाण पत्र लेने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा जब हम दूसरों से बेहतर काम करेंगे।

उपसभापति मयंक गर्ग ने कहा कि जो उपलब्धि प्राप्त हुई है उसे भविष्य में संवारकर और संभाल कर रखें। आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान करने वाली कंपनी सीओएई इंटरनेशनल की प्रमुख आरती घोसला ने कहा कि गैराज विभाग का ऑडिट करते हुए पाया गया कि यहां एसओपी के तहत अच्छा काम हो रहा है। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव के अतिरिक्त अनेक पार्षद व निगम अधिकारी मौजूद रहे।

पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के पदक विजेताओं का किया स्वागत

सहारनपुर। गोरखपुर में 2 से 4 मई 2026 तक आयोजित हुई उत्तर प्रदेश राज्य पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पदक जीतकर सहारनपुर का नाम गौरवान्वित कर दिया। पदक जीतने पर विजेता खिलाड़ियों और कोच सन्नी कुमार को क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा के द्वारा सम्मानित किया गया।

पॉवरलिफ्टिंग कोच सन्नी कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सहारनपुर के सौरभ पुण्डीर और शिवांश कश्यप ने अपने उत्कृष्ट खेल के बलबूते प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक। कृष्णा और कुमारी रवीना ने कड़े संघर्ष के बाद द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक व सन्नी कुमार, विजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया। प्रतियोगिता मे आयुष वर्मा के द्वारा भी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। शानदार जीत के बाद सहारनपुर लौटने पर सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच सन्नी कुमार का डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा, यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। इसी के बलबूते खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगे। कोच सन्नी कुमार ने बताया कि पदक विजेता ये खिलाड़ी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे उनसे पॉवरलिफ्टिंग खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करते है। इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक प्रवीन चौधरी, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेन्द्र प्रताप, जयेन्द्र कुमार, कुश्ती कोच आदेश, सुप्रिया, आकाश सहित अन्य खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

देश के विकास का आधार है जनगणनाः महापौर

जनमंच में पार्षदों व निगम कर्मचारियों को करायी गयी डिजीटल स्व-गणना

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जनगणना-2027 के तहत आज जनमंच सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर पार्षदों व निगम कर्मचारियों को डिजीटल स्व-गणना करायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/जिला जनगणना अधिकारी सलिल कुमार पटेल, उपसभापति मयंक गर्ग ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने जनगणना का विस्तार से महत्व समझाते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास का आधार है। भविष्य में जो जनकल्याणकारी योजनाएं आनी है वह जनगणना के आधार पर ही तैयार की जायेंगी। उन्होंने कहा कि सबको अपनी स्व-गणना अपने मोबाइल से करनी है, इसमें वैधानिक प्रावधान किया गया है कि किसी का डाटा कोई चुरा नहीं सकता, उसका कोई दुरुपयोग नही कर सकता। उन्होंने लोगों से अपनी पूरी ऊर्जा और स्वेच्छा के साथ स्व-गणना करने का आह्वान किया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी जनगणना कार्य में लोगों से उत्साह के साथ भागीदारी करने की अपील की।

अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी सलिल पटेल ने कहा कि जनगणना-2027 जनकल्याण की एक बड़ी गाइड लाइन है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी तरह डिजीटल है, इसमें कोई पेपर वर्क नहीं है। कोई भी व्यक्ति कहीं से भी अपने मोबाइल से स्व-गणना कर सकता है। उन्होंने स्व-गणना क्यों ? का उत्तर विस्तार से देते हुए कहा कि इससे दूरगामी लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने जनगणना को लेकर लोगों के बीच भ्रांतियों को दूर करते हुए जनगणना के सभी चरणों की विस्तार से जानकारी दी।

ए डी जनगणना आशुतोष ने पार्षदों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया और डिजीटल स्व-गणना करायी। उन्होंने स्क्रीन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया और सभागार में उपस्थित सभी पार्षदों व कर्मचारियों को मोबाइल के माध्यम से डिजीटल स्व-गणना करायी। उन्होंने एक-एक कर पूछे जाने वाले सभी 33 सवालों का जवाब कैसे देना है, इसे स्पष्ट कर समझाया। उन्होंने बताया कि पूरी जानकारी भरने के बाद व्यक्ति सबमिट करने से पहले अपने द्वारा भरी गयी जानकारी चौक कर सकता है।

इससे पूर्व अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी ने अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। नगर जनगणना अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पार्षदगण भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा भूरादेव मन्दिर से माँ शाकम्भरी देवी के निकट पहाड़ी नदी पर मुख्य मन्दिर तक सेतु तथा पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदार को विस्तृत कार्यक्रम का चार्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि माइक्रो प्लान के साथ परियोजना को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाना सुनिनिश्चत करें। उन्होने निर्देश दिए कि अतिरिक्त मैन-पॉवर एवं मशीनरी स्थापित करते हुए कार्य में तेजी लाएं।

निरीक्षण के दौरान उन्होने स्थल पर जाकर किए जा रहे कार्य को देखा एवं प्रगति को जाना। सेतु के निर्माण में वेल फाउण्डेशन के बारे में समस्त जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारी निरंतर स्थल का निरीक्षण करते रहें ताकि कोई लापरवाही न हो। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम सुधीर भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, अंतराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, मुठभेड़ में दो घायल

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 4 ट्रैक्टर और अवैध तमंचे व कारतूस किए बरामद

अवधनामा संवाददाता

महोबा। कस्बा चरखारी के रायनपुर मोहल्ले से 30 अप्रैल को घर के बाहर खड़े एक ट्रैक्टर को अज्ञात चोर मय ट्राली के चोरी कर ले गए थे। ट्रैक्टर स्वामी की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए जिला स्वॉट व सर्विलांश के साथ थाना चरखारी पुलिस टीम की एक टीम गठित की गई। गुरूवार की रात चेकिंग दौरान चोरी गए ट्रैक्टर सवार कुछ लोगों ने पुलिस को देखकर अवैध तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने अपने बचाव में फायरिंग करते हुए तीन लोगों को पकड़ा, जिसमें से दो चोरो के पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने वाहनों की चोरी और उक्त ट्रैक्टर चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी, जनपदीय स्वॉट और सर्विलांश के साथ पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों ने घटना के संबन्ध में वैज्ञानिक साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर दिनांक- गुरूवार की रात पुलिस टीम थाना क्षेत्र में चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की तलाशी एवं अपराध नियंत्रण के लिए चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि चोरी ट्रैक्टर को बेचने के उद्देश्य से कुछ बदमाश गुढ़ा से पनवाड़ी होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले हैं और उनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने गौरहारी व भटेवरा कलां गांव के बीच स्थित टूटी पुलिया के पास घेराबंदी कर दी। कुछ समय पश्चात संदिग्ध ट्रैक्टर मय ट्रॉली के आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बदमाश ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी।

पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें गजेन्द्र बघेल (33) पुत्र पानसिंह व रंजीत बघेल (21) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम गौसपुर थाना सरायछेला जनपद मुरैना मप्र. गोली लगने से घायल होकर पकड़े गए जबकि तीसरा अभियुक्त रविंद्र बघेल (26) निवासी निवासी सिद्धनगर कॉलोनी थाना कोतवाली मुरैना मप्र. को भी पुलिस ने पकड़ लिया। घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए सीएचसी चरखारी भेजा गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है, चिकित्सकों ने उनकी हालत स्थिर बतायी है। पुलिस संबन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की गई। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से महिन्द्रा कंपनी का चोरी किया गया ट्रैक्टर, दो अवैध 315 बोर तमंचा, दो कारतूस, दो मोबाइल, नगदी और अभियुक्तों की निशान देही पर तीन अन्य ट्रैक्टर भी बरामद किए गए। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया गया कि उन्होंने दिनांक 30 अप्रैल की रात चरखारी क्षेत्र से उक्त ट्रैक्टर को मय ट्रॉली चोरी किया था।

एसपी ने की पुलिस टीम की सराहना

ट्रैक्टर चोरों को पकड़ने वालों में थाना चरखारी पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रमेश कुमार यादव, चंद्रशेखर सिंह, मलखान सिंह, विशाल वाजपेई, हेड कांस्टेबिल श्यामकिशोर, दिनेश सिंह, राजेश सिंह, नरेंद्र बाबू, नंदलाल पटेल, संदीप कुमार, पंकज कुमार शामिल हैं। जबकि जिला स्वॉट सर्विलांश पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह, प्रभारी, कांस्टेबिल दीपक वर्मा, रंजीत सिंह, अभिषेक वर्मा, निर्भय सिंह, सत्यम सिंह जादौन व कुलदीप यादव शामिल रहे। चोरी की घटना का खुलासा किए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम की सराहना की है।

अखिल भारतीय चौरसिया महासभा की बैठक 9 मई को, 10 मई को होगा चुनाव

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा, कोलकाता के चुनाव के उपरांत नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया द्वारा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली छात्रों के लिए बड़ी पहल की गई है। महासभा की ओर से दिल्ली में ऐसे छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण की घोषणा की गई है, जो आर्थिक अभाव के कारण आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु 'चौरसिया फाउंडेशन ट्रस्ट' की स्थापना की गई है।

ट्रस्ट के माध्यम से दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से छह मंजिला छात्रावास भवन का निर्माण कराया जा रहा है। यह जानकारी महासभा के पदाधिकारियों ने लक्सा स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्टियों की महत्वपूर्ण बैठक 9 मई को विन्धम वाराणसी कटेसर द्वारा रमाडा में आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही आगामी सत्र 2026-2029 के लिए चुनावी प्रक्रिया 10 मई को संपन्न होगी। महासभा के चुनाव अधिकारी महेश कानड़ी, जगत नारायण चौरसिया तथा सुरेश चौरसिया बनाए गए हैं। बताया गया कि नामांकन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। चुनाव से पूर्व आम सभा का आयोजन होगा, जिसमें पिछले तीन वर्षों में महासभा द्वारा किए गए कार्यों का विवरण एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगाबाबू चौरसिया, कैलाश नाथ चौरसिया, रामेश्वर चौरसिया, सुरेन्द्र चौरसिया तथा आलोक चौरसिया की उपस्थिति रहेगी। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से प्रदीप चौरसिया,सुधीर चौरसिया, डॉ अजय चौरसिया, बाबूलाल चौरसिया, टी एन चौरसिया, गणेशनी चौरसिया, सोहन लाल चौरसिया एवं विजय चौरसिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महोबा में रेलवे का सघन चेकिंग अभियान : 208 यात्री धरे, सवा लाख से अधिक वसूला जुर्माना

मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर महोबा में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता

महोबा। रेलवे स्टेशनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों और प्लेटफार्म में घूमने वाले लोगों के खिलाफ मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देश पर रेलवे स्टेशन महोबा में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान दौरान टीम ने यात्रियों और रेलवे स्टेशन में घूमने वाले लोगों के टिकट चेक किया साथ ही स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा के बावत निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। चेकिंग अभियान चलाए जाने से बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों में दहशत का माहौल बना रहा।

रेलवे स्टेशन में वाणिज्य प्रबंधक ने टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना टिकट यात्रा, अवैध वेंडर, अनबुक्ड लगेज और अनारक्षित टिकट लेकर आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान कुल 208 यात्री विभिन्न अनियमितताओं में पकड़े गए, जिनसे लगभग 125065 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। टीम ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं के बावत निरीक्षक कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिए गए। मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि इस सघन कार्रवाई से न केवल रेलवे राजस्व में वृद्धि होगी बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें सीख दी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में टिकट चेकिंग स्टाफ अब्दुल अजीज, गौरव सिंह, नन्दकिशोर, विनय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दुबे कुलदीप श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

किसानों के हितों पर डीएम सख्त : दुर्घटना बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

किसान हित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं

अलीगढ़। किसानों एवं उनके परिजनों को आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना/कृषक दुर्घटना बीमा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निरस्त किए गए दावों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में पुनर्विचार की संभावना है, उनका पुनः परीक्षण कर आवश्यक संस्तुति के साथ शीघ्र प्रस्तुत किया जाए, ताकि कोई भी पात्र कृषक परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। तहसीलवार समीक्षा में इगलास में 31, कोल में 24, खैर में 11 और गभाना एवं अतरौली में 6-6 दावे लंबित पाए गए। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत दावा प्रस्तुत करने की एक निर्धारित समयबद्ध प्रक्रिया है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी इस पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संबंधी प्रकरणों में आवश्यक जांच रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि पात्र परिवारों के दावों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए और अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभागीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को लंबित दावों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

विद्यार्थियों को गेल ने दिया रोजगार के अवसर, प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी कमा सकेंगे ठेकेदार के साथ

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। आईटीआई करौंदी में एक विशेष प्लंबर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में 10वीं, 12वीं तथा आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्लंबिंग कार्य के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से कार्य को व्यवहारिक रूप से समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों को कार्य की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हो सके। गेल का यह प्रयास न केवल शहर में पीएनजी कनेक्शन की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायक होगा, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। कंपनी द्वारा विशेष रूप से ऐसे नवप्रवेशियों (फ्रेशर्स) को अवसर दिया जा रहा है, जो इस क्षेत्र में अपनी रुचि रखते हैं और करियर बनाना चाहते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कार्य संबंधी कौशल के साथ-साथ सुरक्षा मानकों (सेफ्टी पैरामीटर्स) की भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब ये प्रशिक्षित प्लंबर सीधे उन ठेकेदारों के साथ कार्य कर सकेंगे,जो वर्तमान में वाराणसी में पीएनजी कनेक्शन विस्तार परियोजना पर कार्यरत हैं। इससे शहर में गैस कनेक्शन की प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सुशील कुमार, महाप्रबंधक (जीएम) एवं वाराणसी प्रमुख, चंदन कुमार(मुख्य प्रबन्धक-ओ×म),प्रवीण सिंह (मुख्य प्रबन्धक-स्टील),प्रवीण गौतम (मुख्य प्रबन्धक-विपणन) तथा देबाशीष साहू (वरिष्ठ अधिकारी-विपणन) उपस्थित रहे।

फार्मर रजिस्ट्री कार्य में शिथिलता पर जिलाधिकारी सख्त

अवधनामा संवाददाता

तहसीलदारों-नायब तहसीलदारों को लगाई फटकार, कार्यशैली में सुधार लाने के दिए निर्देश

अलीगढ़। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान फार्मर रजिस्ट्री कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी इस अभियान में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सीडीओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक तहसील में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिए एक-एक अपर जिलाधिकारी नामित किया जाए, जिससे कार्य में तेजी लाई जा सके।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि अभियान के दौरान अतरौली तहसील में 3729, गभाना में 666, इगलास में 3434, खैर में 3096 और कोल तहसील में 1566 फार्मर रजिस्ट्री फीडिंग की गई है। आंकड़ों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लेखपालों की तैनाती के सापेक्ष प्रतिदिन हो रही प्रगति पर असंतोष जताया और कहा कि उपलब्ध मानव संसाधनों के अनुरूप कार्य की गति बेहद धीमी है।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें और केवल ऑपरेटरों पर निर्भर रहने की प्रवृत्ति समाप्त करें। फार्मर रजिस्ट्री शासन की प्राथमिकता वाला अभियान है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जब विशेष अभियान के दौरान कार्य की यह स्थिति है तो सामान्य दिनों में कार्यप्रणाली का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तत्काल तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

अजनर में टला बड़ा हादसा : ट्रांसफार्मर की आग से सहमे ग्रामीण, दमकल ने पाया काबू

शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में भड़की भीषण आग, मची अफरा-तफरी,आधे कस्बे में छाया अंधेरा

अवधनामा संवाददाता

महोबा। पुराने होलिका दहन स्थल अजनर में रखे ट्रांसफार्मर में गुरूवार की रात अचानक शार्टसर्किट होने से आवाजे आने लगी और आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे ट्रांसफार्मर के चारो तरफ धुएं के फैल गई और। आवाज और धुआं देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले और आग लगी देख सहम गए। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मियों ने शर्टडाउन कराकर क्षेत्र की बिजली बंद कराई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रांसफार्मर और उसमे लगे तार पूरी तरह जल गए। आग पर काबू पाए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

अजनर कस्बे में गुरूवार की देर रात पुराने होलिका दहन स्थल में रखे ट्रांसफार्मर से तेज आवाजें आने लगीं, जिसके बाद अचानक उसमें आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में ट्रांसफार्मर धूंधूं कर जलने लगा।

स्थानीय लोग घर से बाहर निकल गए और दहशत में होने के बाद भी थाना अजनर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया, लेकिन आग के उग्र रुप के चलते पुलिस टीम काबू नहीं पा सकी और स्थिति गंभीर होते देख फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

घटना दौरान आसपास मौजूद लोग किसी बड़े हादसे की आशंका से सहमे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आसपास के मकानों तक पहुंच सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही, जिससे आधे गांव में अंधेरा छाया राहा। बिजली गुल होने से लोगों को रात भर परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले में विद्युत विभाग के जेई हरगोबिंद ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर ओवर लोडिंग व तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है।

खेल मैदान के निर्माण में न बरतें ढिलाई, समय सीमा में पूरा करें काम : डीएम

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत पसवारा में निर्माणाधीन खेल मैदान, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कोर्ट के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सामग्री की गुणवत्ता, ज़मीन के समतलीकरण, ड्रेनेज और कोर्ट के मानक आकारों की भी जांच की। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण स्थल पर मौजूद इंजीनियरों एवं ठेकेदारों से कार्य की गति बढ़ाने और दैनिक प्रगति कार्य बढाने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि बैडमिंटन/बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण निर्धारित समय पर पूर्ण कर खेल प्रेमियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का औचक निरीक्षण किया गया

फर्रुखाबाद। विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में औचक निरीक्षण करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पाल को बच्चे एमडीएम में तहरी खाते हुए मिले। स्कूल में पंजीकृत 55 बच्चों के सापेक्ष 35 बच्चे उपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस सत्र में 15 बच्चों के नामांकन हो चुके हैं। सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरित गत माह ही किया जा चुका है। कक्षा में एक में कम पुस्तकें मिलने के कारण सभी बच्चों को किताबें नहीं मिल सकी। सभी बच्चों की उपस्थिति आनलाईन भेजी जा रही है। बच्चों की कक्षोन्नति तथा डीबीटी का काम भी पूरा हो चुका है। उधर विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र/ बाल वाटिका में सहायिका नैन्सी राजपूत की नियुक्ति हुई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल एवं कार्यकत्री मेमवती ने उन्हें बधाई देकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत ने भी उम्मीद जताई कि अब बाल वाटिका के बच्चों को बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी।

होटल पद्मिनी इंटरनेशनल में पीएनजी सेवा प्रारंभ

वाराणसी। शहर के सिगरा क्षेत्र स्थित होटल पद्मिनी इंटरनेशनल में पाइप्ड नेचुरल गैस पीएनजी की आपूर्ति सफलतापूर्वक आज प्रारंभ कर दी गई है। पीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ गौरी शंकर मिश्रा, महाप्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर गेल के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण गौतम, मुख्य प्रबंधक (मार्केटिंग),देबाशीष साहू, एवं विष्णु उपस्थिति रहे। अधिकारियों ने बताया कि, पूर्व में होटल के संचालन हेतु प्रतिमाह लगभग 45 एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी। पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के पश्चात अब इन सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। परिणामस्वरूप, इन सिलेंडरों को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकेगा, जिससे अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ प्राप्त होगा। महाप्रबंधक ने बताया कि,पीएनज से जुड़ने के साथ होटल को निरंतर एवं निर्बाध गैस आपूर्ति, उच्च स्तरीय सुरक्षा, परिचालन लागत में कमी तथा पर्यावरण-अनुकूल ईंधन जैसे अनेक लाभ प्राप्त होंगे। साथ ही,एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण, परिवहन तथा उनसे जुड़े जोखिमों और असुविधाओं से मुक्ति मिलेगी।

जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र में मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीन डंडे भी बरामद किए गए हैं। बताया जाता है कि गांव की एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बीते दिनों गांव के कुछ लोग उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए घर का टीनशेड तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला, उसके पुत्र, बहू और नातिन के साथ मारपीट की। घटना में महिला के पुत्र अनिल सिंह को गंभीर चोटें आई थीं। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने बाबूलाल पुत्र जगदीश यादव, सोनू पुत्र बाबूलाल तथा लवकुश पुत्र चन्दू यादव को बाबामठ गांव के मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए तीन डंडे भी बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एआरटीओ एवं यातायात प्रभारी ने प्रेशर हॉर्न हूटर के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर के निर्देशानुसार एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार के द्वारा नगर में मोडिफाइड साइलेन्सर एवं प्रेशर हार्न/हूटर के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत 03 बुलेट मोटर साइकिलों को मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया तथा इन वाहनों पर रू0 48 हजार का जुर्माना लगाया गया।

मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर सम्बन्धित व्यक्ति तीन माह की अवधि के लिये ड्राइविंग लाइसेन्स धारण करने के लिये निरहित हो जायेगा। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर/ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण लगे पाये जाते हैं तथा जिनका चालान किया गया है, उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण-पत्र की निलम्बन की कार्यवाही की जा रही है।

परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के द्वारा मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर लगाने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। विशेष अभियान चलाकर प्रेशर हार्न अथवा हूटर हटवाते हुये वाहनों को जब्त किया जायेगा, जो मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे हैं। मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे वाहनों के सम्बन्ध में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नम्बर पर भी शिकायत की जा सकती है तथा प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लिया जायेगा। परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के निर्देशानुसार आज दिनांक 08-05-2026 को एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव के द्वारा एआरटीओ कार्यालय फर्रूखाबाद में वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों को निर्देशित किया गया कि वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर की स्थापना करने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप के संचालक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत रू0 एक लाख जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस पर समीक्षा बैठक संपन्न हुई

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण एवं उनकी गुणवत्ता की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, शिकायतकर्ताओं से संवाद, साक्ष्यों के अपलोड तथा फीडबैक की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सक्षम अधिकारी स्वयं निस्तारण आख्या का परीक्षण कर उसे पोर्टल पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक निस्तारण आख्या के साथ साक्ष्य अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं, जिनमें शिकायतकर्ता से वार्ता, स्थलीय निरीक्षण की रिपोर्ट, तथा शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में दो पड़ोसियों के बयान सम्मिलित हों।

यादगार बन गई आखिरी फोटो: तालाब में नहाते समय युवक डूबा, तलाश जारी

अवधनामा संवाददाता

महोबा। शहर से करीब पांच किमी. दूर दिसरापुर गांव में बने तालाब में नहाने गए युवक की गहरे पानी में डूब जाने से लापता हो गया। तालाब में नहाने से पूर्व उसने अपने भांजे को मोबाइल देकर फोटो खिचवाई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम के साथ पानी में डूबे युवक की तालाब में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। टीम युवक की तलाश करने में जुटी हुई है, वहीं परिजन व ग्रामीण तालाब किनारे मायूस बैठे रहे।

यूपी एमपी सरहद के जिला छतरपुर के झिझन गांव निवासी राममिलन (23) अपनी फुफेरी बहन के घर आयोजित भागवत कथा में शामिल होने सदर कोतवाली के दिसरापुर गांव आया था। राममिलन अपने भांजे सत्यम और आठ अन्य साथियों के साथ केंद्रीय विद्यालय के समीप बने तालाब में नहाने गया। तालाब में उतरने से पहले उसने अपने भांजे से अपनी एक तस्वीर भी खिंचवाई, लेकिन उसे क्या पता था खिचवाई गई यह फोटो उसकी जिंदगी की आखिरी फोटो होगी। भांजे सत्यम के ने बताया कि सभी दोस्त एक साथ नहा रहे थे और मामा एक बार तालाब में नहाकर वापस आ गए थे और अन्य साथी किनारे पर बैठकर शैंपू और साबुन लगा रहे थे, तभी मामा ने अचानक दोबारा पानी में छलांग लगा दी। सत्यम ने उसे आवाज दी, जिस पर उसने दो मिनट में आने की बात कही और तैरते हुए आगे की ओ चले गए लेकिन इसके बाद वह पानी की सतह पर दोबारा नजर नहीं आया। कुछ देर बाद नहा रहे साथियों ने काफी तलाश की, लेकिन राममिलन का कोई सुराग नहीं लगा।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सर्वाधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त की तथा पिछले वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए सभी ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ कराई जाए तथा जहां कहीं भी निर्माण कार्य संचालित हो रहा हो वहां सुरक्षित मार्ग डाइवर्जन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रमुख मार्गों पर साइनेज सही एवं स्पष्ट रूप से लगाए जाएं तथा अवैध कटों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी विभाग समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में आरटीओ विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएच) एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ समन्वय स्थापित कर प्रवर्तन कार्य बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक माह सड़क दुर्घटनाओं की सूची प्रस्तुत करने तथा दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी रोकथाम उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने ओडीआर एवं एमडीआर सड़कों की पटरियों को दुरुस्त कराने, उन्हें साफ-सुथरा रखने तथा बारिश से पूर्व झाड़ियों की कटाई-छंटाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेड़ों की सड़क पर झुकी हुई टहनियों की समय से कटाई कराने पर भी विशेष बल दिया, ताकि आवागमन सुरक्षित एवं सुगम बना रहे।बैठक में एसपी यातायात अयोध्या प्रताप सिंह, एनएच, पीडब्ल्यूडी, बीएसए सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ब्लाक मवई के दो गांव में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

अयोध्या। विकास खंड मवई के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेर व कसारी गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।ग्राम तेर में ग्राम पंचायत अधिकारी आदेश चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण किया।ग्राम पंचायत अधिकारी आदेश चौधरी ने बताया कि ग्राम चौपाल में एक समस्या आवास को लेकर थी तथा दूसरी समस्या पेंशन के सम्बन्ध में थी।दोनों समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसके अलावा ग्राम पंचायत अधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को जनगणना के सम्बन्ध में स्वगणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।इसी प्रकार ग्राम कसारी में भी ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।ग्राम विकास अधिकारी नुसरत फातिमा ने बताया कि ग्राम चौपाल में कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं।

कर्मठ व्यक्ति को बूथ का दायित्व सौंपा जाए : विधायक

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) ग्राम मडना में पंचायत भवन पर बूथ सत्यापन की बैठक का आयोजन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बूथ की जिम्मेदारी कर्मठ ईमानदार व प्रभावशाली व्यक्ति को सौंपा जाए जिससे बूथ प्रभारी अपने व्यवहार एवं कृतित्व से लोगों को प्रभावित कर भाजपा के पक्ष में खड़ा कर सके और लोगों को भरोसा दिलाये कि भाजपा सरकार सदैव आप लोगों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है एवं करेगी विशिष्ट अतिथि गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दें जिससे हर व्यक्ति इसका लाभ ले अगर कोई विशेष परेशानी आती है तो माननीय विधायक जी को सीधे अवगत कराये जिससे समस्या का समाधान शीघ्र हो सके।

संगठन के संस्कारों से सशक्त होंगे कार्यकर्ता, 11 सत्रों में सीखेंगे सांगठनिक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से अधिक सशक्त और दक्ष बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। 10 एवं 11 मई को उदासीन आश्रम, रानोपाली में दो दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक कौशल और जनसेवा की भावना को और मजबूत किया जाएगा। वहीं महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण मॉडल कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित और समाज सेवा के प्रति समर्पित बनाता है। ऐसे शिविर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।महानगर मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को 11 सत्रों के माध्यम से भाजपा का इतिहास, कार्यकर्ता विकास, संगठन की कार्यपद्धति, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया, विचार परिवार, बूथ प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान तथा सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर 112 छह गाड़ियों को किया रवाना

बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता) आम जनता को पुलिस की त्वरित सहायता तथा कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा डायल 112 की छह नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सुश्री शर्मा ने कहा कि नई गाड़ियों के शामिल होने से आपातकालीन स्थिति में पुलिस की प्रतिक्रिया और तेज होगी तथा आम जनता को त्वरित सहायता मिल सकेगी । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया , अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

कोर्ट ने चार लोगों को सुनाई 10 साल की सजा,लगाया अर्थ दंड

बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता) लगभग ग्यारह साल पुराने मुकदमे में न्यायालय द्वारा चार लोगों को मामले का दोषी पाते हुए दस साल की सज़ा सहित अर्थ दंड से दंडित किया गया है। दरअसल थाना बिल्सी पर वर्ष 2015 में चार लोगों के विरुद्ध दर्ज किए गए इस मुकदमे में पुलिस की ओर से नामजदों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। तभी से न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी। इस सुनवाई के दौरान शुक्रवार को न्यायालय द्वारा मामले में नामजद रामकिशन पुत्र मिठईलाल, अशोक पुत्र रामचन्द्र,शिवकुमार पुत्र रामचन्द्र तथा श्रीकृष्ण पुत्र रामचन्द्र को मामले का दोषी पाते हुए 10 वर्ष के साधारण कारावास तथा प्रत्येक को 25,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। यह मामला प्रदेश की पुलिस मुखिया के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत,पुलिस की विशेष निगरानी में था। इस कारण पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त रूप से पैरवी की गई थी।

लाइसेंस हस्तांतरण को लेकर व्यापारी ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, खाद्य विभाग में मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में तैनात सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह पर एक व्यापारी द्वारा भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। व्यापारी ने लाइसेंस के नाम पर अवैध वसूली और विरोध करने पर लाइसेंस दूसरे के नाम हस्तांतरित किए जाने का आरोप लगाते हुए आयुक्त से शिकायत की है।पीड़ित व्यापारी सैयद सदरुद्दीन का आरोप है कि वर्ष 2023 से विभागीय प्रक्रिया के नाम पर उनसे लगातार एक लाख रुपये की मांग की जाती रही। उनका कहना है कि फरवरी 2026 में उन्हें 'अल नूर फ्रेश फूड' का लाइसेंस जारी किया गया, लेकिन कुछ समय बाद उनकी आईडी और पासवर्ड बदलकर वही लाइसेंस किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया गया। व्यापारी का आरोप है कि जब उन्होंने विभागीय कार्यालय पहुंचकर जानकारी ली तो नया लाइसेंस बनाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की गई। प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होंने मामले की लिखित शिकायत आयुक्त कार्यालय में दर्ज कराई है।वहीं, इन आरोपों पर सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह ने विभागीय अभिलेखों और दस्तावेजों के आधार पर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता पूर्व में पार्टनरशिप में कार्य कर रहा था और संबंधित पक्षों के बीच पहले से वित्तीय लेनदेन व समझौते की स्थिति रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का हवाला देते हुए कहा कि विभाग भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है।मानिक चंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि पार्टनरशिप वाले मामलों में नियम अलग होते हैं और किसी एक पक्ष के विवाद के आधार पर दूसरे पार्टनर के अधिकार समाप्त नहीं किए जा सकते। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई नियमानुसार और निष्पक्ष तरीके से की गई है।उन्होंने यह भी बताया कि जब आयुक्त कार्यालय में पक्ष रखने का अवसर दिया गया, तब विभाग की ओर से सभी साक्ष्यों के साथ उपस्थित हुआ गया, लेकिन शिकायतकर्ता अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित नहीं हुआ।

सपा नेता का भतीजा पहुंचा जेल, त्रिलोकपुर में जश्न

घर परिवार का संरक्षण पड़ा भारी युवक बना बिगड़ैल

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। मसौली थाना क्षेत्र के तिलोकपुर में बहू-बेटियों से छेड़खानी और दबंगई का आरोप झेल रहे युवक पर आखिरकार कानून का शिकंजा कस गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी मो. फैसल पुत्र मो. आजवर अयाज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद गांव में राहत और संतोष का माहौल है। लोग इसे ÷देर से मिला लेकिन सही न्याय÷ बता रहे हैं। पीड़ित आकाश गुप्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि आरोपी लंबे समय से उसकी बहनों के साथ अभद्रता कर रहा था और उसकी गैरमौजूदगी में घर में घुसकर दबाव बनाता था। आरोप यह भी था कि वह धर्म परिवर्तन कर शादी के लिए मजबूर करता था और विरोध करने पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देता था। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी एक स्थानीय राजनीतिक परिवार से जुड़ा है और उसे लंबे समय से संरक्षण मिलता रहा, जिससे उसका हौसला बढ़ा हुआ था। इसी के चलते वह खुलेआम दबंगई कर रहा था और परिवार को डराने-धमकाने में लगा था।

हालांकि, इस बार मामला पुलिस तक पहुंचते ही कार्रवाई हुई और आरोपी को जेल भेज दिया गया। गांव के लोगों का कहना है कि बहू-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्ती ही जरूरी है। इस कार्रवाई से जहां पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है, वहीं इलाके में एक कड़ा संदेश भी गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं।

कराटे एसोसिएशन पदाधिकारियों ने डीएम से की शिष्टाचार भेंट

अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से कराटे एसोसिएशन ऑफ अयोध्या के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जिला अध्यक्ष नीरज कुमार, शिव कुमार पटेल तथा किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव अंजनी कुमार मौर्य मौजूद रहे।मुलाकात के दौरान पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सरदार वल्लभभाई पटेल की तस्वीर युक्त स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, युवा प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में खेल एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, नए भवन निर्माण प्रस्ताव को जल्द दिलाई जाएगी मंजूरी

अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता) जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर, वार्डों, ओपीडी व्यवस्था तथा पेयजल सुविधाओं की स्थिति देखी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि नए जिला चिकित्सालय के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और इसकी स्वीकृति के लिए प्रभावी पैरवी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित भूमि का जल्द निरीक्षण कर निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि जनपदवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।डीएम ने बताया कि वर्तमान जिला अस्पताल भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका है।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने पत्नी व ससुराल पर लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की 6 वर्ष पूर्व मे लव मेरीज़ हुई थी, परिजनों ने पत्नी व ससुराल पर लगाया गंभीर आरोप। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया और जाँच मे जुट गई। मामला कुर्सी थाना क्षेत्र के बसारा गांव में एक युवक का शव उसके ही कमरे में पंखे से लटकता मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां ने बहू और उसके मायके पक्ष पर हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कुर्सी थाना क्षेत्र के बसारा गांव निवासी मोहित (30) की शादी करीब छह वर्ष पूर्व सीतापुर जिले के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव निवासी निशा से हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद उनके यहां एक पुत्र कार्तिकेय का जन्म हुआ, जिसकी उम्र करीब चार वर्ष बताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक बुधवार शाम किसी बात को लेकर मोहित और उसकी पत्नी निशा के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के बाद निशा ने अपने मायके पक्ष के लोगों को घर बुला लिया। मृतक की मां ज्ञानवती का आरोप है कि रात में बहू और उसके मायके वालों ने मिलकर मोहित की गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में शव को कमरे में पंखे से लटका दिया, ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे।

मृतक की ऊपर परिवार की थी ज़िम्मेदारी

मृतक मोहित दो बहनों के बीच परिवार का इकलौता बेटा था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी, जिसके बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी मोहित के कंधों पर थी। वृद्ध मां का कहना है कि पति के निधन के बाद अब वही उनके बुढ़ापे का एकमात्र सहारा था। बेटे की मौत के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया है। गांव में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोग इसे सामान्य आत्महत्या मानने के बजाय संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत बता रहे हैं।

चोरी की बाइक व ट्रेक्टर ट्राली समेत दो शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता) देवा क्षेत्र मे पुलिस ने दो शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक ट्रेक्टर ट्राली बरामद किया। जानकारी की मुताबिक देवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशकान्त सिंह, उपनिरीक्षक सतीश कुमार सिंह एवं हेड कांस्टेबल सर्वेश यादव, गौतम सिंह की साथ इलाके मे अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे तभी सूचना मिली की दो व्यक्ति चोरी की वाहन बेचने कज फिराक मे लगे हुवे है, जिसके बाद टीम ग्राम सिपहिया चिनहट रोड के पास से शातिर चोर विपिन कुमार यादव पुत्र गौरी शंकर निवासी रामपुर थाना देवा और आलोक सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी रामपुर थाना परसपुर जनपद गोन्डा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का एक अदद लोहे की बड़ी ट्राली व घटना में प्रयुक्त एक अदद ट्रैक्टर, एक अदद मोटरसाइकिल यूपी 43 वी 1075 बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत रसूलपुर से एक लोहे की ट्राली चोरी किया था।

पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल,अवैध असलहा बरामद

बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता) थाना अलापुर पुलिस द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।इनमें से पुलिस को एक के पास से अवैध असलहा बरामद हुआ है।दूसरा अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत की गई है। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को अभियुक्त आकिब पुत्र मोहम्मद जान नि0 ग्राम-उरौलिया थाना अलापुर को अवैध तमंचा तथा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरे अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत मुअसं 88/26 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त मुकर्रम पुत्र नन्हे निवासी ग्राम मसूदपुरा थाना उसहैत को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस गिरफ्त में आए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व से ही कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के नाम से संचालित एक सोशल मीडिया प्रोफाइल पर की गई पोस्ट को लेकर प्रदेश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। पोस्ट में किए गए कटाक्ष को लेकर राजनीतिक माहौल गर्मा गया है और इसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से किया गया हमला बताया जा रहा है। पोस्ट वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नाराजगी बढ़ गई है। कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए, वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी समर्थकों ने मोर्चा खोल दिया है। दोनों दलों के कार्यकर्ता लगातार एक-दूसरे पर टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं, जिससे राजनीतिक बयानबाजी और तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि विवादित पोस्ट में राजनीतिक शैली और आत्मसम्मान को लेकर तीखा कटाक्ष किया गया था। इसके बाद भाजपा समर्थकों ने इसे प्रदेश अध्यक्ष का अपमान बताते हुए विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया। कई जगहों पर नारेबाजी और पुतला दहन जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। वहीं समाजवादी पार्टी समर्थक इसे राजनीतिक प्रतिक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा बता रहे हैं। हालांकि अब तक पार्टी की ओर से इस मामले में कोई विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सोशल मीडिया पर शुरू हुआ यह विवाद अब जमीनी राजनीति तक पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में दोनों दलों के बीच बयानबाजी और तेज हो सकती है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम को लेकर जिले सहित प्रदेश की राजनीतिक हलचल बढ़ी हुई है।

प्रयोगात्मक परीक्षाओं का चिंतन करें विद्यार्थी : राजू भैया

ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों की सफलता अनुकरणीय है। ऐसे में विद्यार्थी शिक्षा के साथ संस्कार दीक्षा को आत्मसात कर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आगे बढ़े।उक्त बात सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने आज ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के प्रतिभावान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कही। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। राजू भैया ने कहा कि ग्राम्यांचल परिवार के संस्थापक पूर्व विधायक स्व पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू भैया जी एवं स्वर्गीय श्रीमती प्रेमा अवस्थी आज जहां कहीं भी होंगे। विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें अपार प्रसन्नता हुई होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अंको की जाल में न उलझ कर प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बारे में चिंतन करें। राजू भैया ने कहा कि एक संकल्प यह भी ले कि हमें वर्तमान के चार-पांच वर्षों तक जमकर मेहनत कर पूरा जीवन उत्कृष्ट बनाकर आनंद में जीना है। राजू भैया ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों तथा शिक्षकाओं सभी को शुभकामनाएं दी। पूर्व सभासद सरवर सिद्दीकी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता स्वागत योग्य है। पूरा विद्यालय परिवार इस सफलता के लिए बधाई का पात्र है। इस दौरान संस्था अध्यक्ष शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि स्थानीय छात्र छात्राओं को शिक्षा एवं संस्कारों से शिक्षित करके उन्हें देश का जिम्मेदार नागरिक बनाया जाए। इस मौके पर प्रबंधक शिवकुमार चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा के स्तर को दुरुस्त रखने के लिए विद्यालय परिवार प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता व शिक्षकों की अगुवाई में नित नए नियमों का पालन करता है।

साप्ताहिक परेड आयोजित, एसपी ने किया निरक्षण

बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता) पुलिस लाइन परेड ग्राउंड मे साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने परेड की सलामी ली गई एवं पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी, परेड और टोलीवार ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों का टर्न-आउट चेक किया गया और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी-112 पीआरवी का निरीक्षण किया गया, वाहनों में मानक के अनुसार समस्त आपातकालीन उपकरण क्रियाशील रखने और वाहनों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये।

आठ वर्षों से फरार चल रहे इनामी दंपत्ति गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के मामले में पिछले 8 वर्षों से फरार चल रहे 25-25 हजार रुपये के दो इनामिया अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दंपत्ति की पहचान दिनेश गिरी और उसकी पत्नी विमला गिरी निवासी कपिलवस्तु, नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ एवं क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता विमला गिरी को सूर्यमानपुर कांछा चौराहा तथा अभियुक्त दिनेश गिरी को लेदवा चौराहा थाना बृजमनगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2019 में संपत्ति के लालच में दोनों अभियुक्तों ने अपने ही भाई घनश्याम गिरी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में थाना बृजमनगंज में हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुल्हा सुमाली में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

चौपाल कार्यक्रम में इस दौरान जिलाधिकारी नेग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज सश्क्त सीमाएं भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके अन्तर्गत योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। बार्डर के गांवों में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़के, व अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। आप सभी लोग मिलकर सहयोग करें। भारत नेपाल सीमा पर खुला बार्डर क्षेत्र है। बार्डर के गांवों के ग्रामवासियों को जागरूक रहने की आवश्यकता है जिससे तस्करी को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये।

शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराकर बिजली बिल में छूट का लाभ प्राप्त करें। बिजली विभाग की एक मुश्त समाधान योजना चल रही है आप लोग इसका लाभ उठाये। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए।

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में गोण्डा पुलिस प्रदेश में अव्वल

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में गोण्डा पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माह अप्रैल 2026 में आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के आधार पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी रैंकिंग में गोण्डा पुलिस को पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने इस उपलब्धि पर जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों के कार्यो की सराहना करते हुए भविष्य में भी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिमाह की जाती है। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के आधार पर सभी जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। शासन द्वारा समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से ऑनलाइन शिकायत पोर्टल की व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें शिकायत के निस्तारण की समय सीमा निर्धारित होती है।

क्षेत्राधिकारी ने किया कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण, पुलिस बल सहित किया क्षेत्र भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी द्वारा थाना कोतवाली पर नियुक्त सभी कर्मचारियों की गणना लिया गया। इसके उपरांत साइबर हेल्प डेस्क व मिशन शक्ति केंद्र कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया7 थाना परिसर में आये हुए पीड़ितों से वार्ता कर मौके पर उनकी समस्या सुनकर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मेस, मालखाना, सी0सी0टी0एन0एस0 कार्यालय, बेरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व परिसर की साफ-सफाई एवं अभिलेखां के उचित रख-रखाव हेत संबंधित को आवश्यकता दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही थाना कोतवाली के समस्त चौकी प्रभारीगण एवं हल्का प्रभारीगण के साथ मीटिंग कर उन्हें यथाशीघ्र लंबित विवेचनाओं को पूर्ण कर अपराधियां पर अंकुश लगाने हेतु समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। महिला संबंधी अपराध व साइबर सम्बन्धी शिकायतों पर नियमानुसार तत्काल प्रभावी विधिक कार्यवाही करने पीड़ितों के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार कर उनकी समस्या निस्तारित करने और उचित विधिक सहायता करने के लिए बताया गया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकार सदर ने थाने पर नवागत/रिक्रूट आरक्षियों को ड्यूटी के प्रति सजग रहने, कानून-व्यवस्था संबंधी कार्यो में सक्रिय सहभागिता एवं थाने से संबंधित उनके दायित्वों से उन्हें अवगत कराया । साथ ही जनता से शिष्ट व्यवहार रखने एवं जनता व पुलिस के बीच सही सामंजस्य बनाए रखने तथा अनुशासन बनाए रखते हुए लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

इसके उपरांत क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त/भ्रमण किया एवं अतिक्रमण तथा शराब की दुकानों पर सीसीटीवी चेक किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट सवार, आदि को चेक करके अनियमितता पाए जाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की गई एवं अतिक्रमण हटाते हुए दुकानदारों को अतिक्रमण न करने हेतु सख्त हिदायत दिया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने किराना की दुकान पर की छापेमारी अनिक घी का लिया सैंपल

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। नगर पालिका क्षेत्र जलालपुर में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक किराना दुकान पर छापेमारी किए जाने से व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिली। कार्रवाई के दौरान फूड इंस्पेक्टर और नायब तहसीलदार द्वारा दुकान से घी का नमूना जांच के लिए लिया गया, जिसका व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विरोध किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फूड इंस्पेक्टर ओमप्रकाश एवं नायब तहसीलदार अमरनाथ द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने पकड़ियातर क्षेत्र स्थित चिरंजीव लाल घनश्याम दास गुप्ता किराना स्टोर पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की जांच की। यह दुकान उर्दू बाजार से पहले मां दुर्गा मंदिर के निकट स्थित बताई जा रही है। जांच के दौरान टीम द्वारा अनिक ब्रांड घी का सैंपल लिया गया। इसी बीच व्यापार मंडल के पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा तथा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आनंद जायसवाल मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध जताया। व्यापारियों का कहना था कि इस प्रकार की कार्रवाई के लिए भारी पुलिस बल के साथ पहुंचना व्यापारियों में भय का माहौल पैदा करता है। विरोध के दौरान व्यापारियों ने फूड इंस्पेक्टर से सवाल किया कि आखिर इतनी पुलिस फोर्स की क्या आवश्यकता थी। इस पर फूड इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ने कहा कि पुलिस बल के साथ आना उचित नहीं था और यह थोड़ी गलती हो गई। उन्होंने कहा कि विभाग सामान्य रूप से भी कार्रवाई कर सकता था। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए घी का नमूना लिया गया है, जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की सूचना फैलते ही आसपास के व्यापारियों में हलचल मच गई और मौके पर लोग एकत्र हो गए। कुछ समय तक मौके पर बहस और विरोध की स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को शांत कराया। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि जांच अभियान पारदर्शी तरीके से चलाया जाए।

विकास खण्ड इटवा के ग्राम भदोखर में गंदगी का अंबार

अवधनामा संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड इटवा अंतर्गत ग्राम भदोखर में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह बदहाल नजर आ रही है। गांव में प्रवेश करते ही चारों ओर फैली गंदगी, टूटी-फूटी और बजबजाती नालियां स्वच्छ भारत मिशन के दावों की पोल खोलती दिखाई देती हैं। हालात ऐसे हैं कि गांव में सफाई व्यवस्था सिर्फ नारों और सरकारी कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

गांव की गलियों और सड़कों पर फैले कीचड़ व गंदे पानी के कारण ग्रामीणों का चलना-फिरना तक दूभर हो गया है। जगह-जगह जलभराव और गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम पंचायत इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सरकार द्वारा गांवों को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन भदोखर में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। 'प्रधान ने ठाना है, गांव को स्वच्छ बनाना है' जैसे स्लोगन केवल दीवारों तक सीमित दिखाई दे रहे हैं।

एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत 250 व्यक्तियों को दिया जाना है प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व्यक्ति 31 मई तक कर सकते हैं आवेदन

सिद्धार्थनगर। एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में कालानमक कार्य हेतु प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनार्न्तगत जनपद सिद्धार्थनगर में कुल 250 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिलाया जाना है। योजनान्तर्गत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र होगें जो जनपद के मूल निवासी एवं शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नही है। विभागीय पोर्टल diupmsme.upsdc.gov.in पर आवेदक लॉगिन करते हुए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र 31 मई तक सांय 5 बजे तक स्वीकार किये जायेगें।

एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में वित्तपोषण सहायता योजनान्तर्गत भौतिक लक्ष्य 40 एवं वित्तीय लक्ष्य रू0 161 लाख का आवण्टन शासन द्वारा किया गया है। जनपद सिद्धार्थनगर हेतु चयनित उत्पाद काला नमक चावल है, जिसमें राईसमिल इकाईयों की स्थापना तथा इसके चावल उत्पाद के व्यवसाय करने हेतु बैंक के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है। योजनान्तर्गत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके व्यक्ति आवेदन के पात्र होंगे जो जनपद सिद्धार्थनगर के मूल निवासी हो एवं शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नही है। सब्सिडीयुक्त इस योजना में 25 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जाता है, आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित है। है। निवेश मित्र पोर्टल msme.up.gov.in /diupmsme.upsdc.gov.in पर आवेदक लॉगिन करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में शासन द्वारा लक्ष्य प्राप्त हो गया है। योजनान्तर्गत उद्योग एव सेवा क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु 18 से 40 वर्ष तक के व्यक्ति आवेदन करने हेतु पात्र होंगे जो जनपद सिद्धार्थनगर के मूल निवासी एवं शैक्षिक योग्यता न्यूनतम हाईस्कूल पास हो। सब्सिडीयुक्त इस योजना में 25 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जाता है। योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित है। विभागीय पोर्टल msme.up.gov.in पर आवेदक लॉगिन करते हुए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिद्धार्थनगर में किसी भी कार्यदिवस पर पूर्वान्ह 10:00 बजे से सॉयकाल 5:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

जलालपुर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अंबेडकरनगर। जलालपुर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक, बूथ को बताया जीत की कुंजी भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल जलालपुर की शक्ति केंद्रवार संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें पार्टी की रणनीति का केंद्र बूथ स्तर को मजबूत बनाने पर रहा। बैठक नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर प्रवासी रमाशंकर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं से ही बनती है। उन्होंने कहा, 'हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा संगठन है, लेकिन चुनावी जीत की मजबूत नींव बूथ से ही तैयार होती है। 'बैठक का संचालन नगर महामंत्री आनंद मिश्र और कृष्ण गोपाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, सुरेश गुप्त, मानिकचंद सोनी, मीसम रज़ा, मीडिया प्रभारी विकास निषाद, नगर उपाध्यक्ष सीतल सोनी, दीपचंद सोनी, गिरीश जायसवाल, सोनू गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, गोपाल सोनकर, विनय मिश्र, मनीष सोनी, दीपक गोयल, शिवनाथ त्रिपाठी, विक्की गौतम और राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आबकारी टीम की कार्रवाई 65 लीटर शराब बरामद, 250 किग्रा लहन नष्ट

बांसी सिद्धार्थनगर। शासन के निर्देशानुसार और आबकारी आयुक्त महोदय के आदेश पर चलाए जा रहे 'विशेष प्रवर्तन अभियान' के तहत आज जनपद सिद्धार्थनगर में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।

संयुक्त आबकारी आयुक्त (गोरखपुर जोन), उपआबकारी आयुक्त (बस्ती प्रभार) एवं जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीमों ने जनपद के विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी।आबकारी निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के ओदनवाताल, मंझरिया, बंधवाताल, झुंगहवा एवं मिश्रौलिया आदि क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। तलाशी के दौरान मौके से लगभग 250 किलोग्राम महुआ लहन बरामद हुआ, जिसे टीम द्वारा तत्काल मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

डायग्नोस्टिक सेन्टर पैथोलॉजी सेन्टर की जाँच के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में जिम्मेदारों पर गिरी गाज

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के स्वास्थ्य विभाग में इन दिनों कथित अवैध धन वसूली को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के अधीक्षकों को डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी एवं क्लीनिकों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरोप है कि इसी जांच प्रक्रिया की आड़ में कुछ स्थानों पर अधीक्षक, बीपीएम एवं अन्य संबंधित कर्मियों द्वारा संचालकों को डराकर और दबाव बनाकर अवैध धन वसूली की जा रही है।

सूत्रों का दावा है कि जांच टीमों द्वारा कार्रवाई का भय दिखाकर निजी संस्थानों से मोटी रकम मांगे जाने की चर्चाएं क्षेत्र में तेजी से फैल रही हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संचालकों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है। मामले को लेकर मीडिया भी सक्रिय हो गई है और पूरे प्रकरण की गहन पड़ताल में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि कुछ अधीक्षकों एवं बीपीएम से जुड़े कथित ऑडियो और वीडियो साक्ष्य भी मीडिया के हाथ लगे हैं, जिनकी सत्यता की जांच की जा रही है। मीडिया टीम सबूतों को संकलित करने और तथ्यों की पुष्टि में लगी हुई है। मामले को लेकर मीडिया भी सक्रिय हो गई है और पूरे प्रकरण की गहन पड़ताल में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ अधीक्षकों एवं बीपीएम से जुड़े कथित ऑडियो और वीडियो साक्ष्य भी मीडिया के हाथ लगे हैं, जिनकी सत्यता की जांच की जा रही है। मीडिया टीम सबूतों को संकलित करने और तथ्यों की पुष्टि में लगी हुई है। सूत्रों के अनुसार, यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी सवालों के घेरे में आ सकते हैं। वहीं जनपद में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इन गंभीर आरोपों पर क्या रुख अपनाते हैं और क्या मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाती है या नहीं।

बांसी पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, आमजन को दिलाया सुरक्षा का अहसास

बांसी सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज कोतवाली बांसी पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन पैदल गश्त की गई। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी चिन्हित हॉट-स्पॉट्स, मुख्य चौराहों और घनी आबादी वाली गलियों में भ्रमण किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों से सीधा संवाद स्थापित किया। पुलिस ने लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य आम जनता के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करना और अराजक तत्वों में भय व्याप्त करना है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और उनके त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस दौरान कोतवाली बांसी के अन्य उपनिरीक्षक एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

श्रावस्ती दौरे पर आयुक्त ने जनसुनवाई, बाढ़ तैयारियों और विकास कार्यों की समीक्षा की

गोण्डा। देवीपाटन मंडल की आयुक्त ने श्रावस्ती जनपद के दौरे के दौरान जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को पहले से सक्रिय रखने के निर्देश दिए।आयुक्त ने कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याएं भी सुनीं और लंबित जीपीएफ, पेंशन तथा अन्य देयकों का शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। दौरे के दौरान उन्होंने पर्यटन विकास परियोजनाओं, राजस्व कर्मियों के आवासों तथा निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन, बुद्ध वनम पार्क, डोरमेट्री, पार्किंग एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर सहित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पहुंचकर दर्शन किए तथा टेण्डवा महन्थ में आयोजित 'संध्या संवाद कार्यक्रम' में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई तथा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश प्रो हिमांशु शेखर झां की उपस्थिति में दिव्यांगजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के 130 से अधिक दिव्यांगजनों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं प्रकरण प्रस्तुत किए गए।

मोबाइल कोर्ट में मुख्य रूप से आवास एवं शौचालय से संबंधित 55 प्रकरण, राशन कार्ड एवं गैस सिलेण्डर कनेक्शन से संबंधित 50 प्रकरण, दिव्यांग प्रमाणपत्र से संबंधित 9 प्रकरण, आयुष्मान कार्ड से संबंधित 30 प्रकरण, विद्युत विभाग से संबंधित 6 प्रकरण, रोजगार से संबंधित 6 प्रकरण, राजस्व से संबंधित 1 प्रकरण, रेलवे पास से सम्बन्धित 26 प्रकरण, शिक्षा विभाग से सम्बन्धित 1 प्रकरण, पुलिस विभाग से 1 प्रकरण, मत्स्य विभाग से सम्बन्धित 1 प्रकरण दिव्यांग पेंशन से संबंधित 13 प्रकरण तथा दिव्यांग सहायक उपकरणों से संबंधित 8 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को एक माह की समयावधि निर्धारित करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान 02 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित की गई। मोबाइल कोर्ट में ऐसे 6 दिव्यांग बच्चे भी सम्मिलित हुए, जिनका यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र अभी तक जारी नहीं हो पाया था। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल आदेश प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, रोहिनी यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संदीप मौर्य, बेसिक शिक्षा अधिकारी, शैलेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, साहब यादव, सीडीपीओ, मो अरशद, जिला पूर्ति कार्यालय से पूर्ति निरीक्षक प्रियंका कश्यप एवं माला गुप्ता, दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने हेतु गठित चिकित्सकों की पैनल, एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

चोरी की लकड़ी बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, नगदी व लकड़ी बरामद

गोण्डा। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी से लकड़ी काटकर बेचने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लकड़ी बेचने से प्राप्त 530 रुपये नगद तथा 05 अदद सेमर लकड़ी के बोटे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में गिरजाशंकर , राजेश कुमार तथा हावीर शामिल हैं। पुलिस टीम ने तीनों को लल्ला मंदिर दीनदयालपुरवा, मौजा नरायनपुर मर्दन के पास से गिरफ्तार किया।वादी राजेन्द्र खन्ना पुत्र रामदेव निवासी आज्ञा रामपुरवा, मौजा नरायनपुर मर्दन थाना कोतवाली देहात ने थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 27 मार्च 2026 को विपक्षियों द्वारा चोरी से पेड़ काटकर बेच दिए गए। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0-241/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 05 अदद सेमर लकड़ी के बोटे बरामद किए।

शोहरतगढ़ ब्लॉक के सियाँव नानकार में लगी चौपाल, अधिकारियों ने बताए समाधान

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' अभियान के तहत शोहरतगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सियाँव नानकार में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सचिव कामेश्वर मिश्रा ने की। उन्होंने ग्रामीणों को पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण तथा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (जी-राम-जी) ग्रामीण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही गांव में स्वच्छता बनाए रखने और साफ-सफाई के प्रति लोगों को प्रेरित किया। आरबीआई बैंक प्रतिनिधि संतोष शुक्ला ने बैंकिंग और बीमा सेवाओं की जानकारी देते हुए स्वरोजगार के लिए मशरूम की खेती, अगरबत्ती, मोमबत्ती, अचार और मसाला पाउडर जैसे गृह उद्योगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। महिला विकास संस्थान के ब्लॉक ऑफिसर ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर जागरूक करते हुए ग्रामीणों को इसके खिलाफ शपथ दिलाई।

मानवीय संवेदना से सशक्त होता समाज

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दान की संस्कृति केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह अब वस्तुओं, सेवाओं और सामुदायिक सहयोग के रूप में एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुकी है। विशेषकर 2025-2026 के दौर में 'इन-काइंड डोनेशन' यानी वस्तुओं के रूप में सहायता देने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। कपड़े, भोजन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री अब बड़े पैमाने पर जरूरतमंदों तक पहुंचाई जा रही है। यह न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक है, बल्कि एक संतुलित और सह-अस्तित्व वाले समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश इस मानवीय प्रयास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। संयुक्त राज्य अमरीका लंबे समय से खाद्य, चिकित्सा और आपदा राहत सामग्री का सबसे बड़ा दाता रहा है। भारत, जर्मनी और यूरोपीय संघ भी संकटग्रस्त क्षेत्रों में चिकित्सा सहायता, आश्रय और भोजन उपलब्ध कराने में सक्रिय हैं।

मध्य-पूर्व के कतर और सऊदी अरब, अफ्रीका और एशिया के जरूरतमंद देशों में खाद्य सहायता और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए जाने जाते हैं। जापान, स्वीडन और तुर्की जैसे देश भी अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा मानवीय सहायता में लगाते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक स्तर पर दान एक साझा जिम्मेदारी बन चुका है। भारत में भी यह प्रवृत्ति तेजी से विकसित हो रही है। यहां कई संस्थाएं और सामाजिक पहलें जरूरतमंदों तक सीधे सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। 'नेकी की दीवार' जैसी पहलें समाज में सहयोग और साझा करने की भावना को सशक्त बनाती हैं। इसका सरल संदेश, 'आपके पास अतिरिक्त है तो छोड़ जाएं, जरूरत है तो ले जाएं', समाज के हर वर्ग को जोडने का कार्य करता है। इसी प्रकार, भारत विकास परिषद जैसी संस्था कई प्रकार के समाजोपयोगी कार्यक्रमों द्वारा सीधे जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा रही है, तो गूंज जैसी संस्थाएं पुराने कपड़ों को उपयोगी बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करती हैं। उदय फाउंडेशन, क्लोथ्स बॉक्स फाउंडेशन और अन्य संगठन भोजन, कपड़े और दवाइयों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई संस्थाएं इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। साल्वेशन आर्मी, गुडविल और हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी जैसी संस्थाएं न केवल वस्तुएं एकत्र करती हैं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक व्यवस्थित तरीके से पहुंचाती भी हैं। वहीं, 'थ्रेड टुगेदर' और यूनिक्लो जैसी पहलें नए लेकिन अनसोल्ड कपड़ों को बेकार होने से बचाकर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराती हैं। दान की इस बदलती संस्कृति में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। 'फ्रीसाइकिल' और 'बाय नथिंग' जैसे ऑनलाइन समूहों के माध्यम से लोग अपने अप्रयुक्त सामान को दूसरों के साथ साझा कर रहे हैं। फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'फ्री स्टफ' समूहों की लोकप्रियता बढ़ रही है, जहां बिना किसी आर्थिक लेन-देन के वस्तुओं का आदान-प्रदान किया जाता है। फ्रांस जैसे देशों में 'सॉलिडेरिटी फ्रिज' की पहल भी सराहनीय है, जहां लोग अतिरिक्त भोजन खुले फ्रिज में रख देते हैं, जिसे जरूरतमंद लोग ले सकते हैं। भारत में परोपकार की परंपरा को आगे बढ़ाने में व्यक्तिगत दानवीरों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, एचसीएल के संस्थापक शिव नादर देश के सबसे बड़े दानदाता बने हुए हैं, जिन्होंने 2025 में हजारों करोड़ रुपए शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए दान किए।

'मैं इस्तीफा नहीं दूंगी': क्या यह ब्यान संवैधानिक है या लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अतिक्रमण?

डॉ. मनमोहन प्रकाश

भारतीय लोकतंत्र में राजनेताओं द्वारा दिये गये ब्यान केवल शब्द या अभिव्यक्ति नहीं होते, वे व्यवस्था की दिशा भी तय करते हैं और राजनेताओं का आचरण। जब माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसा वरिष्ठ नेतृत्व विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी और स्वयं के हार के बाद यह वक्तव्य देता है कि 'मैं इस्तीफा नहीं दूंगी ', तो यह एक साधारण राजनीतिक वक्तव्य नहीं रह जाता, बल्कि संवैधानिकता, नैतिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं पर गहन बहस का विषय बन जाता है।

भारत का शासन तंत्र संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है और संविधान द्वारा संचालित। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री की वैधता विधानसभा में बहुमत से निर्धारित होती है।यदि किसी दल या गठबंधन के पास बहुमत नहीं है, तो वह सरकार बनाने का नैतिक और संवैधानिक अधिकार खो देता है।ऐसी स्थिति में या तो वैकल्पिक बहुमत सिद्ध किया जाता है या पद छोड़ना पड़ता है।इस दृष्टि से 'बहुमत के बिना इस्तीफा न देने' का कथन या यूं कहें बहुमत वाले दल के लिए सक्ता हस्तांतरण हेतु पद न छोड़ने जैसे वक्तव्य संवैधानिक भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं। भारत में इस तरह का ब्यान शायद अपने आप में पहला है। संविधान केवल प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि संवैधानिक नैतिकता का भी आधार है।डॉ. भीमराव आंबेडकर ने स्पष्ट कहा था कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितनी ईमानदारी से उसका पालन करते हैं।ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है,क्या इस तरह के ब्यान देने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है?क्या यह जनादेश का अपमान नहीं है? ममता दीदी पर मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान महामहिम राष्ट्रपति के प्रदेश आगमन पर उन्हें प्रोटोकॉल के अनुरूप सम्मान न देना, केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सहयोग न करना, जांच में व्यवधान उत्पन्न करना,सघन मतदाता जांच का विरोध करना, चुनाव आयोग के अधिकारियों के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करना, समुदाय विशेष को लाभ पहुंचाना जैसे बहुत सारे आरोप समय-समय पर लगते रहे हैं। इनमें कितने आरोप संवैधानिक रूप से सही है या नहीं यह न्यायलय का तय करना का विषय है।

इस पूरे प्रकरण का सबसे दिलचस्प और चिंताजनक पहलू विपक्षी दलों की ममता दीदी के इस्तीफा न देने वाले ब्यान पर प्रतिक्रिया न आना है।जहाँ एक ओर समय-समय पर कई विपक्षी दल बार-बार यह आरोप लगाते रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में 'संविधान खतरे में है ', वहीं दूसरी ओर ममता दीदी के इस स्पष्ट बयान पर न तो विपक्षी दलों द्वारा अपेक्षित विरोध किया और न ही कोई समझाइश दी गई अपितु 100 सीटों की चोरी के आरोप का समर्थन कर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़े कर दिए,उसकी हिंसा रहित निष्पक्ष चुनाव कराने के श्रम पर पानी फेर दिया।ऐसा मौन समर्थन क्या भारतीय संविधान को खतरे में नहीं डालता? वास्तव में यह विरोधाभास कई सवाल खड़े करता है:क्या संविधान की चिंता केवल राजनीतिक सुविधा का विषय है?क्या संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का पैमाना दलगत आधार पर बदल जाता है?यदि एक ओर 'संविधान खतरे में' का नैरेटिव गढ़ा जाए और दूसरी ओर ऐसे बयानों पर चुप्पी साध ली जाए, तो क्या यह उस नैरेटिव की विश्वसनीयता को कमजोर नहीं करता? लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि सिद्धांतों की निरंतरता का नाम है।जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों के लिए एक मानक और अपने सहयोगियों के लिए दूसरा मानक अपनाते हैं तो इससे लोकतांत्रिक विमर्श का स्तर गिरता है।इस संदर्भ में यह स्पष्ट होता है कि:संविधान की रक्षा का प्रश्न चयनात्मक नहीं हो सकता; लोकतांत्रिक मूल्यों की कसौटी सभी पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। मेरा ऐसा मानना है कि पश्चिम बंगाल की राजनीति से उठा यह मुद्दा राष्ट्रीय बहस का विषय बन चुका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणामों पर सवाल उठाना और राजनीतिक टकराव को तीखा बनाना हो या भाजपा द्वारा आक्रामक राजनीतिक प्रतिक्रिया-दोनों पक्षों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में विपक्ष और सत्ता दोनों की जिम्मेदारी होती है कि वे जनता को शांति और संयम का संदेश दें। दुर्भाग्य से हमारे राजनीतिक दल अक्सर कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नियंत्रित करने के बजाय उन्हें उकसाने का काम करते हैं। परिणामस्वरूप हिंसा सामान्य राजनीतिक व्यवहार का हिस्सा बनती जा रही है।

बंगाल की हिंसा है लोकतंत्र पर धब्बा और बड़ी चुनौती

पश्चिम बंगाल में हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनावों के बाद जिस प्रकार हिंसा, हत्याओं, आगजनी और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने केवल राज्य की शांति को ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को भी आहत किया है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव माना जाता है, किंतु जब यह उत्सव हिंसा, भय और प्रतिशोध में बदल जाए तो यह केवल राजनीतिक असफलता नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का संकेत बन जाता है। बंगाल की ताजा हिंसक घटनाएं इसी चिंता को सामने लाती हैं। चुनाव के दौरान छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो मतदान अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ था। लेकिन परिणामों की घोषणा के बाद जिस प्रकार राजनीतिक दलों के समर्थक एक-दूसरे के खिलाफ आक्रामक हुए, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अब वैचारिक संघर्ष न रहकर प्रतिशोध और वर्चस्व की लड़ाई बनती जा रही है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें, कई लोगों की हत्याएं और विशेष रूप से सुवेंदु अधिकारी के करीबी चंद्रनाथ रथ की हत्या ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक गंभीर बना दिया। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह क्यों बची रहनी चाहिए?

ललित गर्ग

यह विडंबना है कि भारत, जिसने विश्व को अहिंसा, करुणा और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का मंत्र दिया, आज वही देश राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी छवि धूमिल करता दिखाई देता है। महात्मा गांधी ने राजनीति को नैतिकता और सेवा से जोड़ा था, लेकिन आज राजनीति सत्ता, प्रतिशोध और भय का माध्यम बनती जा रही है। बंगाल की हिंसा इस बीमारी का एक भयावह उदाहरण है। पश्चिम बंगाल का राजनीतिक इतिहास हिंसा से अछूता नहीं रहा है। वामपंथी शासन के लंबे दौर से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल तक राजनीतिक संघर्ष कई बार रक्तरंजित रूप में सामने आया। बूथ कब्जाने, विरोधियों को डराने, स्थानीय दबंगों और अपराधी तत्वों का राजनीतिक संरक्षण-ये सब बंगाल की राजनीति की कटु वास्तविकताएं रही हैं। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संस्कृति में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आ सका। यही कारण है कि चुनाव परिणामों के बाद भी हिंसा का वातावरण बनता है और आम नागरिक भय तथा असुरक्षा के बीच जीने को मजबूर होता है।

दरअसल जब राजनीति विचार और जनसेवा से हटकर केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम बन जाती है, तब हिंसा उसका स्वाभाविक परिणाम बनती है। हार को लोकतांत्रिक विनम्रता से स्वीकार करने के बजाय प्रतिशोध का माध्यम बना लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। यही कारण है कि चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देशों और विजय जुलूसों पर प्रतिबंध के बावजूद हिंसक घटनाएं हुईं। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों की नैतिक विफलता भी है। ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणामों पर सवाल उठाना और राजनीतिक टकराव को तीखा बनाना हो या भाजपा द्वारा आक्रामक राजनीतिक प्रतिक्रिया-दोनों पक्षों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में विपक्ष और सत्ता दोनों की जिम्मेदारी होती है कि वे जनता को शांति और संयम का संदेश दें। दुर्भाग्य से हमारे राजनीतिक दल अक्सर कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नियंत्रित करने के बजाय उन्हें उकसाने का काम करते हैं। परिणामस्वरूप हिंसा सामान्य राजनीतिक व्यवहार का हिस्सा बनती जा रही है।

सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि राजनीतिक हिंसा की कीमत हमेशा आम जनता को चुकानी पड़ती है। जिन लोगों के घर जलते हैं, जिन परिवारों के सदस्य मारे जाते हैं, जिन छोटे व्यापारियों की दुकानें टूटती हैं, उनका राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं होता। वे केवल उस हिंसक मानसिकता के शिकार बनते हैं जो सत्ता को मानवता से ऊपर मानती है। यह प्रश्न गंभीरता से पूछा जाना चाहिए कि आखिर राजनीतिक दल हिंसा का सहारा क्यों लेते हैं? जबकि इतिहास गवाह है कि हिंसा कभी स्थायी समाधान नहीं देती। हिंसा केवल भय, अविश्वास और प्रतिशोध को जन्म देती है। जो दल हिंसा को हथियार बनाते हैं, वे अंततः जनता की नजरों में अपना नैतिक अधिकार खो देते हैं। राजनीति का उद्देश्य समाज को जोड़ना होना चाहिए, तोड़ना नहीं।

आज भारत एक नए वैश्विक दौर में प्रवेश कर रहा है। दुनिया भारत को एक उभरती आर्थिक शक्ति, तकनीकी महाशक्ति और लोकतांत्रिक मॉडल के रूप में देख रही है। वर्ष 2047 तक जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब हमारा लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं होना चाहिए, बल्कि एक ऐसे सभ्य और नैतिक राष्ट्र का निर्माण भी होना चाहिए जहां राजनीति का आधार अहिंसा, संवाद और संवेदनशीलता हो। यदि राजनीतिक दल नफरत, सांप्रदायिकता और हिंसा को अपना हथियार बनाए रखेंगे, तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सांस्कृतिक चेतना रही है। गौतम बुद्ध ने करुणा का संदेश दिया, महावीर ने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य बताया, गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर साम्राज्य को चुनौती दी। यह वही भारत है जिसने दुनिया को यह सिखाया कि मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति प्रेम और सह-अस्तित्व है। लेकिन आज राजनीतिक स्वार्थों और गैर-राजनीतिक आपराधिक तत्वों के कारण देश की छवि प्रभावित हो रही है। अपराधी मानसिकता के लोग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। वे दल बदलते रहते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य केवल शक्ति और स्वार्थ की पूर्ति होता है। बंगाल की ताजा घटनाओं में भी ऐसे तत्वों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

समाधान केवल प्रशासनिक कठोरता में नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति के परिवर्तन में निहित है। सबसे पहले सभी राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से हिंसा की निंदा करनी चाहिए और अपने कार्यकर्ताओं को संयम बरतने का स्पष्ट संदेश देना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र प्रतिद्वंद्विता का नहीं, सह-अस्तित्व का नाम है। दूसरा, कानून व्यवस्था को लेकर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनानी होगी। किसी भी दल से जुड़े उपद्रवियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखकर संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बढ़ानी होगी। तीसरा, राजनीति के अपराधीकरण पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है। ऐसे लोगों को राजनीतिक दलों में प्रवेश ही न मिले जिनकी पृष्ठभूमि हिंसक और आपराधिक रही हो।

पंजाब का माहौल बिगाड़ने की कोशिशें

हाल के घटनाक्रम और सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई से साफ है कि राज्य को अस्थिर करने की कोशिशें सुनियोजित तरीके से की जा रही हैं। बीते महीनों में कई घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। अप्रैल 2026 में पटियाला-राजपुरा रेल ट्रैक पर कम तीव्रता का आईईडी विस्फोट हुआ जिसे बड़े हमले की साजिश के तौर पर देखा गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर ग्रेनेड हमला हुआ जिससे राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में हलचल मच गई। जनवरी 2026 में गणतंत्र दिवस से पहले सिरहिंद रेलवे ट्रैक पर विस्फोट किया गया जबकि नवंबर 2025 में मोगा के सीआईए कार्यालय पर ग्रेनेड फेंका गया था।

पंजाब के जालंधर में सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय के पास और अमृतसर में सेना की छावनी के पास 5-6 मई 2026 की दरमियानी रात हुए डबल ब्लास्ट से राज्य में तनाव है, जिसे आईएसआई समर्थित तत्वों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ से जोड़कर माहौल खराब करने की साजिश माना जा रहा है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है, जबकि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्ष विशेषकर भारतीय जनता पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी है। ऐसा लगता है कि सीमा पार से पांच दरियाओं की धरती पंजाब का सुख-चैन छीनने की साजिशे थमी नहीं हैं। गाहे-बगाहे पंजाब के सुख चैन में खलल डालने के अनेक कुत्सित प्रयास होते नजर आए हैं।

रोहित माहेश्वरी

सेना और सुरक्षाबलों को लक्षित इन हमलों के घातक मंसूबों को समझा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर समय और लक्ष्य के लिहाज से इतने करीबी हमलों के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है कि ये महज सामान्य मामले नहीं थे। अब भले ही इन धमाकों की तीव्रता कम रही हो,लेकिन इनमें गंभीर रणनीतिक चेतावनी छिपी है। वह ये कि भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के संवेदनशील क्षेत्रों की हिफाजत को आंका जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पंजाब के डीजीपी गौरव यादव द्वारा सैन्य क्षेत्र के पास हुए धमाकों में विस्फोटक उपकरण यानी आईडीपी के इस्तेमाल की पुष्टि करना, खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। दोनों मामलों के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। जालंधर की फुटेज में स्कूटी में धमाके के बाद एक व्यक्ति मौके से भागता दिख रहा है। वहीं अमृतसर की फुटेज में धमाके की तेज आवाज सुनी जा सकती है।

निस्संदेह, ये महज आकस्मिक घटनाएं मात्र नहीं हैं। ये सुनियोजित तरीके व जासूसी के जरिये रक्षा प्रतिष्ठानों के आसपास की कमजोर कड़ियों को तलाशने की कुत्सित कोशिश है। अब चाहे इन आतंकी गतिविधियों के तार स्थानीय साजिश से जुड़े हों या फिर सीमा पार से साजिश को अंजाम दिया गया हो, कह सकते हैं कि मिलाजुला षड्यंत्र हो, मगर तौर-तरीका स्पष्ट है। हालांकि, राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक लाइन के अनुरूप बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका दोष भाजपा पर मढ़ा है। वहीं भाजपा आप सरकार पर आरोप लगा रही है कि वह राज्य को सुरक्षा देने में विफल रही है। बहरहाल, भले ही आरोप-प्रत्यारोप का यह खेल नेताओं को राजनीतिक लाभ-हानि के गणित के अनुरूप लगता हो, मगर राज्य की सुरक्षा के नजरिये से अदूरदर्शी कदम ही कहा जाएगा।

वास्तव में पंजाब में एक बार फिर सुरक्षा हालात को लेकर गंभीर चिंता सामने आ रही है। पाकिस्तान समर्थित खुफिया एजेंसी, खालिस्तानी आतंकी नेटवर्क और गैंगस्टर-आतंकी गठजोड़ के सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। हाल के घटनाक्रम और सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई से साफ है कि राज्य को अस्थिर करने की कोशिशें सुनियोजित तरीके से की जा रही हैं। बीते महीनों में कई घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। अप्रैल 2026 में पटियाला-राजपुरा रेल ट्रैक पर कम तीव्रता का आईईडी विस्फोट हुआ जिसे बड़े हमले की साजिश के तौर पर देखा गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर ग्रेनेड हमला हुआ जिससे राजनीतिक और सुरक्षा हलकों में हलचल मच गई। जनवरी 2026 में गणतंत्र दिवस से पहले सिरहिंद रेलवे ट्रैक पर विस्फोट किया गया जबकि नवंबर 2025 में मोगा के सीआईए कार्यालय पर ग्रेनेड फेंका गया

था। मार्च 2025 में अमृतसर के खंदवाला इलाके में धार्मिक स्थल के बाहर विस्फोट की घटना भी सामने आई जिसकी जांच एनआईए ने की थी।

यह विडंबना ही है कि पंजाब के राजनेता अतीत के स्याह दौर की घातकता से कोई सबक नहीं सीखते हैं। राजनेताओं की संकीर्णता और दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज करके की गई बयानबाजी ही चिंगारी को आग बनाने का काम करती है। जिसकी कीमत दशकों तक पंजाब के लोगों व राज्य की अर्थव्यवस्था को चुकानी पड़ती है। यह सामान्य तथ्य है कि कि जब भी इस संवेदनशील व सीमावर्ती राज्य पर कोई सुरक्षा संकट पैदा हो, उसके लिये राजनीतिक भेदभाव भुलाकर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। टकराव की राजनीति से राज्य का अहित ही होगा। निस्संदेह, पंजाब का अतीत इस मामूली अशांति के प्रति भी विशेष रूप से संवेदनशील होने की जरूरत बताता है। दशकों तक पंजाब ने सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था और खुफिया जानकारी पर आधारित अभियानों हेतु देशव्यापी ख्याति अर्जित की है। लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया ही है। यह गंभीर मसला है कि इस सीमावर्ती संवेदनशील राज्य में दस दिनों के भीतर तीन सुनियोजित व उच्च तकनीक से लैस विस्फोट हुए हैं। ये धमाके सभी पक्षों की मेहनत से अर्जित साख को धूमिल करने के जोखिम को बढ़ाते हैं। सवाल मात्र यही नहीं है कि इन धमाकों के लिये कौन जिम्मेदार है। प्रश्न यह भी है कि क्या इन धमाकों के बाबत खुफिया सूचनाओं को नजरअंदाज किया गया है? या फिर मिली हुई खुफिया सूचनाओं के आधार पर समन्वित प्रतिक्रिया देने में कहीं चूक हुई है?

पंजाब में सुरक्षा एजेंसियों ने कई बड़ी कामयाबियां भी हासिल की हैं। अप्रैल 2026 में तरनतारन से भारी मात्रा में आरडीएक्स और आधुनिक हथियार बरामद कर एक बड़े हमले को टाल दिया गया। जनवरी 2026 में होशियारपुर में बीकेआई से जुड़े मॉड्यूल से ढाई किलो आरडीएक्स, पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए।गुरदासपुर, नवांशहर और अमृतसर में भी हथियारों की बरामदगी ने संकेत दिया कि आतंकी नेटवर्क सक्रिय हैं।

अंतरराष्ट्रीय सीमा से ड्रोन के जरिए हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी बड़ी चुनौती बन चुकी है। अमृतसर और फिरोजपुर सेक्टर में कई बार पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार गिराए जाने के मामले सामने आए हैं। जांच में पता चला है कि इन गतिविधियों के पीछे पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स और विदेशों में सक्रिय खालिस्तानी आतंकी शामिल हैं। इनमें रंजीत नीटा और लखबीर लंडा जैसे नाम प्रमुख हैं। इस पूरे परिदृश्य में गैंगस्टर-आतंकी गठजोड़ नई चुनौती बनकर उभरा है। वर्ष 2025 में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने 400 से अधिक गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया जिससे स्पष्ट हुआ कि संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच तालमेल बढ़ रहा है।

समाजी हम-आहंगी और इस्लामी तालीमात

ए.बी. नदवी

पैग़ंबर इस्लाम हज़रत महमद स. की ज़िंदगी भी इस बात की अमली मिसाल पेश करती है कि पुरअमन बकाए बाहमी इस्लामी तर्ज़-ए-अमल का एक लाज़िमी जुज़ है। मदीना में आप स. ने एक समाजी मुआहिदा क़ायम किया जिसमें मुसलमानों, यहूदियों और दीगर गिरोहों को एक मुशतर्का शहरी बिरादरी के तौर पर तस्लीम किया गया। इस निज़ाम में हर गिरोह को अपने मज़हब पर अमल की आज़ादी हासिल थी और बाहमी तहफ़्फ़ुज़ और तआवुन को फ़रोग़ दिया गया। ये नमूना इस बात को ज़ाहिर करता है कि हम-आहंगी और बकाए बाहमी इस्लामी रिवायत में गहराई से पेवस्त हैं।

किस क़दर मुश्किल काम हो गया है आजकल अख़बार पढ़ना या ज़राए इबलाग़ पर नज़र डालना। अगरचे सोशल मीडिया हमारी रोज़मर्रा ज़िंदगी का लाज़िमी जुज़ बन गया है मगर ऐसी ख़बरें नज़र से गुज़रती हैं जिन्हें पढ़ कर अंदाज़ा होता है कि समाजी हम-आहंगी को किस क़दर नुक़्सान पहुंच चुका है और आपसी एतमाद को किस क़दर ठेस पहुंच चुकी है और ये सब इस मुआशरा में हो रहा है जिसमें मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब, मुख़्तलिफ़ तहज़ीब, मुख़्तलिफ़ ज़बान और मुख़्तलिफ़ रंगो-नस्ल के लोग रहते हैं जिनमें अलग अलग होते हुए भी रहन सहन और खाने पीने में किसी क़दर यकसानियत है और समाजी हम-आहंगी जिनके लिए अम्र लाज़िमी है और हो भी क्यों ना? हिन्दुस्तानी मुआशरा में यहां के बाशिंदों ने कसरत में वहदत को सदियों से जी कर दिखाया है जिसकी मिसाल दुनिया के किसी मुल्क में नहीं मिलती। और ये सब मुम्किन हुआ समाजी हम-आहंगी और आपसी एतमाद और भाई चारे की फ़िज़ा से जिसे आज मुख़्तलिफ़ सियासी वजूहात की बिना पर शदीद ख़तरा लाहक़ है और कुछ शर-पसंद समाजी और सियासी अनासिर अपने ज़ाती फ़ायदा के लिए समाजी हम-आहंगी को सबसे ज्यादा नुक़्सान पहुंचा रहे हैं। ऐसी में बहैसीयत मुसलमान हमारी क्या ज़िम्मेदारी बनती है और इस्लाम हमें क्या तालीमात देता है ये जानना बहुत जरूरी है।

दरअसल हर वो मुआशरा जहां मुख़्तलिफ़ बिरादरियां एक साथ रहती हैं, वहां हम-आहंगी ही अमन और तरक़्क़ी की बुनियाद बनती है। हिन्दुस्तान अपने मज़हबी, सक़ाफ़्ती और लिसानी अलगाव के साथ तवील अर्से से बकाए बाहमी की एक रोशन मिसाल रहा है। इस तनाज़ुर में इस्लाम की तालीमात ये वाज़ेह करती हैं कि फ़िर्कावाराना हम-आहंगी सिर्फ एक समाजी इंतिख़ाब या ज़रूरत नहीं बल्कि एक अख़्लाक़ी और दीनी ज़िम्मेदारी भी है। इस्लाम एहतराम, हमदर्दी और पुरअमन बकाए बाहमी पर-ज़ोर देता है, जिससे मुख़्तलिफ़ बिरादरियों के दरमियान हम-आहंगी ईमान का एक अहम हिस्सा बन जाती है। क़ुरआन बार-बार इस बात की तरफ़ तवज्जो दिलाता है कि इन्सानी मुतफ़र्रिक़ात दरअसल ख़ुदाई मंसूबे का हिस्सा है। एक मारूफ़ आयत में इरशाद है- 'ए लोगो हमने तुम्हें एक मर्द और एक औरत से पैदा किया और तुम्हें मुख़्तलिफ़ क़ौमों और क़बीलों में बनाया ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो। (49:13)? इस तरह मुतफ़र्रिक़ात का मक़सद जुदाई नहीं बल्कि बाहमी तआरुफ़ और समझ बूझ है। मज़हब, ज़बान और सक़ाफ़्त के इख़्तिलाफ़ात इन्सानों को एक दूसरे को समझने और तआवुन करने की तरग़ीब देते हैं। ये आयत मुख़्तलिफ़ बिरादरियों के दरमियान इज़्ज़त और ख़ैर सगाली के जज़्बे को मज़बूत करती है।

इस्लाम इन्सानी वक़ार की हुर्मत पर भी ख़ास ज़ोर देता है। क़ुरआन ऐलान करता है कि अल्लाह

ने आदम की तमाम औलाद को इज़्ज़त बख़्शी है। (17:70)? इस का मतलब ये है कि हर इन्सान का एहतराम करना इस्लामी अख़्लाक़ियात का बुनियादी उसूल है। ये उसूल मज़हब और शनाख़्त की हदूद से बालातर है। जब हर फ़र्द की इज़्ज़त को तस्लीम किया जाता है तो मुआशरे में फ़ित्री तौर पर बाहमी एहतराम और पुरअमन बकाए बाहमी की फ़िज़ा पैदा होती है।

इस्लाम की एक और अहम तालीम पड़ोसियों के हुक़ूक़ से मुताल्लिक़ है। क़ुरआन मोमिनीन को सिर्फ अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ ही नहीं बल्कि पड़ोसियों के साथ भी भलाई करने का हुक्म देता है, ख्वाहाँ का मज़हब कुछ भी हो। आयत (4:36) में क़रीब और दूर दोनों तरह के पड़ोसियों के साथ हुस्न-ए-सुलूक की ताकीद की गई है। उल्मा ने इस हिदायत की वसी तशरीह करते हुए बताया है कि पड़ोसियों के साथ तआवुन, मदद और ख़ुशअख़्लाक़ी इस हुक्म का हिस्सा है। इबने माजा की एक रिवायत में भी पड़ोसियों के साथ हुस्न-ए-सुलूक की अहमियत बयान की गई है। हिन्दुस्तान जैसे मुतफ़र्रिक़ात मुआशरे में ये तालीम समाजी ताल्लुक़ात को मज़बूत बनाने के लिए एक मज़बूत अख़्लाक़ी बुनियाद फ़राहम करती है। पैग़ंबर इस्लाम हज़रत महमद स. की ज़िंदगी भी इस बात की अमली मिसाल पेश करती है कि पुरअमन बकाए बाहमी इस्लामी तर्ज़-ए-अमल का एक लाज़िमी जुज़ है। मदीना में आप स. ने एक समाजी मुआहिदा क़ायम किया जिसमें मुसलमानों, यहूदियों और दीगर गिरोहों को एक मुशतर्का शहरी बिरादरी के तौर पर तस्लीम किया गया। इस निज़ाम में हर गिरोह को अपने मज़हब पर अमल की आज

उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें : डीएम

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, एमसीएच विंग, चिल्ड्रेन वार्ड एवं ओपीडी सहित विभिन्न कक्षों का गहन निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण तथा उपचार व्यवस्था का जायजा लिया।

■ जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा वार्डों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

एमसीएच विंग के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की छानबीन करते हुए गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मौजूद स्टाफ नर्स से मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं के कार्ड पर अंकित विवरणों का नियमित एवं सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जाए।

11.57 लाख के गबन की जांच तीन माह बाद भी अधूरी

अवधनामा संवाददाता

■ एकाउंटेंट जनरल ने दिया विभाग को तीसरा

मथुरा। पीडब्ल्यूडी में हुए 11.57 लाख रुपए के गबन की जांच तीन महीने बाद भी अधूरी पड़ी है। इसे रफा-दफा करने की आशंकाएं जताई जा रही है। वहीं एकाउंटेंट जनरल ने 6 मई को फिर से अनुस्मारक पत्र लिखकर सात दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है।

पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड को कर्मचारियों की ई-ऑफिस ट्रेनिंग के लिए करीब 12 लाख रुपए मिले थे। इनमें एक्सईएन एके सिंह ने बिना कोई ट्रेनिंग कराए ही 11.57 लाख रुपये खर्च भी कर दिए। इसका खुलासा नवम्बर 2025 में हुए अनुपालन ऑडिट में हुआ था। ऑडिट रिपोर्ट पर प्रदेश के एकाउंटेंट जनरल ने इस भुगतान को संदिग्ध बताते हुए विभागाध्यक्ष से जांच रिपोर्ट मांगी थी। विभागाध्यक्ष ने इसकी जांच मैनपुरी के एसई एवं मथुरा के निर्माण खंड एक के एक्सईएन को सौंपी थी। उनकी रिपोर्ट संतोषजनक नहीं होने पर पुनः इसकी जांच अलीगढ़ के मुख्य अभियंता विजय कुमार एवं अधीक्षण अभियंता प्रभात चौधरी को सौंपी है। तीन महीने बीत जाने के बावजूद अभी तक इसकी जांच पूरी नहीं हो सकी है। इसी बीच अन्य प्रकरण में एक्सईएन एके सिंह न सिर्फ निलंबित हो गए, बल्कि आश्चर्यजनक ढंग से बहाल होकर सिर्फ रिलीव बिना किसी आदेश के ही प्रांतीय खंड का पुनः चार्ज ले लिया है।

आठ बिंदुओं पर मांगी गई है जानकारी

एकाउंटेंट जनरल ने अनुस्मारक पत्र में ई-ऑफिस ट्रेनिंग सम्बंधी 8 सवाल किए हैं। इनमें कोटेशन आमंत्रण के पत्र व नोटशीट, सभी निविदाओं की प्रति, सभी सप्लाई ऑर्डरों का विवरण, प्रशिक्षण के फोटो व प्रमाण, बिल व भुगतान संबंधी प्रमाण, कार्य पूर्णता की सत्यापन की रिपोर्ट, कार्यदायी फर्म के अनुभव दस्तावेज की जानकारी मांगी है।

167 टीन के डिब्बे में अवैध 2224 लीटर अवैध शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। पुलिस टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। 'नशे के सौदागरों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' का रुख अपनाते हुए नशे के कारोबार के नेटवर्क को पुलिस द्वारा ध्वस्त किया जा रहा है। इसी क्रम में उच्चाधिकारीगण के निर्देशन विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनन्त चन्द्रशेखर व क्षेत्राधिकारी सदर देवेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक कुमार मिश्रा, स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक रामजनम यादव व सर्विलान्स टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर एनएच दो हाइवे पर स्थित ग्राम जेठमलपुर व सम्राट होटल के पास से चेकिंग के दौरान एक फॉर्च्यूनर गाड़ी व एक ट्रक आइसर ट्रक नं0 (जी जे 14 जेड 5585) से 167 टीन के डिब्बे में अंग्रेजी शराब की कुल 2224.44 लीटर अवैध शराब बरामद कर 05 शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया ।

■ शराब की कीमत करीब 22.50 लाख रुपये

मिली जानकारी के अनुसार थाना सैयदराजा पुलिस टीम व प्रभारी निरीक्षक रामजनम यादव व सर्विलान्स टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एनएच दो हाइवे पर स्थित ग्राम जेठमलपुर तिराहा सम्राट होटल के पास से चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान लगभग एक सफेद फॉर्च्यूनर गाडी आते दिखायी दी, तथा उसके पीछे एक ट्रक आइसर ट्रक दिखाई दिया। चेकिंग कर रही पुलिस टीम द्वारा फॉर्च्यूनर गाडी व ट्रक को रोक लिया गया फॉर्च्यूनर गाडी में चार लोग सवार मिले तथा पिछे चेक करने पर पोटास लिखे हुए चार टीन के डिब्बे में लकडी के बुरादे में अंग्रेजी की छोटी प्लास्टिक की बोतल 180 एमएल व बडी बोतल शीशी की 750 एम एल की शराब की बोतल भरी मिली। तथा ट्रक को चेक करने पर पोटास लिखे हुए 163 टीन के कुल डिब्बो में लकडी के बुरादे में अंग्रेजी की छोटी प्लास्टिक की बोतल 180 एमएल व बडी बोतल शीशी की 750 एम एल की शराब की बोतल भरी मिली।

बाजारों में फुटकर पैसों की किल्लत से बढ़ी परेशानी

अवधनामा संवाददाता

■ व्यापारी और ग्राहकों के बीच हो रही कहासुनी

रुद्रपुर, देवरिया। संवाददाता मुकेश रुंगटा इन दिनों शादी-विवाह के मौसम के चलते बाजारों में खरीदारी का दौर तेज हो गया है, लेकिन दूसरी ओर फुटकर रुपए-पैसों की भारी किल्लत ने व्यापारियों और ग्राहकों दोनों की परेशानी बढ़ा दी है। उपनगर रुद्रपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में छोटे नोटों और सिक्कों की कमी के कारण आए दिन दुकानदारों और ग्राहकों के बीच कहासुनी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

स्थिति यह है कि बाजार में 500, 200 और 50 रुपये के बड़े नोट तो आसानी से दिखाई दे रहे हैं, लेकिन 10, 20 रुपये के नोट तथा छोटे सिक्के लगभग गायब नजर आ रहे हैं। ऐसे में खरीदारी के दौरान ग्राहकों को सही बकाया राशि नहीं मिल पा रही है, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। कई दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों द्वारा बड़े नोट दिए जाते हैं, लेकिन उनके पास फुटकर न होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्राहक भी पूरा पैसा वापस न मिलने पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार में फुटकर पैसों की कमी पिछले काफी समय से बनी हुई है, लेकिन शादी-विवाह के सीजन में यह समस्या और गंभीर हो गई है। छोटे दुकानदारों के लिए यह स्थिति ज्यादा परेशानी पैदा कर रही है, क्योंकि रोजमर्रा के लेनदेन में छोटे नोटों और सिक्कों की सबसे अधिक आवश्यकता पड़ती है। कई बार ग्राहकों को टॉफी या अन्य सामान देकर हिसाब बराबर करना पड़ता है, जिससे दोनों पक्षों में असंतोष बढ़ रहा है।

यमुना नदी के दाएं किनारे पर बनेगा अक्रूर घाट

ब्रज क्षेत्र को विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में हो रहे कार्य- जयवीर

अवधनामा संवाददाता

■ अक्रूर घाट पर बनेंगे स्नान प्लेटफॉर्म-सीढ़ियां एवं अन्य, आगंतुकों की सुविधाओं का होगा खास ध्यान

लखनऊ/मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की लीला के साक्षी रहे मथुरा-वृन्दावन दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अब आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतर अनुभव मिलेगा। द्वापर युगीन आस्था से जुड़ा अक्रूर घाट अब धार्मिक चेतना और पर्यटन विकास का नया केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने वृन्दावन में यमुना नदी के दाहिने तट पर स्थित अक्रूर घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु 6.35 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी देते हुए 3.17 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'मथुरा-वृन्दावन की पवित्र भूमि पर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर दर्शन अनुभव उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अक्रूर घाट का विशेष पौराणिक महत्व है। यह भगवान श्रीकृष्ण व बलराम से जुड़ी कथाओं का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य मेले का आयोजन होता है। मंत्री ने ये भी बताया कि धार्मिक पर्यटन के प्रति बढ़ते रुझान, बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं के विस्तार के चलते उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में शीर्ष स्थान पर पहुंचा है। नतीजतन, वर्ष 2025 में 10.24 करोड़ से अधिक पर्यटक मथुरा पहुंचे।'

परियोजना अंतर्गत ये होंगे कार्य

परियोजना के तहत अक्रूर घाट के विकास को लेकर व्यापक कार्य किए जाएंगे। 30 मीटर लंबाई में 14 मीटर और 5 मीटर गहराई तक शीट पाइलिंग की जाएगी। दोनों शीट पाइल को जोड़ने के लिए हर 3 मीटर पर 45 एमएम व्यास की एंकर बार लगाई जाएगी। इसके अलावा 5 मीटर चौड़े स्नान प्लेटफॉर्म का निर्माण होगा। घाट की सीढ़ियों और पटरा का निर्माण किया जाएगा, जिन पर लाल पत्थर लगाया जाएगा।

...जब अक्रूर ने पहचाना श्रीकृष्ण का परम स्वरूप

मथुरा-वृंदावन मार्ग पर यमुना तट स्थित अक्रूर घाट का पौराणिक महत्व है। मान्यता है कि जब कंस के बुलावे पर अक्रूर जी श्रीकृष्ण और बलराम को लेकर मथुरा जा रहे थे, तब इसी स्थान पर विश्राम के दौरान यमुना स्नान करते समय उन्हें जल के भीतर भगवान विष्णु के चतुर्भुज स्वरूप में श्रीकृष्ण और बलराम के दिव्य दर्शन हुए। इस अलौकिक अनुभूति ने अक्रूर जी को यह विश्वास दिलाया कि श्रीकृष्ण कोई साधारण बालक नहीं, बल्कि स्वयं नारायण के अवतार हैं।

रेल-सड़क मार्ग से पहुंच आसान

जनपद मथुरा का रेलवे स्टेशन बाहरी जिलों और राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए प्रमुख आगमन बिंदु है, जहां अधिकांश ट्रेनें ठहरती हैं। रेलवे स्टेशन के समीप ही बस स्टैंड स्थित होने से आवागमन और भी सुगम हो जाता है। अक्रूर घाट की दूरी मथुरा रेलवे स्टेशन से लगभग 16 किलोमीटर और नए बस स्टैंड से करीब 15 किलोमीटर है, जिससे यात्रियों को वहां तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

नौकरी का झांसा देकर युवती को लाया वृंदावन

अवधनामा संवाददाता

■ गेस्ट हाउस में किया दुष्कर्म, पुलिस ने ऐसे दबोचा शातिर

वृंदावन (मथुरा)। नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर युवती को दिल्ली से वृंदावन लाने वाले शातिर युवक को आखिरकार वृंदावन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महीनों से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर दबोचा। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

बताया गया कि फरवरी माह में आरोपी अपनी कार संख्या ष्छ ू7ष्ट ङ्घ 8904 से युवती को नौकरी दिलाने के बहाने वृंदावन लाया था। यहां फोगला आश्रम के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहरकर उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया और बाद में फरार हो गया। पीड़िता ने घटना के संबंध में जीरो एफआईआर दिल्ली में दर्ज कराई थी। घटना स्थल वृंदावन होने के कारण 26 मार्च को थाना वृंदावन में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामला पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था, क्योंकि आरोपी का न तो कोई स्पष्ट पता था और न ही कोई पहचान। केवल एक कागज के सहारे कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने अपनी टीम को जांच में लगाया। पुलिस टीम ने कई राज्यों में छानबीन की और आखिरकार सुराग मिला कि आरोपी वृंदावन में ही छिपकर रह रहा है। शुक्रवार को पुलिस को खास मुखबिर से सूचना मिली कि जिस कार से युवती को लाया गया था, वह पानीघाट तिराहे के पास खड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी। खुद को घिरता देख आरोपी कार छोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने दौड़ाकर उसे मौके पर ही दबोच लिया।

कब्रगाह बना जमीन की प्रकृति बदलने के प्रयास पर लगे रोक : विहिप

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। आबादी में नया कब्रिस्तान बनाने को लेकर ग्रामीणो का रोष व्याप्त है जिसे लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने ग्रामीणो के साथ अपना विरोध जताते हुए जिलाधिकारी को रायफल क्लब में ज्ञापन सौपा। इसकी जानकारी देते हुए विश्व हिन्दु परिषद के जिलाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी गैग आईएस 191 के लोगो ने गुण्डई व दबंगई के बल पर आबादी की जमीन पर जबरन अवैध नये कब्रिस्तान बना कर जमीन के प्रकृति बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

जिसका विरोध सभी ग्रामीण महिला व पुरूष ने किया, हरिजन आबादी होने के नाते दलितो को कुचल कर सौहार्द का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामसभा रजदेपुर, देहाती, कपूरपुर रौजा सदर कोतवाली की जमीन पर बबलू पुत्र सलाउददीन 1 मई को जबरन अवैध रूप से अपने पिता के लाश को दफन कर नया कब्रगाह बनाया जा रहा है। गांव के दलित लोगो ने आबादी वाले स्थान पर कब्रगाह बनाये जाने का विरोध किया। उन्हे गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मारवाने की धमकी देकर भगा दिया गया। जिसकी सूचना जिलाधिकारी को दी गयी। जिसपर जिलाधिकारी ने मौका मुआयना किया है। ग्रामीणो का कहना है कि जमीन की प्रकृति को बदलने का प्रयास किया जा रहा है आबादी के बीच कभी भी कोई कब्रगाह नही रहा है जमीन को फर्जी कागजात बनवाकर हड़पकर कर हरिजन आबादी की जमीन में कब्रिस्तान बनाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इसकी जांच करायी जायेगी यदि कब्रिस्तान की जमीन नही पायी जाती है तो उसको खाली कराया जोयगा। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि जमीन से कब्रगाह नही हटाया गया तो हम आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगे।

खाद्य सुरक्षा अधिकरी ने कालपी में दुकानों से भरे नमूने

अवधनामा संवाददाता

उरई(जालौन)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, उप्र एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में बाजारों में बिक्री किए जा रहे खाद्य तेल, घी पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए टीम द्वारा कालपी तहसील के टर्नन गंज कालपी पर स्थित दीपक ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पामोलीन ऑयल रुचि गोल्ड का नमूना, जालौन तहसील के ज्वालागंज पर स्थित पुरवार एंड संस के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ वनस्पति का नमूना, राम मोहन के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पारस घी, बृज नारायण कुलदीप कुमार से प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ रिफाइंड पामोलीन तेल ब्रांड राग गोल्डका नमूना संग्रहित किया। साथ ही कोच तहसील के मियां गंज कोंच में स्थित राकेश कुमार मित्तल के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ रिफाइंड सोयाबीन ऑयल महाकोष का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और त्योहारों तक जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा।

परिक्रमा मार्ग पर नशाखोरों का आतंक

अवधनामा संवाददाता

■ श्रद्धालुओं में दहशत

■ साधु वेश में बैठे अराजक तत्वों पर कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में रोष, धार्मिक माहौल पर उठे सवाल

वृंदावन (मथुरा)। ठाकुर बांके बिहारी की नगरी वृंदावन में श्रद्धा और भक्ति के बीच अब अराजकता का माहौल भी गहराने लगा है। पंचकोशीय परिक्रमा मार्ग पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को नशाखोरों और असामाजिक तत्वों की अभद्रता का सामना करना पड़ रहा है। साधु वेश धारण कर बैठे कई लोग खुलेआम गांजा, चिलम और नशे के इंजेक्शन का सेवन करते नजर आते हैं, जिससे धार्मिक वातावरण दूषित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि परिक्रमा मार्ग के कई हिस्सों में अवैध रूप से संचालित खोंमचे और अस्थायी दुकानों की आड़ में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। श्रद्धालुओं के विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट तक की घटनाएं सामने आती हैं। स्थिति यह है कि कई बार नशे में धुत लोग पुलिसकर्मियों से भी उलझते दिखाई देते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

श्रद्धालुओं का कहना है कि घंटों लाइन में लगकर दर्शन करने के बाद जब परिक्रमा मार्ग में इस तरह का माहौल देखने को मिलता है तो उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से परिक्रमा मार्ग को अराजक तत्वों से मुक्त कराने और नियमित अभियान चलाने की मांग की है।

दुकानों की आड़ में नशेड़ियों का अड्डा बना

परिक्रमा मार्ग में बैठे अराजक तत्वों की तरफ प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। अवैध खोंमचों और दुकानों की आड़ में नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है। कई बार पुलिस के सामने ही गांजे का सेवन होता दिखाई देता है। यदि प्रशासन गंभीरता दिखाए तो ऐसे असामाजिक तत्वों पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है। -**पवन ठाकुर,** नगर अध्यक्ष, नगर उद्योग व्यापार मंडल, वृंदावन

सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए

वृंदावन में बढ़ती नशेड़ी प्रवृत्तियों पर प्रशासन की निष्क्रियता सरकार की छवि को नुकसान पहुँचा रही है। प्रशासन को तत्काल कठोर कदम उठाकर ब्रज की धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। -**कौशल किशोर ठाकुर,** पीठाधीश्वरः सनातन धर्म रक्षापीठ वृंदावन

'महिलाओं के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

अवधनामा संवाददाता

उरई(जालौन)। राज्य महिला आयोग सदस्य अनुपमा लोधी की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं ने घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, राशन कार्ड तथा अन्य सामाजिक एवं प्रशासनिक समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।

सदस्य अनुपमा लोधी ने प्रत्येक महिला की समस्या को गम्भीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा किसी भी महिला के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं।

रॉन्ग साइड व ओवरस्पीडिंग पर करें कठोर कार्रवाई : डीएम

राजेश कुमार पाण्डेय बोले- लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

अवधनामा संवाददाता

■ सड़क हादसों पर सख्ती के निर्देश, कहा, टोल प्लाजा पर 24 घंटे चलेगा जागरूकता अभियान

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को अनुशासित बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने हाल ही में जोल्हूपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि चालक को नींद आने के कारण हुई यह दुर्घटना बेहद गंभीर हुई है, उक्त दुर्घटना के ऑडिट के लिए एसडीएम, सीओ, एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता सीडी 3 और एनएचएआई के अधिकारियों सहित टीम गठित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी टोल प्लाजा पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से 24 घंटे सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएं तथा थके हुए वाहन चालकों को रेस्ट एरिया में विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने परिवहन विभाग को वाहन चालकों एवं परिचालकों की नियमित स्वास्थ्य जांच और दक्षता परीक्षण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, रॉन्ग साइड चलने वालों, ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों और कॉलेजों में नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में अभिभावकों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्कूल वाहनों की फिटनेस एवं सुरक्षा मानकों की नियमित जांच के निर्देश दिए। शहरी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी ने शहरी यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए विकास प्राधिकरण सचिव, नगर मजिस्ट्रेट एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देश दिए की सड़कों पर अनावश्यक पार्किंग और दुकानों के बाहर अतिक्रमण की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में डीएम ने सुनी समस्याएं

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, नगर निकाय, विद्युत, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कई प्रकरणों में कई शिकायतों का निस्तारण कर शेष हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि दिलाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम है तथा प्रत्येक व्यक्ति/शिकायत की समस्या का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ प्रबंधन कार्य योजना को लेकर फ्लड स्टियरिंग ग्रुप की बैठक कर जनपद में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से निपटने हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर समय रहते आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बाढ़ स्टियरिंग ग्रुप के गठन, नोडल अधिकारियों की तैनाती, बाढ़ पूर्व तैयारियां, चेतावनी प्रणाली, राहत एवं बचाव कार्यों, नाव-मोटरबोट एवं गोताखोरों की उपलब्धता, जल निकासी हेतु पंपों की व्यवस्था तथा प्रभावित क्षेत्रों के आंकलन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाढ़ चौकियों की स्थापना, खाद्यान्न, भूसा-चारा, दवाइयां, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक सामग्री हेतु 15 मई तक निविदाएं कराना सुनिश्चित करें।

अनदेखी के चलते छह माह से धंसा पड़ा रोहली-तालग्राम मार्ग

■ मां जाहरा देवी मंदिर के दर्शनार्थियों व ग्रामीणों को आवागमन मे हुई कठिनाई

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। रोहली वाया किशनपुर से तालग्राम जाने वाली सड़क बीते नवंबर 2025 में नहर कटान के चलते पानी से धंस गई थी। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते छह माह बीतने के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। लोक निर्माण विभाग ने सुरक्षा को देखते हुए मार्ग पर मार्ग बंद का बोर्ड लगा दिया है। जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

बताते चलें कि रोहली-तालग्राम संपर्क मार्ग से ख्याति प्राप्त मंदिर मां जाहरा देवी के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंडाला, पिंडारी खेड़ा, बलीदासपुर, नरुइया, अतरौली आदि गांवों के लोग भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। उन्हें अब मंदिर तक पहुंचने के लिए चार से पांच किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। ग्रामीणों अभय सिंह, अनिल कुमार सिंह, अंकुश, अनूप पाल, लालूपाल और जयवीर ने बताया कि इस मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरते हैं। सड़क बंद होने से उनका समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहा है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से जल्द-से-जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। वहीं अवर अभियंता नीरू गुप्ता का कहना है कि सड़क मरम्मत के लिए प्राक्कलन बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। मार्च खत्म होने के कारण वह प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो सका। अब विभाग दोबारा प्रस्ताव शासन को भेजेगा। नीरू गुप्ता ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव पास होने पर सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाएगा।

नागरिक मोबाईल पर स्वयं कर सकते हैं स्वगणना: मोहसिन

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। जनगणना 2027 के अंतर्गत अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना के लिए प्रेरित करने हेतु नगर पंचायत तालग्राम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने पंचायत कार्यालय पहुंचकर फील्ड ट्रेनर एवं प्रगणकों से संपर्क कर स्वयं अपनी स्वगणना कर अभियान की शुरुआत की।

शुक्रवार को स्वयं अपनी स्वगणना करने के उपरान्त चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने कहा कि स्वगणना प्रक्रिया से नागरिक आसानी और पारदर्शिता के साथ अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक समय से स्वगणना कर जनगणना कार्य में सहयोग करें, ताकि सही और सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने उपस्थित सभासदों से भी अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि नागरिकों को पोर्टल पर पंजीकरण एवं जानकारी भरने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनरों एवं प्रगणकों ने स्वगणना की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक मोबाइल नंबर पंजीकृत कर पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भर सकते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत कर्मचारी, सभासद एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ऐसे स्वास्थ्य शिविर मरीजों के लिये बेहद लाभकारी है : रामानन्द

अवधनामा संवाददाता

■ बीड़ी श्रमिक हॉस्पिटल में रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को पोषण पोटली व दबायें वितरित की गई

गुरसहायगंज, कन्नौज। अंतरराष्ट्रीय विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बीडी श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें देने के उद्देश्य से स्थानीय बीड़ी श्रमिक हॉस्पिटल में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव रामानंद कटियार द्वारा किया गया।

शुक्रवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बीड़ी श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, एक्स-रे स्क्रीनिंग एवं दवा वितरण की गयी। साथ ही जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी (एडिशनल सीएमओ कन्नौज) एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला संयोजक/प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डा. सरित द्विवेदी ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली किट एवं ग्लूकोज वितरित किया गया। शिविर में आए सभी मरीजों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आयुष्मान भारत एवं जिला स्वास्थ्य समिति की टीम भी मौजूद रही। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. दानिश, मनोज सविता, डॉ. अगद शर्मा, ध्यानेंद्र सिंह तथा बीडी श्रमिक हॉस्पिटल से डा. मुकेश गोला, डॉ. अजय आर्य, डॉ. मनोज, आशुतोष दीक्षित, एएनएम सरिता यादव, मोनू कुमार सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने पैदल भ्रमण कर नागरिकों से किया संवाद

■ अपराधों पर प्रभावी अंकुश के लिए चलाया जा रहा अभियान-कोतवाल

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा पैदल भ्रमण किया गया। कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। बीतीशाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में नगर के जीटीरोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड, फतेहगढ रोड पर पैदल गस्त के दौरान कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी ने दुकानदारों एवं राहगीरों से संवाद स्थापित कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होनें बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की तथा व्यापारियों से कैमरे सक्रिय रखने को कहा। उधर दूरभाष पर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने कहा कि अपराध एवं अराजक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग तुरंत पुलिस को सूचना दें।

एसपी अभिमन्यु मांगलिक पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परखी तैयारियां

■ फिटनेस, अनुशासन और व्यवस्थाओं पर दिया विशेष जोर

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक शुक्रवार को पुलिस लाइन में एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया और जवानों को अनुशासन व फिटनेस बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित परेड में पुलिस कार्यालय, यातायात शाखा एवं पुलिस लाइन के जवान शामिल हुए। एसपी ने जवानों की टोलीवार ड्रिल का निरीक्षण किया और उसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों की शारीरिक क्षमता बनाए रखने के लिए दौड़ भी कराई तथा फिटनेस को ड्यूटी का अहम हिस्सा बताया। परेड के बाद एसपी ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी, परिवहन शाखा, यूपी-112 शाखा एवं पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और संसाधनों के बेहतर रखरखाव के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। अर्दली रूम में पहुंचकर एसपी ने विभिन्न रजिस्टरों की जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर परिस्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए और ड्यूटी में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

छात्र छात्र-छात्राओं को का मार्ग दर्शन कार्यशाला का आयोजन किया

अवधनामा संवाददाता

संभल। उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से महात्मा गांधी मेमोरियल पीजी कॉलेज की ओर से दिनांक 08 मई 2026 को सम्भल के दो प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों–जेड.यू इंटर कॉलेज तथा फैज़ गर्ल्स इंटर कॉलेज–में एक विशेष मार्गदर्शन एवं करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में इंटरमीडिएट स्तर के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं काउंसिलरों–डॉ. रियाज अनवर (असिस्टेंट प्रोफेसर, उर्दू विभाग), डॉ. अजय कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग) तथा डॉ. प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रियाज अनवर ने विद्यार्थियों को भारत में शिक्षा के समृद्ध इतिहास, उसकी विकास यात्रा तथा समाज निर्माण में शिक्षा की भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज शिक्षित भारतीय विश्व के प्रत्येक कोने में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का परिचय दे रहे हैं। डॉ. अजय कुमार एवं डॉ. प्रीति सिंह ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों, व्यक्तित्व विकास तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को सरकार द्वारा संचालित अभ्युदय कोचिंग योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में चल रहे कोचिंग सेंटर तथा इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) अध्ययन केंद्र की जानकारी देते हुए तथा महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में बताते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पंजीकरण अनुपात बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह के निर्देशानुसार शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को एम.जी.एम. कॉलेज में बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया।

जल जीवन मिशन का असर दिखने लगा, गांवों में बदली ग्रामीणों की जिंदगी

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जनपद में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का कार्य लगातार जारी है। शुक्रवार को दूसरे दिन प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम ने विकासखंड अमौली की ग्राम पंचायत उदुपुर, हथगांव की अजतूपुर तथा ऐराया ब्लॉक की सराय इदरीस और लाडलेपुर ग्राम पंचायतों का दौरा कर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। विशेषज्ञ टीम ने प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों और ग्रामीण घरों तक पहुंचकर लोगों से संवाद किया तथा विस्तृत सर्वेक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि घर-घर नल से जल पहुंचने के बाद ग्रामीणों, खासकर महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब उन्हें पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों या अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि शुद्ध पेयजल की नियमित उपलब्धता से हैजा, टाइफाइड जैसी दूषित जलजनित बीमारियों में भी काफी कमी आई है। टीम ने उदुपुर और अजतूपुर गांवों में निर्मित जल टंकियों, पाइपलाइन वितरण व्यवस्था और पेयजल गुणवत्ता मानकों की तकनीकी जांच भी की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर योजनाओं के रखरखाव एवं भविष्य में उनकी निरंतरता सुनिश्चित करने पर चर्चा की। मूल्यांकन टीम में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। इस दौरान जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सहायक अभियंता आशीष कुशवाहा, अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा एवं मोहित कुमार, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, प्रोजेक्ट मैनेजर मो. सऊद सिद्दीकी, कंस्ट्रक्शन एजेंसी प्रतिनिधि अचल सिंह, ग्राम प्रधान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

■ अमौली, हथगांव और ऐराया क्षेत्र में विशेषज्ञ टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदाताओं का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया तथा लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे कृष्णा का जन्मदिन भी विशेष रूप से मनाया गया। जिलाधिकारी ने बच्चे के साथ केक काटकर उसे खिलाया और उपहार भेंट कर उसका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का यह भावुक पल सभी के लिए खास बन गया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने समाज के लोगों से आगे आकर नियमित रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. निशात शहाबुद्दीन, कृष्ण कुमार सिंह, शहनूर आलम, नीरज श्रीवास्तव, ज्योत्सना श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, मुजाहिद खान, दीपक कुमार, सचिन कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, जगदीश मौर्य एडवोकेट तथा मुहम्मद बिलाल शामिल रहे। इसके बाद जिलाधिकारी और रेडक्रॉस अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ने गोद लिए गए 21 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

■ डीएम ने बच्चों संग मनाया खुशी का पल

विधायिका ने मार्ग निर्माण अवरोध के मामले का संज्ञान लिया

गुरसहायगंज, कन्नौज। बीते माह ग्रामीणों के सुगम आवागमन के लिए निर्माणाधीन सीसी रोड को दबंग युवक द्वारा सड़क पर ईटें डालकर निर्माण कार्य को बाधित कर रखा था। इसके संबंध में ग्राम प्रधान द्वारा बीते समाधान दिवस में भी शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन राजस्व कर्मी एवं पुलिस में सामजस्य ना होने के कारण निर्माण कार्य अधर में लटका था। ग्राम प्रधान ने छिब्बरामऊ विधायिका अर्चना पांडेय को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम जुनेदपुर ग्राम प्रधान विमला देवी द्वारा छिब्बरामऊ विधायिका अर्चना पांडेय को सौंपे गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत द्वारा लाखन के मकान से डामर रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य का कार्य चल रहा था। जिसे गांव के ही एक दबंग युवक द्वारा सड़क पर ईटे डालकर निर्माण कार्य बाधित कर दिया गया और ग्रामीणों द्वारा कहने पर उसने धमकियां दी। ग्राम प्रधान के शिकायती पत्र पर छिब्बरामऊ विधायक अर्चना पांडेय द्वारा एसडीएम छिब्बरामऊ ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को आमजन के हित में उक्त समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी तालग्राम एवं कोतवाली पुलिस को रास्ता खुलवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति: महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद फतेहपुर के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (फेज-2) के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया गया तथा महिलाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित और विधिसम्मत निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई। शुक्रवार को मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आमजन को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों, अधिकारों और आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी। पुलिस टीमों ने महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।

बरसात से पहले नाले-नालियों की सफाई कराएं: डीएम

■ नगर निकायों की समीक्षा बैठक में व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। डूडा एवं नगरीय निकायों से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर पालिका और नगर पंचायतों में संचालित योजनाओं, बजट व्यय तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण कर पेयजल, सफाई, सड़क एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी स्थापित वाटर कूलर पूरी तरह क्रियाशील रहें और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी न होने पाए। उन्होंने आगामी बारिश के मद्देनजर सभी नालों और नालियों की समय से साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में जलभराव वाले स्थानों पर विशेष व्यवस्था करने को कहा, ताकि बरसात के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी ने एमआरएफ सेंटर और गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करने तथा उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनकी फैमिली आईडी बनवाने के लिए वार्ड स्तर पर विशेष कैंप लगाए जाएं। इसके अलावा सभी नगर निकायों को जल्द से जल्द जीआईएस का टेंडर कराने, वेंडिंग जोन के लिए स्थल चिन्हित करने तथा अवैध टैक्सी स्टैंड हटाकर वैध टैक्सी स्टैंड स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। पॉलिथीन जब्ती अभियान में तेजी लाने और उसके सही निस्तारण पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा लंबित सत्यापन कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निरस्त किए गए आवासों में अपात्रता का कारण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार, प्रभारी परियोजना निदेशक डूडा, विभिन्न नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष व महामंत्री पद पर त्रिकोणीय मुकाबला, 26 मई को मतदान

बिंदकी/फतेहपुर। बिंदकी तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता सभागार में अधिवक्ता संघ बिंदकी के चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो गई। दो दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया में विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक पर्चे दाखिल किए। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अध्यक्ष पद के लिए कल्यान सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह गौतम और रामनारायण अग्निहोत्री ने नामांकन किया है। वहीं महामंत्री पद पर प्रतिभा देवी, अशोक मिश्रा और सितेश कुमार तिवारी के बीच मुकाबला होगा। दोनों प्रमुख पदों पर त्रिकोणीय मुकाबले से चुनाव रोचक हो गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए कमलेश प्रसाद और शैलेंद्र अग्निहोत्री ने नामांकन किया, जबकि कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश चंद ने पर्चा दाखिल किया।

आपदा में मानवता की सबसे बड़ी ताकत है रेडक्रॉस : नागेंद्र चौहान

अवधनामा संवाददाता

रूद्रपुर-देवरिया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा-देवरिया द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रत्युष विहार रामचक, रूद्रपुर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आपदा में रेडक्रॉस सोसाइटी का योगदान रहा, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने मानवता, सेवा, सहयोग और आपदा राहत में रेडक्रॉस की भूमिका पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णकांत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह साईं ने की। कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर विश्वकर्मा ने किया। रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित, प्रधानाचार्य राणाप्रताप ने सभी का स्वागत करते हुए आभार जताया। मुख्य अतिथि आजीवन सदस्य नागेंद्र चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि, आपदा के समय रेडक्रॉस केवल एक संस्था नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आती है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान, प्राथमिक उपचार एवं सामाजिक सेवा में सक्रिय भागीदारी की अपील की। विशिष्ट अतिथि आजीवन सदस्य डॉ0 एसएन त्रिपाठी, रामप्रवेश भारती, सज्जाद अली आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के पीड़ित मानवता की सेवा करना है। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने आपदा प्रबंधन, राहत कार्य, रक्तदान और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका मुकुल सर एवं महक बरनवाल ने निभाई, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण, भाषा शैली और विषय-वस्तु के आधार पर मूल्यांकन किया।

पश्चिम बंगाल के इन बीचेज पर पार्टनर संग बिताएं रोमांटिक पल

पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।

घूमने के शौकीन लोग अक्सर घूमने का प्लान बनाते हैं। वहीं कपल्स घूमने के लिए किसी ऐसी जगह की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकें। जब कपल्स रोमांटिक और सुकून भरा पल बिताने के लिए किसी जगह की तलाश करते हैं, तो उनकी लिस्ट में मनमोहक और खूबसूरत बीचेज भी शामिल रहता है। पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।

दीघा बीच

पश्चिम बंगाल में स्थित सबसे रोमांटिक और खूबसूरत बीच घूमने के लिए कई कपल्स सबसे पहले दीघा बीच पहुंचते हैं। यह बीच पूरे पश्चिम बंगाल का भी मुख्य आकर्षण का केंद्र माना जाता है। यहां पर देश के हर कोने से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

यादगार होगा हर लम्हा

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में स्थित दीघा बीच अपनी कई चीजों के कारण रोमांटिक बन जाता है। यहां के बीचेज से सूर्योदय और सूर्यास्त के लुभावने दृश्यों के अलावा सुनहरी रेत के लिए भी फेमस है। दीघा बीच कैसुरीना के बागानों से भी घिरा है। इसलिए इस बीच को एक परफेक्ट रोमांटिक प्लेस माना जाता है।

ताजपुर बीच

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में स्थित ताजपुर बीच भी काफी फेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई राज्यों से भी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। ताजपुर बीच अपनी खूबसूरती से कपल्स को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कई कपल्स सूर्योदय और सूर्योस्त के दृश्यों को देखते हुए हसीन पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर एक तरफ बंगाल की खाड़ी है, तो दूसरी ओर हरियाली है। यहां पर कपल्स वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

शंकरपुर बीच

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 176 किमी और दीघा से करीब 14 किमी दूर शंकरपुर बीच स्थित है। यह राज्य का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत बीचेज में से एक है। यह बीच भी राज्य के प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

शंकरपुर बीच में हर दिन दर्जन से ज्यादा पर्टयक को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कपल्स भी घूमने के लिए पहुंचते हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर कई कपल्स हसीन शामें बिताने के लिए पहुंचते हैं। आप इस बीच से बंगाल की खाड़ी की हसीन लहरों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

उदयपुर बीच

पश्चिम बंगाल में उदयपुर बीच पर सबसे अधिक संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इस बीच को पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने और खूबसूरत समुद्री तटों में से एक माना जाता है।

यह बीच सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही नहीं बल्कि ओडिशा के लिए भी आकर्षण का केंद्र माना जाता है। क्योंकि यह ओडिशा की सीमा से कुछ दूरी पर है। यहां पर दर्जनों की संख्या में कपल्स रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। उदयपुर बीच से सनसेट और सनराइज का दृश्य देखने लायक होता है।

इन जगहों पर घूमें

इसके अलावा पश्चिम बंगाल में कई अन्य बीचेज घूम सकते हैं। यहां पर कई कपल्स पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। जैसे- पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित मंदारमणि बीच, बक्खाली बीच और डायमंड हार्बर बीच एक्सप्लोर कर सकते हैं।

गोवा घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें पांडवों की गुफा

सोशल मीडिया, फिल्मों और ट्रैवल एजेंसियों के प्रचार में अधिकतर पार्टीज, बीच और वाटर स्पोर्ट्स को दिखाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा की अरवलम गुफाओं के बारे में बताने जा रहे हैं। गोवा में घूमने के लिए वैसे तो कई अच्छी जगहें हैं। कई लोगों को लगता है कि गोवा सिर्फ अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। गोवा अपने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक आकर्षणों के लिए भी फेमस है। गोवा को बीच के नाम से इसलिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां के समुद्र तट काफी फेमस है। साथ ही यहां की नाइटलाइफ भी काफी ज्यादा फेमस है। अक्सर गोवा को बीच डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट किया जाता है। वहीं सोशल मीडिया, फिल्मों और ट्रैवल एजेंसियों के प्रचार में अधिकतर पार्टीज, बीच और वाटर स्पोर्ट्स को दिखाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा की अरवलम गुफाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

अरवलम गुफा

बताया जाता है कि अवरलम गुफा महाभारत में पांडवों के वनवास के दौरान रुकने का स्थान था। यही वजह है कि इस गुफा को पांडव गुफा भी कहा जाता है। इन गुफाओं की वास्तुकला हिंदू और बौद्ध प्रभाव से जुड़ी हुई लगेंगी। यह गुफा अवरलम झरने की तरफ जाने वाले रास्ते में पड़ती है। यह गोवा में घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

लोकेशन

गोवा के नॉर्थ गोवा में संकेलिम के पास स्थित है।

पणजी से यह गुफा करीब 29 किमी की दूरी पर है। यहां पर पहुंचने में करीब 40 मिनट का समय लग सकता है।

अरवलम गुफा से कुछ दूरी पर अवरलम झरना और रुद्रेश्वर मंदिर भी है। आप यहां के नजारे भी देख सकते हैं।

ऐसे पहुंचे अरवलम गुफा

अगर आप थिविम रेलवे स्टेशन से आ रहे हैं, तो यह करीब 20 किमी की दूरी पर है। यहां पर पहुंचने में आपको करीब 30 मिनट का समय लग सकता है।

अरवलम गुफा से गोवा का नजदीकी डाबोलिम एयरपोर्ट से लगभग 45 किमी है।

आप गोवा में कही भी जाने के लिए कैब बुक कर सकते हैं। आपको मापसा या पणजी से कैब और बस मिल जाएगी।

आप चाहें तो बाइक रेंट पर लेकर घूम सकते हैं।

भारत में सतत पर्यटन बाजार के 216 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद

कोविड-19 महामारी के गंभीर प्रभावों और प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत में संधारणीय पर्यटन ने उड़ान भरी है! यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 79% भारतीय यात्री संधारणीय पर्यटन को प्राथमिकता देते हैं; हालाँकि, वर्तमान में, इस अभ्यास को अपनाने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 2% है। तो, एक या दो दशक में संधारणीय पर्यटन बाजार का आकार क्यों बदल जाएगा?

वर्तमान में, भारत का संधारणीय पर्यटन बाजार 316.72 करोड़ (37 मिलियन) है, जिसके 1,848.96 करोड़ (216 मिलियन) की अकल्पनीय दर तक बढ़ने का अनुमान है। 2023 के लिए छोटे वैश्विक अनुमानों, 2.73 ट्रिलियन से 11.4 ट्रिलियन की अनुमानित वृद्धि को देखते हुए, भारतीय पर्यटन बाजार के आंकड़े भविष्य के आंकड़ों के विपरीत हैं। भारत में संधारणीय पर्यटन का महत्व चर्चा के केंद्र में है, क्योंकि भले ही यह वर्तमान में बहुत छोटा है, लेकिन सन् 2034 तक सतत पर्यटन का भविष्य उज्ज्वल होगा। 2025 में Agoda द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 82% भारतीयों ने भविष्य में भारत में संधारणीय पर्यटन को चुनने के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

भारत वर्तमान में सतत पर्यटन प्रथाओं को अपनाने में पाँचवें स्थान पर है। तो फिर इंतजार क्यों करें? आप अभी शुरू कर सकते हैं! अपने हरे-भरे सफर के लिए डोमेस्टिक और अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट टिकट बुकिंग सबसे अच्छे दामों पर बुक करें।

यात्री पर्यावरण पूरक मार्ग क्यों चुन रहे हैं?

संधारणीय पर्यटन का अर्थ है, एक ऐसी यात्रा जो प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक वातावरण पर न्यूनतम नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह पर्यटन के आर्थिक और सामुदायिक-निर्माण लाभों को बनाए रखता है। भारत विविध संस्कृतियों, अनुपम प्राकृतिक स्थलों और किफायती पर्यटन स्थलों का एक शक्तिशाली केंद्र है, इस कारण यहाँ सतत पर्यटन की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।कुछ कारण जिनकी वजह से पर्यटक अब हरित विकल्प चुन रहे हैं, वे हैं-

24% लोग अपने मूल्यों और नैतिकता से प्रभावित हैं।

21% लोग लग्जरी की बजाय असली और सच्चे अनुभव पसंद करते हैं।

21% लोग पीक सीजन की भीड़ से बचने के लिए ऑफ-रोड गंतव्यों की यात्रा करना पसंद करते हैं।16% लोग पर्यावरण के अनुकूल यात्रा की आदतों से प्रभावित हैं, क्योंकि वे पर्यावरण के अनुकूल ठहरने और सार्वजनिक परिवहन या साइकिल से यात्रा करना पसंद करते हैं।

इन आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय पर्यटन मंत्रालय ने भारत में सतत पर्यटन व्यवसाय का विस्तार करने के लिए एक नई ट्रैवल ऑफ लाइफ योजना शुरू की है। आप सभी संधारणीय प्रथाओं का पालन करने वाले पर्यावरण के अनुकूल ठहरने के लिए ऑनलाइन सर्वश्रेष्ठ होटल बुकिंग डील्स पा सकते हैं!

भारतीय गंतव्यों में टिकाऊ पर्यटन

भारत में संधारणीय पर्यटन की शुरुआत आपसे होती है, इसलिए इस 2025 में, ऐसे अविश्वसनीय स्थलों पर जाएँ जो कम बजट में संधारणीयता की बात करते हैं! कुछ शीर्ष संधारणीय पर्यटन स्थलों में शामिल हैं-

सिक्किम

100% जैविक राज्य, जो हिमालय पर्वत के बेजोड़ दृश्य, समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों की पेशकश करता है। सिक्किम की मनमोहक घाटियों में ट्रैकिंग करना एक ज़रूरी काम है। यहाँ प्लास्टिक की बोतलों पर प्रतिबंध है।

माजुली द्वीप, असम

दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप, माजुली द्वीप, प्रदूषण से रहित है और यहाँ प्लास्टिक की भी चिंता नहीं है।

तेनमाला, केरल

भारत का पहला इको-टूरिस्ट सेंटर, थेनमाला तिरुवनंतपुरम से 70 किलोमीटर की दूरी पर है, जहाँ स्थानीय लोग अपनी आजीविका चलाने के लिए रोज़ाना शहद और रबर का उत्पादन करते हैं।

मावलिननॉन्ग, मेघालय

एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव भारत में एक ऐसा टिकाऊ पर्यटन स्थल है जहाँ प्लास्टिक और धूम्रपान प्रतिबंधित है।

कुर्ग, कर्नाटक

पश्चिमी घाट में छिपा हुआ, कुर्ग, अपने सुगंधित कॉफी बागानों, हरे-भरे पहाड़ियों और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है, जो टिकाऊ पर्यटन का शिखर है।

भारत एकमात्र ऐसा देश नहीं है जहाँ स्थायी गंतव्य हैं। आप क्योटो, भूटान, फिलीपींस, ताइवान और अन्य जगहों की यात्रा करने के लिए सभी समावेशी टूर पैकेजों और ऑनलाइन वीज़ा सेवाएँ 180 से ज़्यादा गंतव्यों के लिए भी प्राप्त कर सकते हैं।

समर ट्रैवल ट्रिप: छुट्टियों के लिए ये जगहें हैं असरदार

आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप 3 दिन में आराम से घूम सकते हैं। वहीं इन जगहों पर घूमने में ज्यादा खर्च भी नहीं आएगा और आपको सुकून भी मिलेगा। भारत को विविधता का देश कहा जाता है, क्योंकि यहां पर घूमने के लिहाज से एक से बढ़कर एक जगहें मौजूद हैं। वहीं हर सीजन में घूमने वालों की भी कमी नहीं होती है, जब भी घूमने का मन करता है, तो बैग करते हैं और घूमने के लिए निकल जाते हैं। किसी को बीच पर जाना पसंद होता है, तो किसी को पहाड़ों पर घूमना पसंद होता है। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लंबी छुट्टी मिलना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में अगर 2-3 दिन का समय मिलता है, तो सबसे पहले यही ख्याल आता है कि कहीं घूमने जाएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप 3 दिन में आराम से घूम सकते हैं। वहीं इन जगहों पर

घूमने में ज्यादा खर्च भी नहीं आएगा और आपको सुकून भी मिलेगा।

गोवा

अगर आपको बीच पर चिल या रिलैक्स करना पसंद है और नाइट लाइफ को एंजॉय करना चाहते हैं, तो गोवा से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं है। 3 दिन की ट्रिप के लिए गोवा बेस्ट है। यहां के बीच काफी फेमस हैं। यहां पर आपको स्टे के लिए होटल्स और घूमने के लिए स्कूटी आसानी से मिल जाएगी।

मैक्लोडगंज

अगर आपको भी हिल स्टेशन पसंद है, तो आपको मैक्लोडगंज जाना चाहिए। यहां पर आपको तिब्बती कल्चर और बौद्ध मठ देखने को मिलेंगे। वहीं आप यहां पर ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकती हैं। अगर कम बजट में अच्छी जगह एक्सप्लोर करना चाहती हैं, तो यह जगह परफेक्ट है।

पुदुचेरी

पुदुचेरी को मिनी फ्रांस भी कहा जाता है। यहां की रंग-बिरंगी गलियां और कैफे काफी ज्यादा खूबसूरत होते हैं। यहां के फ्रेंच आर्किटेक्चर आपको विदेश जैसा वाइब देते हैं। आप यहां पर स्कूटी से आराम से घूम सकते हैं।

उदयपुर

राजस्थान की गिनती देश के सबसे खूबसूरत राज्यों में होती है। राजस्थान में एक से बढ़कर एक खूबसूरत जगहें हैं। उदयपुर भी उन्हीं में से एक है। अगर आप कुछ अलग और रॉयल एक्सपीरियंस करना चाहते हैं, तो आपको उदयपुर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर झीलों और महलों की खूबसूरती आपका दिल जीत लेगी।

ऋषिकेश

यह जगह लोगों की ऑल टाइम फेवरेट डेस्टिनेशन बन चुका है। ऋषिकेश उन लोगों के लिए बेस्ट है, जिनको सुकून और एडवेंचर दोनों ही पसंद है। आप यहां पर कैंपिंग और रिवर राफ्टिंग दोनों का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा ऋषिकेश का बंजी जंपिंग फेमस है। वहीं यहां पर गंगा किनारे बैठने में अलग ही सुकून मिलता है।

अपने दोस्तों के साथ यास आइलैंड, अबू धाबी में जिंदगी को यास बोलें!

अपने रोज़मर्रा के जीवन को एक रोमांचक मोड़ दें और यास आइलैंड, अबू धाबी की ओर एक साहसिक सफ़र पर निकलें अपने सबसे अच्छे यारों को भी साथ ले जाएं, ताकि आप सभी को अपनी पसंदीदा बॉलीवुड फ़िल्म के मुख्य किरदार जैसा महसूस हो। यकीन मानिए, यास आइलैंड अबू धाबी की यह मज़ेदार यात्रा उतनी ही यादगार होगी जितनी कोई दिल को छू लेने वाली फ़िल्म इसकी गारंटी देता है वह पाँच-एपिसोड वाला विशेष श्रृंखला, जिसमें आपके चहेते द बॉयज़ नज़र आते हैं!

यास आइलैंड अटट्रक्शन्स की श्रृंखला

हर किसी को अपनी दोस्ती को और मज़बूत करने के लिए थोड़े उत्साह की ज़रूरत होती है– और यास आइलैंड अबू धाबी के आकर्षण ठीक वही करते हैं, जैसा कि जिंदगी को यास बोलो की कास्ट ने भी साबित कर दिया है! इस अनौपचारिक प्रीक्वल की पृष्ठभूमि में जो प्रमुख स्थल दिखाई देते हैं, उनमें यास मरीना सर्किट, सीवर्ल्ड यास आइलैंड, अबू धाबी, फेरारी वर्ल्ड अबू धाबी, वार्नर ब्रदर्स वर्ल्डइ अबू धाबी और भी बहुत कुछ- सभी थीम पार्क वातानुकूलित हैं, इसलिए यह सभी महीनों, मूड और मौसमों के लिए एकदम उपयुक्त है।

यास आइलैंड का थीम पार्क सिर्फ़ एक साधारण रोमांच स्थल नहीं है, बल्कि यह एक रोमांचकारी अनुभव प्रदान करता है विशेष रूप से वॉर्नर ब्रदर्स वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी में, जहाँ अत्याधुनिक 29 आकर्षण मौजूद हैं। यहाँ आपको छह विशेष थीम पर आधारित क्षेत्र मिलेंगे– कार्टून जंक्शन की हास्य दुनिया से लेकर अंधकारमय गॉथम सिटी तक, जहाँ बैटमैन का राज चलता है! फरारी वर्ल्ड में स्थित फॉर्मूला रोसा दोस्ती की डोर को और भी मज़बूत करने का एक उत्तम स्थान है, जहाँ यह राइड 149 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती है। यास आइलैंड, अबू धाबी एक सुंदर समुद्रतट पर दृश्य परिवर्तन का भी

शानदार अवसर देता है– क्योंकि हर गहरी और सच्ची दोस्ती को एक भावनात्मक सूर्यास्त के समय समुद्र किनारे की बातचीत की ज़रूरत होती है। अगर आपको यात्रा के लिए प्रेरणा चाहिए तो ज़िन्दगी को यास बोल के एपिसोड देखें! 2025 में अपने दोस्तों के साथ एक सहज रोमांच के लिए यास आइलैंड होटल्स या बेस्ट होटल्स इन अबू धाबी और अबू धाबी की सस्ती फ्लाइट टिकटें प्राप्त करें! अपनी निजी दुबई टूर पैकेज को फ्रीज करें ताकि आपकी मज़ेदार छुट्टी में लग्ज़री का तड़का लग सके और यूएई की यात्रा और भी खास बन जाए। यास आइलैंड अबू धाबी में हर चुनौती का जवाब सिर्फ़ एक ही होता है हाँ, यास! ठीक वैसे ही जैसे हमारे तीन साथियों ने किया। तो बस सही समय पर पहुंचिए, यानी इस अवधि के बीच-

फरारी वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 8 बजे शाम तक।

यास वाटरवर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 6 बजे शाम तक।

वॉर्नर ब्रदर्स वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 10 बजे रात तक।

सीवर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 8 बजे शाम तक।

यह समय बदल सकते हैं, कृपया अपनी यात्रा से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी चेक करें। वेबसाइट के माध्यम से खरीद के लिए उपलब्ध मल्टी-थीम पार्क पैकेजों के साथ यास द्वीप के हर कोने का अन्वेषण करें। महिलाओं, अपनी सबसे अच्छी दोस्त को साथ लीजिए और 25 अप्रैल 2025 को यास आइलैंड, अबू धाबी में होने वाली महिलाओं के लिए विशेष रोमांचों का आनंद लें, जो 1 बजे दोपहर से 10 बजे रात तक आयोजित होंगे! इस दिन, यास आइलैंड टूरिज़्म पार्क इन घंटों के दौरान केवल महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा।

यास आइलैंड पैकेजेस

तो, अपने जीवन के सबसे बड़े रोमांच को यास कहें, जहां यादें बनाना इतना आसान है, जैसे तीनों दोस्तों का मिलना! अक्बरट्रवेल्स.कॉम के ज़रिए यास आइलैंड हॉलिडे पैकेजेस के लिए सभी-समावेशी बेहतरीन ऑफ़र बुक करने से आपको आइलैंड तक की एक साधारण सवारी से कहीं ज़्यादा कुछ मिल सकता है, जिसमें अबू धाबी में रोमांच, बेहतरीन ठहरने की जगहें आदि शामिल हैं! उनके पास न केवल शानदार डील्स हैं जो आपको कहीं और नहीं मिलेंगी बल्कि आपके ट्रिप बुकिंग को बिना किसी परेशानी के सुनिश्चित करने के लिए 45+ सालों का अनुभव भी है! यास आइलैंड अबू धाबी में कुछ रोमांचक थीम वाले आगामी

कार्यक्रम भी हैं, जिनमें मम्मा मिया संगीत कार्यक्रम, अबू धाबी कॉमेडी सीज़न के दौरान हास्य कलाकारों की एक वैश्विक लाइनअप, यूएफसी फाइट नाइट और बहुत कुछ शामिल हैं। अकबर ट्रावेल्स- 45 साल से अधिक समय से हम आपके लिए यात्राएँ यादगार बना रहे हैं।

खास पलों को संवारने का काम अकबर ट्रैवल्स को सौंप दें, जो 1978 से यात्रा के क्षेत्र में छाई हुई है, यह सबसे पुरानी और सबसे भरोसेमंद कंपनियों में से एक है!

कोणार्क की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति पर्यटकों को करती है आकर्षित

कोणार्क का प्रमुख आकर्षण है कोणार्क सूर्य मंदिर। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है और 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेव ढ्ढ द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर अपनी विशाल और अद्भुत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। कोणार्क, ओडिशा राज्य का एक प्रमुख शहर है, जो अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यह शहर खासकर अपने प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता है, जो यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। कोणार्क न केवल अपने मंदिरों और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति भी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

कोणार्क सूर्य मंदिर- स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण

कोणार्क का प्रमुख आकर्षण है कोणार्क सूर्य मंदिर। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है और 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेवढ्ढ द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर अपनी विशाल और अद्भुत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर की संरचना एक विशाल रथ (रथ का रूप) की तरह बनाई गई है, जो सूर्य देवता की यात्रा को दर्शाता है। इसके चार पहिये और घोड़े की मूर्तियाँ अत्यधिक बारीकी से बनायी गई हैं।

कोणार्क सूर्य मंदिर के दीवारों पर उकेरी गई चित्रकला और शिल्पकला भारतीय स्थापत्य का एक अद्वितीय उदाहरण है। यहाँ की मूर्तियाँ और नक्काशी दर्शाती हैं कि उस समय के शिल्पकारों ने कितना उच्च स्तर का कला कौशल हासिल किया था। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय शिल्पकला और वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

कोणार्क बीच

कोणार्क का एक और प्रमुख आकर्षण है यहाँ का सुंदर समुद्र तट, जिसे कोणार्क बीच कहा जाता है। यह समुद्र तट अपनी शांत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।

धरोहर

कोणार्क में केवल सूर्य मंदिर ही

पर्यटक यहाँ सूर्योदय और सूर्यास्त का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। यह समुद्र तट उन लोगों के लिए आदर्श है जो समुद्र के नजदीक शांति और सुकून की तलाश करते हैं। साथ ही, यहाँ विभिन्न जल क्रीड़ाओं का भी आनंद लिया जा सकता है, जैसे कि स्विमिंग, बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स।

कोणार्क की ऐतिहासिक

नहीं, बल्कि अन्य ऐतिहासिक स्थल भी हैं जो इस क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। कोणार्क म्यूजियम में पर्यटक इस क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ की पुरानी मूर्तियाँ, शिल्पकला और अन्य पुरातात्विक वस्तुएं इस क्षेत्र की समृद्ध धरोहर को उजागर करती हैं।

कोणार्क महोत्सव

कोणार्क नृत्य महोत्सव हर साल दिसंबर महीने में आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव में ओडिशा के पारंपरिक नृत्य रूपों, जैसे कि ओडिसी नृत्य, के शानदार प्रदर्शन होते हैं। यह महोत्सव कोणार्क सूर्य मंदिर के पास खुले आकाश के नीचे आयोजित होता है, जहाँ पर्यटक और कलाकार एक साथ ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मनाते हैं। यह महोत्सव कला और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है।

नजदीकी पर्यटक स्थल

कोणार्क के आसपास कई अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। चिलिका झील जो एशिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है, केवल 30 किलोमीटर दूर स्थित है। यह झील अपने प्राकृतिक सौंदर्य और पक्षी अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ आप बोटिंग का आनंद ले सकते हैं और पक्षियों को देख सकते हैं। इसके अलावा, पुरी और भुवनेश्वर जैसे अन्य पर्यटन स्थल भी कोणार्क के पास स्थित हैं, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय

कोणार्क यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहाँ का तापमान बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में असुविधा हो सकती है। कोणार्क एक अद्भुत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है, जो अपनी प्राचीन वास्तुकला, सूर्य मंदिर और समुद्र तट के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर पर्यटकों को आकर्षित करती है। अगर आप भारतीय इतिहास, संस्कृति और वास्तुकला के प्रति रुचि रखते हैं, तो कोणार्क एक अवश्य देखे जाने योग्य स्थान है। यह जगह हर साल लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

संजय राउत के ट्रंप की पोस्ट पर भाजपा का हमला

संबोधित

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

नई दिल्ली। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित पोस्ट पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताया। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने राउत को भारतीय राजनीति का जोकर बताते हुए उन पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का आरोप लगाया। पूनावाला ने कहा कि संजय राउत भारतीय राजनीति के जोकर हैं। वह और राहुल गांधी घरेलू राजनीतिक लड़ाई के लिए भारत की छवि खराब करने की सुपारी लेकर बैठे हैं। मोदी विरोध में ये लोग देश का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि दुनिया भर में भारतीय लोकतंत्र की सराहना हो रही है, लेकिन विपक्ष चुनावी प्रक्रिया को लेकर झूठे नैरेटिव फैलाने में जुटा है। पूनावाला ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और खबरों के मुताबिक ट्रंप ने भी भाजपा को बधाई दी है। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब भी चुनाव परिणाम उनके पक्ष में नहीं आते, तब वे संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने लगते हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर राउत ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में उन्होंने उन खबरों पर सवाल उठाए, जिनमें दावा किया गया था कि ट्रंप ने चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। राउत ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव भारत के संघीय लोकतंत्र का आंतरिक मामला है और किसी बाहरी नेता की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया समय से पहले और अनुचित प्रतीत होती है। राउत ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंताएं भी जताईं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान डर, दबाव और प्रशासनिक पक्षपात की शिकायतें सामने आईं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम करता नहीं दिखा और उसकी कार्यप्रणाली भाजपा के पक्ष में नजर आई, जिससे संस्थागत निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए।

केरलः अंगदान रैकेट का भंडाफोड़, फर्जी दस्तावेज बनवाने के आरोप में पांच गिरफ्तार

कोच्चि। केरल में शुक्रवार को अंगदान रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। फर्जी दस्तावेज बनवाने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार हुए हैं। केरल पुलिस ने अंगदान करने वालों और प्राप्तकर्ताओं के लिए जाली दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में शुक्रवार को पांच लोगों को हिरासत में लिया गया और कई स्थानों पर छापेमारी की गई। कुन्नाथुनाडु पुलिस ने छापेमारी के बाद दो मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान एर्नाकुलम जिले के पेरिंगाला के नजीब कल्लाथारा और उनकी पत्नी रशीदा, एर्नाकुलम के कुन्नाथुनाडु के सनी वर्गीस और उनकी पत्नी सिनी वर्गीस और एर्नाकुलम के चेलक्कुलम, पट्टीमट्टम के सनोज केपी के रूप में की है।

आरोपियों को उनके आवासों और पल्लीकारा स्थित एक डिजिटल स्टूडियो पर छापेमारी के बाद हिरासत में लिया गया। पुलिस इस रैकेट का हिस्सा होने के संदेह में आसिफ की भी तलाश कर रही है। अंगदान प्रक्रिया में जटिल सत्यापन शामिल होता है, जिसके लिए पुलिस, स्थानीय निकायों, डॉक्टरों, विधायकों और सांसदों से प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। आरोपियों ने कथित तौर पर ऐसे प्रमाण पत्रों में हेराफेरी की थी। छापेमारी के दौरान कंप्यूटर, मोबाइल फोन और डीवीआर जब्त किए गए। गिरोह ने कोच्चि के दो निजी अस्पतालों के जाली लेटरहेड और फर्जी पुलिस मंजूरी प्रमाण पत्र बनाए थे। उन्होंने पूर्व विधायक सीएच कुन्हाम्बु, केपी मोहनन, दलीमा जोजो, सांसद हिबी ईडन, के राधाकृष्णन और पूर्व मुख्य सचेतक एन जयराज के फर्जी पत्र और लेटरपैड भी तैयार किए थे। अंबलपुझा के पुलिस उप अधीक्षक और कुन्नमकुलम के सहायक पुलिस आयुक्त के लेटरहेड भी जाली बनाए गए थे। आरोपियों ने कई प्रमुख डॉक्टरों के सिफारिशी पत्रों में भी हेराफेरी की थी। पुलिस ने उन लोगों के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू कर दी है, जिन्होंने कथित तौर पर इस गिरोह से अंगदान प्रक्रियाओं के लिए सहायता प्राप्त की थी।

राज्यपाल पद की जरूरत ही नहीं, तमिलनाडु में सियासी संकट के बीच कनिमोझी का बड़ा हमला

चेन्नई। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के बाद बने त्रिशंकु हालात के बीच डीएमके की वरिष्ठ नेता और थूथुकुड़ी सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने राज्यपाल पद को लेकर अपनी पार्टी का पुराना रुख एक बार फिर साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि डीएमके शुरू से ही राज्यपाल पद को खत्म करने की मांग करती रही है और इस मुद्दे पर पार्टी की सोच कभी नहीं बदली।

न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कनिमोझी ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों ने संवैधानिक प्रक्रियाओं पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। खासतौर पर चुनाव परिणाम आने के बाद सरकार गठन में हो रही देरी को लेकर उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा डीएमके का यह स्पष्ट मत है कि देश में राज्यपाल पद की आवश्यकता नहीं है। हमने हमेशा यही कहा है और आज भी अपने रुख पर कायम हैं।

कनिमोझी ने माना कि इस बार तमिलनाडु की जनता ने किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं दिया, जिसकी वजह से राजनीतिक असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में जनता का फैसला सबसे ऊपर होता है और सभी दलों को उसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्पष्ट जनादेश नहीं मिलने के कारण सरकार गठन में देरी और कई तरह की राजनीतिक उलझनें सामने आ रही हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज थी कि डीएमके बाहर से एआईएडीएमके को समर्थन देकर सरकार गठन में मदद कर सकती है। लेकिन कनिमोझी ने इन खबरों को पूरी तरह अफवाह बताया। उन्होंने कहा हर अफवाह पर प्रतिक्रिया देना संभव नहीं है। साथ ही एआईएडीएमके द्वारा सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या होने के दावे पर भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। तमिलनाडु में चुनाव परिणाम आने के बाद भी सरकार गठन को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, जिससे राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज बनी हुई हैं। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, टीवीके को 108 सीटें मिली हैं और कांग्रेस के पांच विधायकों का समर्थन भी उसके साथ माना जा रहा है। इसके बावजूद पार्टी बहुमत के आंकड़े से पीछे है। वहीं डीएमके को 59 और एआईएडीएमके को 47 सीटों पर जीत मिली है। सूत्रों के मुताबिक, तमिलनाडु की प्रमुख पार्टियां सत्ता समीकरण साधने के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम कर रही हैं। अब सबकी नजर राज्यपाल के अगले संवैधानिक कदम पर टिकी हुई है।

मणिपुर में सुरक्षा हालात का सेना ने लिया जायजा

मणिपुर। मणिपुर में हालिया हिंसा और सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारतीय सेना ने राज्य में अपनी तैयारियों और तैनाती का व्यापक आकलन किया। स्पीयर कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने राज्य के अग्रिम और संवेदनशील इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था तथा सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। सेना की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, लेफ्टिनेंट जनरल कालिया ने रेड शील्ड डिवीजन के अंतर्गत आने वाले कांगवाई, सेंद्र, लितान और इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में तैनात जवानों और अधिकारियों से बातचीत कर मौजूदा सुरक्षा हालात की जानकारी ली। कोर कमांडर ने हाल में हुई तांगखुल-कुकी झड़पों से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने जमीन पर तैनात सैनिकों की सतर्कता, पेशेवर क्षमता और कठिन परिस्थितियों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की। सेना के अनुसार, उन्होंने जवानों से कहा कि क्षेत्र में शांति कायम रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बनाए रखना जरूरी है। दौरे के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल कालिया ने लेइमाखोंग सैन्य स्टेशन स्थित रेड शील्ड ड्रोन लैब का भी निरीक्षण किया। यहां सेना द्वारा स्वदेशी ड्रोन असेंबली, मरम्मत और ड्रोन युद्धक प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने उन्हें मिशन आधारित ड्रोन तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों के बारे में जानकारी दी। कोर कमांडर ने ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में सैनिकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और तकनीकी दक्षता की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में आधुनिक तकनीक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। भारतीय सेना ने कहा कि यह दौरा क्षेत्र में परिचालन क्षमता को और मजबूत करने, तकनीकी संसाधनों को बढ़ाने तथा मणिपुर में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

तमिलनाडु में कांग्रेस का प्रदर्शन, खरगे ने डी राजा से की बात

नई दिल्ली। तमिलनाडु कांग्रेस समिति ने शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ लेंकर के खिलाफ राज्यभर में प्रदर्शन शुरू किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया, जबकि वह हाल के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

चेन्नई के अन्ना सलाई में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरिश चोडणकर और टीएनसीसी अध्यक्ष के. सेल्वापेरुथगाई ने किया। उन्होंने कहा कि राजभवन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है और लोकतंत्र के नियमों को कमजोर कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान गिरिश चोडणकर ने राज्यपाल पर सरकार गठन में देरी को लेकर कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार काम कर रहे हैं। उन्होंने इसे राज्यपाल की समस्या बताया। जब डीएमके और एआईएडीएमके के साथ आने की चर्चा पर सवाल पूछा गया, तो चोडणकर ने कहा कि उन्हें साथ आने दीजिए, इससे लोगों के सामने सच्चाई आ जाएगी कि कौन धर्मनिरपेक्ष है और कौन नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाकपा के महासचिव डी. राजा से बात की और उनसे अपील की कि वे तमिलनाडु में टीवीके को समर्थन दें ताकि एक धर्मनिरपेक्ष सरकार बन सके। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, खरगे ने गुरुवार को राजा को फोन किया और कहा कि भाकपा को जल्दी फैसला लेना चाहिए, ताकि भाजपा को पीछे के रास्ते से सत्ता पाने का मौका न मिले। राजा ने कहा कि भाकपा अपने डीएमके जैसे स्थानीय सहयोगियों से चर्चा करके जल्द फैसला लेगी। कांग्रेस पहले से डीएमके की पुरानी सहयोगी रही है। लेकिन बुधवार को उसने अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की और डीएमके से संबंध तोड़ दिए।

गुवाहाटी के खानापारा स्थित वेटरिनरी कॉलेज मैदान में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। असम में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 12 मई को शपथ लेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

केरल में नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त अजय माकन ने कहा, आज हमने कांग्रेस अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंप दी है। आज हमने अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दी। नवनिर्वाचित विधायक दल (सीएलपी) की बैठक ने एक-लाइन का प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कांग्रेस नेतृत्व को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया गया और उस प्रस्ताव की एक प्रति भी सौंप दी गई। हमने विधायकों से एक-एक करके बात की और उन्होंने जो कुछ भी कहा, उसे नोट कर लिया। सिर्फ नाम ही नहीं, बल्कि कई लोगों के पास कहने के लिए बहुत कुछ था। हमने उसे नोट कर लिया है और हाई कमान को सौंप दिया है।

के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर ने कहा, हम हमेशा संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हैं और हमारे नेता राहुल गांधी इनकी रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। आज लोकतंत्र, संविधान और जनादेश पर हमला हो रहा है। हमने जनता के जनादेश का सम्मान किया है। हम जनादेश के साथ विश्वासघात नहीं कर सकते।

गवाहों की गैरहाजरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई में देरी और गवाहों की गैरहाजिरी पर नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि पिछले करीब दो महीनों से किसी भी गवाह की गवाही नहीं हुई है। आइए विस्तार से जानते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के चर्चित लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई में हो रही देरी पर शुक्रवार को गंभीर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि पिछले करीब दो महीनों से ट्रायल में किसी भी गवाह की गवाही नहीं हो सकी है, जबकि मामला बेहद संवेदनशील और गंभीर है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस पर जवाब मांगा और ट्रायल कोर्ट को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ इस मामले से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

चीन भारत के नए राजदूत ने सौंपी साख पत्र की प्रति, दूतावास में आयोजित समारोह में की शिरकत

बीजिंग। भारत के नए राजदूत विक्रम दोरईस्वामी ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय को अपने साख पत्र की प्रति सौंपी और दूतावास के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। वरिष्ठ राजनयिक दुरईस्वामी पहले ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त रह चुके हैं।भारत के नए राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने चीन के सहायक विदेश मंत्री होंग लेई को अपने साख पत्र (क्रेडेंशियल्स) की एक प्रति सौंपी। दुरईस्वामी ने गुरुवार को भारतीय दूतावास में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया, जो ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में लिखा गया। राजदूत दुरईस्वामी ने बीजिंग में चीन के सहायक विदेश मंत्री और प्रोटोकॉल विभाग के महानिदेशक होंग लेई को अपने साख पत्रों की एक प्रति सौंपी। दूतावास की पोस्ट में कहा गया कि सभी ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प को याद करते हुए उन्हें सलाम किया। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के निर्दोष पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने का संकल्प दोहराया गया।

दुरईस्वामी मंदारिन भाषा जानते हैं और अपने करियर के शुरुआत में उन्होंने हांगकांग और बीजिंग स्थित भारतीय मिशनों में भी काम किया।

उनकी यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य झड़प के बाद ये संबंध काफी प्रभावित हुए थे। फिलहाल दोनों देश कई क्षेत्रों में संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसमें वीजा सेवा और सीधी उड़ानों की बहाली भी शामिल है।

यूक्रेन ने सीजफायर तोड़ा, रूस पर दागे सैकड़ों ड्रोन

रूस। रूस का कहना है कि मॉस्को द्वारा युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराए जाने के बाद यूक्रेन ने बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के मुताबिक, 347 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए, जिनमें कई मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे। हमलों के चलते एयरपोर्ट प्रभावित हुए और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध एक बार फिर तेज होता दिख रहा है। रूस ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात यूक्रेन की ओर से दागे गए 347 ड्रोन मार गिराए। मॉस्को के मुताबिक, यह हमला 20 से ज्यादा रूसी क्षेत्रों को निशाना बनाकर किया गया था। इसे युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है। इससे पहले मार्च में यूक्रेन ने 389 ड्रोन लॉन्च किए थे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मॉस्को समेत कई इलाकों में एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय करना पड़ा।

ईरान ने अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत का दावा किया

अमेरिका-ईरान। अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव फिर बढ़ गया है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरेफ ने जल्द बड़ी जीत का दावा किया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संघर्ष विराम अभी भी लागू है।

अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के संघर्ष विराम के बाद होर्मुज स्ट्रेट में फिर से तनाव बढ़ गया है।

ईरान के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरेफ ने दावा किया है कि ईरानी लोग जल्द ही अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ इस लड़ाई में बड़ी जीत का जश्न मनाएंगे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि नई सैन्य झड़पों के बावजूद ईरान के साथ संघर्ष विराम अभी भी लागू है।

इस्लाम टाइम्स के अनुसार, उपराष्ट्रपति आरेफ ने गुरुवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और उद्योगों को हुए नुकसान का आकलन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश जल्द ही जीत का जश्न मनाएगा और होर्मुज स्ट्रेट ईरान का खास इलाका है।

आरेफ ने नेशनल पेट्रोकेमिकल कंपनी, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का दौरा किया। उन्होंने बताया कि देश में पुनर्निर्माण कार्य जारी है और ईरानी लोगों की बड़ी जीत के साथ पाबंदियां हटा दी जाएंगी। आरेफ ने कहा, हम जल्द ही अपनी जीत का जश्न मनाएंगे और देश पर इतने वर्षों से लगे प्रतिबंध और दबाव हटा दिए जाएंगे। दूसरी ओर, ट्रंप ने गुरुवार को लिंकन मेमोरियल रिफ्लेक्टिंग पूल के पास मीडिया से बात करते हुए संघर्ष विराम लागू होने का दावा किया।

उन्होंने कहा, अगर संघर्ष विराम नहीं होता, तो आपको इसका तुरंत पता चल जाता। आपको बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देती।

ट्रंप ने यह भी बताया कि ईरान के साथ संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका का प्रस्ताव केवल एक पन्ने का नहीं, बल्कि कहीं अधिक व्यापक है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब तेहरान पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए वाशिंगटन से मिले संदेश की समीक्षा कर रहा है।

शिपिंग ग्रुप का निरीक्षण करते हुए आरेफ ने होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन को लेकर ईरान की पूरी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह जलमार्ग ईरान के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। आरेफ के अनुसार, ईरानी नियंत्रण में यह जलमार्ग सुरक्षित रहेगा और इससे सभी क्षेत्रीय देशों को फायदा होगा। ईरान दबदबा नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सहयोग चाहता है ताकि इस इलाके को आर्थिक केंद्र बनाया जा सके। ईरान इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर अपनी संप्रभुता बनाए रखने पर जोर दे रहा है।

ट्रंप से जब ईरान के कथित एक पन्ने वाले प्रस्ताव के जवाब के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ एक पेज का प्रस्ताव नहीं है।

है जिसमें ईरान के परमाणु हथियार न रखने की शर्त शामिल है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि ईरान अमेरिका को परमाणु धूल और कई दूसरी चीजें देगा जो वे चाहते हैं। यह प्रस्ताव ईरान के साथ संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से दिया गया है।

भारत के एयर ऑपरेशन के सामने कमजोर साबित हुआ PAK का रक्षा नेटवर्क

काबुल। भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आई नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस अभियान ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल नेटवर्क और लड़ाकू विमानों की वास्तविक क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय हमलों के दौरान कई अहम सैन्य ठिकानों की सुरक्षा में पाकिस्तानी सिस्टम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। भारत का ऑपरेशन सिंदूर इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण था कि पाकिस्तान की रक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं निकली जितना दावा किया जाता था। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, जब पाकिस्तान के रक्षा प्रणालियों को रियल-टाइम टारगेटिंग, एकीकृत वायु रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के विरुद्ध परखा गया तो वे उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

डॉलर के दबदबे को चुनौतीः चीनी युआन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता

वॉशिंगटन। वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में चीन की करेंसी युआन का बढ़ता दबदबा अमेरिका को परेशान कर रहा है। अब अमेरिकी सांसदों ने सीनेट में एक प्रस्ताव पेश कर ट्रंप सरकार को चेतावनी दी है। आइए जानते हैं कि रिपोर्ट में क्या-क्या है और किसी तरह से चीन, अमेरिका के वित्तीय सिस्टम को चुनौती दे रहा है। अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने अमेरिकी डॉलर को दुनिया की रिजर्व करेंसी का दर्जा देने के लिए एक प्रस्ताव फिर से पेश किया है। सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि चीन, युआन के आस-पास एक दूसरी वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाने की कोशिशें तेज कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर्स के इस समूह में दोनों दलों के सांसद शामिल हैं। टेड बड और जीन शाहीन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि युआन को अंतरराष्ट्रीय बनाने की बीजिंग की कोशिश से अमेरिका और उसके साथियों के लिए आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा का खतरा है। प्रस्ताव के साथ जारी एक बयान में बड ने कहा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में लगातार सहयोग और लगातार सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिकी डॉलर ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर अपना स्टेटस बनाए रखे। उन्होंने कहा, वर्षों से, चीन, अमेरिका और हमारे साझेदारों की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को निशाना बनाते हुए अपने वैश्विक वित्तीय असर को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बड ने चेतावनी दी कि चीन को ग्लोबल करेंसी फ्लो को बढ़ाने और दूसरा फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की इजाजत देना नीति की विफलता होगी जो दुनिया की अर्थव्यवस्था को विभाजित कर सकता है। इससे फ्री मार्केट की लगातार ग्रोथ को खतरा हो सकता है, खासकर विकासशील देशों उन्होंने कहा, अमेरिकी डॉलर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिरता और खुशहाली लाने वाली भूमिका बनाए रखनी चाहिए। शाहीन ने कहा कि डॉलर का दबदबा सीधे तौर पर अमेरिकी आर्थिक ताकत और ग्लोबल असर से जुड़ा है। उन्होंने कहा, अमेरिकी डॉलर को ग्लोबल रिजर्व करेंसी के तौर पर बनाए रखना न सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था की लंबे समय की स्थिरता और खुशहाली के लिए जरूरी है, बल्कि यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी बहुत जरूरी है। इसमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के डेटा का जिक्र है, जिससे पता चलता है कि 1999 में ग्लोबल करेंसी रिजर्व में डॉलर का हिस्सा लगभग 71 फीसदी था, लेकिन 2025 की तीसरी तिमाही तक यह घटकर 56.82 फीसदी रह गया। इसी समय के दौरान चीनी युआन का हिस्सा 1.93 फीसदी था।

अमेरिकी सांसदों ने चीन पर नॉन-मार्केट, फिक्स्ड एक्सचेंज रेट बनाए रखने का भी आरोप लगाया गया है। इससे युआन की कीमत कम रहती है और व्यापार में असंतुलन पैदा होता है।

एक विकसित देश ने कोविड संकट के दौरान की टीके की जमाखोरी, हमने दूसरों की मदद कीः जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सूरीनाम में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अब वित्त, तकनीक, संसाधनों व भूगोल तक का इस्तेमाल रणनीतिक हथियार के तौर पर किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कोविड वैक्सीन की जमाखोरी को लेकर बड़ा दावा किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलते समीकरणों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में वित्त, संसाधनों, तकनीक, कनेक्टिविटी और भूगोल तक को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। सूरीनाम समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी शक्तियां अब बाजार, संसाधनों और प्रभाव का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों को साधने के लिए कर रही हैं। विदेश मंत्री कैरेबियन के तीन देशों के चल रहे दौरे पर हैं, जो 2 से 10 मई तक चलेगा।

जयशंकर ने कहा कि दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही और वैश्विक शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कभी अमेरिका को ऊर्जा आयातक देश माना जाता था, लेकिन अब वह दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा निर्यातकों में शामिल हो गया है, जिसका वैश्विक नीतियों पर बड़ा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक ऐसे नए दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है और अनिश्चितता पहले से कहीं अधिक हो गई है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और सूरीनाम जैसे देश एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक व्यवस्था देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बदलती विश्व व्यवस्था में भरोसेमंद साझेदारी और वैश्विक सहयोग की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है।

कोविड महामारी का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि उस समय कई देशों ने वैक्सीन का जमाखोरी की थी। उन्होंने बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि एक विकसित देश ने अपनी आबादी से आठ गुना ज्यादा वैक्सीन जमा कर ली थी। इसके विपरीत भारत ने वैश्विक जिम्मेदारी निभाते हुए बड़ी संख्या में देशों और अंतरराष्ट्रीय पहलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई।

उन्होंने कहा कि एक अच्छे साझेदार की पहचान यही है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक कल्याण के बीच संतुलन बनाए। जयशंकर ने कहा कि भारत ने महामारी के दौरान यही दृष्टिकोण अपनाया और जरूरतमंद देशों की मदद के लिए आगे आया।

प्रयागराज मंडल के 27 रेलवे स्टेशनों पर मिलेगा ठंडा व सस्ता आरओ पानी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। गर्मी के मौसम में रेल यात्रा करने वाले लोगों को उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज मंडल के 27 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अब यात्रियों को शुद्ध और शीतल जल के लिए महंगे बोतलबंद पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने इन स्टेशनों पर आधुनिक 'वाटर वेंडिंग मशीन' लगाने का निर्णय लिया है। यात्री बोतल में मात्र पांच रुपये प्रति लीटर की दर से ठंडा और शुद्ध आरओ पानी प्राप्त कर सकेंगे।

रेलवे इस पूरी परियोजना को पारदर्शी बनाने के लिए दो अलग-अलग तारीखों पर ई-नीलामी करेगा। चयनित ठेकेदारों को पांच वर्षों के लिए इन मशीनों के संचालन और रखरखाव का जिम्मा सौंपा जाएगा। पहली नीलामी 12 मई को होगी। इसमें 14 स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिनमें चुनार, झिझक, एटा, शंकरगढ़, फफूंद, डभौरा, मनौरी, बरगढ़, मांझा रोड, खागा, सिराथू, हाथरस, भरवारी और मेजा रोड शामिल हैं। दूसरी नीलामी 14 मई को होगी। इस चरण में शेष 13 स्टेशनों जैसे फतेहपुर, रूरा, घोला, अचलदा, दादरी, पनकीधाम, दनकौर, फिरोजाबाद, जलेसर सिटी, बिंड़की रोड, खुर्जा, मैनपुरी और भरथना के लिए बोलियाँ लगाई जाएंगी।

यात्रियों की भारी आवाजाही को देखते हुए स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन मशीनों की संख्या निर्धारित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहपुर स्टेशन पर सर्वाधिक सात मशीनें लगाई जाएंगी। वहीं खुर्जा और चुनार जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पांच-पांच मशीनों के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मशीनों का स्थान चयन यात्रियों की सुविधा और भीड़ को ध्यान में रखकर किया गया है।

वर्तमान में यात्रियों को स्टेशन पर 'रेल नीर' या अन्य ब्रांडेड बोतलबंद पानी के लिए चौदह से पंद्रह रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद, यात्रियों के खर्च में भारी कमी आएगी। इसके अलावा, जिन यात्रियों के पास अपनी बोतल नहीं होगी, उन्हें मशीन पर ही न्यूनतम अतिरिक्त शुल्क देकर बोतल सहित पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का एक बड़ा फायदा पर्यावरण को भी होगा। खुद की बोतल इस्तेमाल करने को प्रोत्साहन मिलने से स्टेशनों पर फेंकी जाने वाली 'सिंगल यूज प्लास्टिक' बोतलों के कचरे में प्रभावी कमी आएगी। वाटर वेंडिंग मशीनें 24 घंटे बैक्टीरिया-मुक्त और शुद्ध मिनरल वाटर की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी। नई रेट लिस्ट के अनुसार रेलवे द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार, पानी की मात्रा और कीमत (बोतल यात्री की) 300 मिली दो रुपये में, 500 मिली तीन रुपये, 1 लीटर पांच रुपये में, 2 लीटर आठ रुपये में और 5 लीटर :बीस रुपये में निर्धारित की गई है। यदि यात्री के पास बोतल नहीं है, तो बोतल के साथ दरें क्रमशः तीन, पांच, आठ, बारह और पच्चीस रुपये होंगी।

वाटर वेंडिंग मशीन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू: पीआरओ

प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि वाटर वेंडिंग मशीन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराना है। पिछले महीने भी छिवकी समेत आठ स्टेशनों पर मशीनें लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसके विस्तार के रूप में अब यह नई सूची जारी की गई है।

सगाई टूटने पर योगी को बम से उड़ाने की धमकी

- शाहजहांपुर का सफाईकर्मी गिरफ्तार, लड़की के भाई को फंसाना चाहता था

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। सगाई टूटने पर शाहजहांपुर के युवक ने सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी दे दी। लड़की के भाई को फंसाने के लिए उसने व्हाट्सएप और फेसबुक पर धमकी भरा पोस्ट किया। आरोपी ने धमकी के साथ लड़की के भाई का नंबर टैग कर दिया। प्रयागराज पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा कि पूछताछ में उसने जुर्म कुबूल कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी नितेश कटियार की शादी मेट्रीमोनियल वेबसाइट के जरिए तय हुई थी। लड़की वाले प्रयागराज के मऊआइमा में रहते हैं। दोनों की सगाई हुई। लेकिन कुछ दिन बाद ही लड़की वालों ने यह कहकर रिश्ता तोड़ दिया कि बेटी को खुद से दूर नहीं भेजेंगे। इससे नितेश भड़क गया। लड़की के भाई पवन चौरसिया से उसका विवाद हो गया। दोनों के बीच काफी कहासुनी हुई। नितेश ने पवन को फंसाने की प्लानिंग कर डाली। उसने 6 मई को योगी को जान से मारने की धमकी दे डाली। योगी को धमकी वाले पोस्ट के बाद पुलिस एक्शन में आ गई। मोबाइल नंबर के आधार पर पवन को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान पवन ने पूरी बात बताई और नितेश पर शक जाहिर किया। इसके बाद पवन ने नितेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। फिर, पुलिस 7 मई को जलालाबाद पहुंची और नितेश कटियार को गिरफ्तार कर प्रयागराज ले आई। आरोपी नितेश कटियार, शाहजहांपुर के जलालाबाद कस्बे में मोहल्ला बुहन्नान का रहने वाला है। जलालाबाद नगर पंचायत में संविदा सफाईकर्मी है। जबकि लड़की का भाई पवन बेंगलुरू में मैकेनिकल इंजीनियर है। पवन ने बताया कि सगाई टूटने के बाद नितेश ने फोन कर मुझे धमकी दी। गालियां दीं।

रेलवे ट्रैक किनारे महिला का शव मिला

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में उमरपुर गांव के पास शिवगुलामगंज रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला है। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बक्शा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह भारी पुलिस बल को मौके पर भेजकर शव को कब्जे में लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। आशंका है कि भोर में किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है। स्थानीय लोगों ने यह भी संभावना जताई है कि महिला ट्रेन से गिर गई होगी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

- पीयू में एनसीसी यूनिट ने किया आयोजन, सेना के शौर्य को किया नमन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एनसीसी यूनिट द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ विश्वविद्यालय परिसर स्थित संकाय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में अत्यंत उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में भारतीय सेना के पराक्रम, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना को याद करते हुए युवाओं को देशभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनसीसी प्रभारी एवं संयोजक डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित प्रेरणादायी लघु वीडियो प्रदर्शन से हुआ। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा का जीवंत प्रतीक है, जिसने पूरी दुनिया को भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल सैन्य अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, त्याग और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित 98 यूपी बटालियन एनसीसी के पीआई हवलदार बलवीर कुमार ने बताया कि यह अभियान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के विरुद्ध भारत सरकार की निर्णायक कार्रवाई का उदाहरण बना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाली ताकतों को अब भारत करारा जवाब देगा। यह अभियान युवाओं को राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सुमित सिंह ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए भारतीय सेना के साहस और शौर्य को नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राएं एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

अश्लील वीडियो वायरल करने वाला वांछित गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना सरायमीर-घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना सरायमीर क्षेत्र की एक किशोरी द्वारा प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि विपक्षी राजकुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी निकामुद्दीनपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ द्वारा पीछा कर छेड़छाड़ करना, छेड़छाड़ का वीडियो बनाकर वायरल करना तथा असलहा दिखाकर गाली-गलौज व परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरायमीर पर मु0अ0सं0-111/2026 धारा 75/78/352/351(3) बीएनएस व 67बी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। बाद में मुकदमे में धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट एवं 3/25 शस्त्र अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई।अ0नि0 पंकज कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर शेरवा नहर के पास से अभियुक्त राजकुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी निकामुद्दीनपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ को समय करीब 20:03 बजे गिरफ्तार किया गया।

विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। चाइल्ड केयर क्लिनिक, सिधारी द्वारा विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. डी.डी. सिंह ने बताया कि इस साल विश्व अस्थमा दिवस की थीम 'अस्थमा से पीड़ित सभी लोगों के लिए सूजनरोधी इनहेलर की उपलब्धता, अब भी एक अत्यावश्यक आवश्यकता है '। यह विषय अस्थमा से पीड़ित लोगों को बीमारी के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देता है। डॉ. सिंह ने बताया कि अस्थमा श्वसन तंत्र की बीमारी है, जिसकी शुरुआत एलर्जी से होती है। जिसके कारण श्वांस नली में सूजन हो जाती है, जिससे मरीज को श्वांस लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अस्थमा के मरीजों को चलने पर सांस फूलना, पूरा वाक्य न बोल पाना, बेहोशी की हालत होना, बार बार छींक आना, सोते समय घरघराहट या सीटी जैसी आवाज आना, बार बार सर्दी या जुकाम होना आदि लक्षण होते हैं। डॉ. डी.डी. सिंह ने कहा कि अस्थमा के बारे में भ्रांति है कि दमा दम से जाता है, परन्तु ऐसा नहीं है। यदि मरीज सावधानी पूर्वक परहेज का पालन करे तो सारी उम्र अस्थमा के झटके से सुरक्षित रह सकता है। अस्थमा के मरीजों के लिए नेबुलाइजर और इन्हेलर कारगर साबित होता है। आकस्मिक स्थिति में इन्हेलर का प्रयोग मरीज की स्थिति सुधारने में सहायक होती है तथा रोग की तीव्रता को कम कर देता है। इन्हेलर और नेबुलाइजर के प्रयोग से दवा सीधे फेफड़े में पहुँचती है, जिससे मरीज को तुरंत आराम मिलता है। डॉ. सिंह ने कहा कि कुछ लोगों को यह भी लगता है कि इन्हेलर का प्रयोग मरीज को आदती बना देता है या इसका दुष्परिणाम होता है, जबकि ऐसा नहीं है। क्योंकि ये दवाएं सीधे फेफड़े में पहुँचती हैं और इनकी मात्रा भी माइक्रोग्राम में होती है। अतः कोई नुकसान पहुंचाने वाली बात नहीं होती है। यह गर्भावस्था और अत्यंत छोटे बच्चों के लिए भी पूर्णतः सुरक्षित है। डॉ. डी.डी. सिंह ने बताया कि ग्लोबल अस्थमा रिपोर्ट 2022 के मुताबिक भारत में तीन करोड़ पचास लाख लोग अस्थमा से पीड़ित हैं।

जनशिकायत निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

अवधनामा संवाददाता

- असंतुष्ट फीडबैक पर अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण
- कई विभागों का संतुष्ट फीडबैक शून्य मिलने पर नाराजगी

मैनपुरी। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कार्य-भार ग्रहण करने के बाद से निरंतर जन-शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध निराकरण के लिए प्रयत्नशील है, आज उन्होंने जूम मीटिंग के दौरान ऐसे विभाग जहां शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है या शासन स्तर से लिए जा रहे फीडबैक में अधिकांश शिकायतों पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुये है, का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान दें यदि शासन स्तर से असंतुष्ट फीडबैक की स्थिति में सुधार न हुआ तो जिम्मेदारी तयकर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में एल-1 अधिकारियों द्वारा लगभग 14 प्रतिशत शिकायतों को स्पेशल क्लोज किया गया है जो किसी भी दशा में उचित प्रतीत नहीं होता, एल-2 अधिकारी स्पेशल क्लोज वाली शिकायतों का स्वय संज्ञान लें। उन्होने विभागवार समीक्षा के दौरान पाया कि मुख्यमंत्री संदर्भ में एस.ओ.सी. चकबंदी, परियोजना अधिकारी नेडा, ए.आर. को-ऑपरेटिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, तहसीलदार सदर, उप जिलाधिकारी घिरोर, खंड विकास अधिकारी जागीर, प्रभारी चिकित्साधिकारी करहल, पशु चिकित्साधिकारी बरनाहल का संतुष्ट फीडबैक शून्य है वहीं हेल्पलाइन में उप निदेशक कृषि, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशासी अभियंता आर.ई.डी., मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डिप्टी आर.एम.ओ., अधिशासी अभियंता ट्यूबवेल, उपायुक्त एन.आर.एल.एम, सचिव मंडी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जन-सुनवाई पोर्टल प्रणाली पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर का संतुष्ट फीडबैक भी शून्य है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण में तहसीलों की स्थिति ठीक नहीं है, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार नेतृत्व देकर शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण पर ध्यान दें।

श्री त्रिपाठी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि आज प्रत्येक दशा में अपने समस्त कर्मचारियों से स्व-गणना का कार्य कराना सुनिश्चित करें, अगले 02 दिन में जनपद के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना का कार्य पूर्ण किया जाना है, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। आज सायं 05 बजे तक 5970 अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना की जा चुकी है, जिसमें शहरी क्षेत्र में तैनात 2205 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात 3765 अधिकारी, कर्मचारी शामिल हैं, सर्वाधिक 1742 मुख्य चिकित्साधिकारी, 1578 बेसिक शिक्षा, 488 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, 350 मनरेगा, 307 माध्यमिक शिक्षा एवं 287 पंचायती राज विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना की जा चुकी है। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित समस्त उप जिलाधिकारियों से कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु गांव-गांव नियमित रूप से कैंप आयोजित कर अवशेष कृषकों की फॉर्मर रजिस्ट्री की जाए। उन्होंने कहा कि तहसील भोगांव में 52, तहसील कुरावली में 31, ई-परवाने एवं तहसील सदर में 20, भोगांव में 21, करहल में 25, घिरोर में 23 बंधक रिपोर्ट शेष है, संबंधित उप जिलाधिकारी ई-परवाना, बंधक रिपोर्ट तत्काल निस्तारण करें।

चोरी की घटना का सफल अनावरण

आजमगढ़। थाना कन्धरापुर - घटना का संक्षिप्त विवरण– वादी द्वारा थाना कन्धरापुर पर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि विपक्षी योगेन्द्र पासवान उर्फ गोगली पुत्र स्व0 चन्द्रधारी निवासी बरईपुर थाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ़ द्वारा वादी के मुर्गी फार्म से टुल्लू मोटर, हैण्ड पाइप का मुखौटा व हैण्डिल, झटका मशीन, पिलास एवं रिंच चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-105/26 धारा 331(3)/305 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना

मंडल चिकित्सालय पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ में हाउस आफिसर के चयन हेतु दिनांक 20.05.2026 को वाक–इन–इन्टरव्यू 12:00 बजे मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, अशोक मार्ग लखनऊ में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार की निर्धारित तिथि एवं स्थान पर संलग्न प्रोफोर्मा पर आवेदन भर कर सभी वांछित प्रपत्रो की स्व–हस्ताक्षरित प्रतिलिपियों तथा मूल प्रमाण पत्रों के साथ सुबह 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इस वाक–इन–इंटरव्यू में पैनल का गठन किया जायेगा। इस पैनल से मेरिट के आधार पर चिकित्सालय में रिक्त होने वाले हाउस ऑफिसर की रिक्तियों को भरा जायेगा **1. आयु सीमा:** अभ्यर्थियों की साक्षात्कार के दिन आयु 35 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को आयु में 05 पांच वर्ष की एवं ओ.बी.सी अभ्यर्थी को 03 तीन वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। **2. न्यूनतम योग्यता :** । एमबीसीएस ॥ एक वर्ष का इटर्नशिप पूर्ण होना चाहिए। ॥। भारत के किसी राज्य चिकित्सा काउन्सिल में पंजीकृत होना चाहिए। **3. मानदेय:** चयनित हाउस आफिसर को दिया जाने वाला मानदेय उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत हाउस आफिसर हेतु निर्धारित मानदेय के समान देय होगा। **4. आवश्यक प्रमाण पत्र:** । शैक्षिक योग्यता के अंकतालिका हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, एमबीबीएस के सभी प्रोफेशनल परीक्षा परिणाम तथा एमबीबीएस परीक्षा में प्रयास का (Attempt) प्रमाण–पत्र ॥ आयु प्रमाण–पत्र। ॥। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओ0बी0सी0 का प्रमाण–पत्र। नोटः– आवेदन का प्रारूप, पात्रता, नियम व शर्तो का विस्तृत विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट https://ner.indianrailways.gov.in के लखनऊ मण्डल में उपलब्ध है।

मंडल कार्मिक अधिकारी

मुजाधि/विविध–07 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अतिया फात्मा (ATIYA FATMA) था, जिसे बदल कर मैंने अपना नाम यतिया फात्मा (YATIYA FATMA) कर लिया है। भविष्य में मुझे यतिया फात्मा के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

यतिया फात्मा (YATIYA FATMA)

पुत्री शाबिर अब्बास (SHABIR ABBAS) निवासीः-बनावें, पोस्टः- बिसहम, तहसीलः- मेहनगर अबूसइदपुर, आजमगढ़

भागवत कथा में इंद्र का अहंकार तोड़ने व गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर(सिकरारा) खानापट्टी गांव में कमलेश सिंह के आवास पर चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन गुरुवार की देर शाम कथावाचक पंडित मुरारी श्याम पाण्डेय व्यास' जी द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गिरिराज गोवर्धन पूजा का प्रसंग में देवताओं के राजा इंद्र का अहंकार तोड़कर ब्रजवासियों को बचाने और 56 भोग अर्पित करने का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के दौरान ही भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते सुंदर झांकी सजाई गई। जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

कथावाचक व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर धर्म और सत्य की पुनः स्थापना के लिए द्वापर युग में अवतार लिया। उन्होंने बाल्य अवस्था में ही कालिया नाग का मर्दन करके यमुना जी को पवित्र कर पूतना, बकासुर जैसे मायावी शक्तियों का अंत किया। प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उनका गर्व दूर करने के लिए प्रभु ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन जी की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बारिश करा दी। प्रलय से लोगो को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। मुख्य यजमान कमलेश सिंह व उनकी पत्नी गिरजा सिंह ने आरती उतारकर पूजन अर्चन किया।

कथा सुनने वाले श्रोता डा. जोखन सिंह, वेद प्रकाश सिंह, गुलाल सिंह, राजाराम सिंह, अशोक सिंह, सुरेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, मुकेश सिंह, प्रधान पति सुशील सिंह, शरद सिंह, जितेंद्र सिंह जंगली, अनंत सिंह, शिवानंद सिंह, अविनाश सिंह, रणविजय सिंह, सचिन सिंह, अश्वनी सिंह, अभय अंचल सिंह, संजय सिंह, किशन सिंह सहित भारी संख्या में महिलाज पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

फांसी के फंदे से मिला विवाहिता का शव, पति हिरासत में

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कमरे लटका शव देखा तो हड़कंप मच गया। तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति को पूछताछ के लिए थाने ले जाकर मामले की जांच शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करछना गांव के रहने वाले शिवानंद कपड़ा व्यापारी हैं। उनके परिवार में पत्नी, मां-पिता और चार भाई हैं। शिवानंद की शादी 6 मार्च 2025 को प्रतापपुर थानाक्षेत्र के गांव लालापुर के पडुवा की निवासी नंदलाल प्रजापति की पुत्री सुहानी से हुई थी। शादी के बाद सुहानी और शिवानंद के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था।

गुरूवार की रात खाना खाकर परिवार के सभी लोग अपने-अपने कमरे सोने चले गए। सुहानी और शिवानंद भी अपने कमरे में गए। सुबह 4 बजे पति शिवानंद उठे और मॉर्निंग वॉक के लिए बाहर चले गए। सुबह करीब 7 बजे घर लौटे। परिजनों ने बताया पत्नी अभी तक कमरे से बाहर नहीं निकली है। शिवानंद ने आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने कमरे की खिड़की से झांक कर देखा तो पत्नी साड़ी के लेस के फंदे से लटकी थी। आनन-फानन में परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला। सुहानी को फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए।

डॉक्टर ने जांच के बाद सुहानी को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मामले की जानकारी सुहानी के मायके पक्ष को दी गई।

आयुर्वेद लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी : उप निदेशक आयुर्वेद

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण की दिशा में नई पहल करते हुए 'जीवनधारा योगा एंड वेलनेस स्टूडियो' का भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि उपनिदेशक आयुर्वेद उत्तर प्रदेश, डॉ. रामकृपाल सिंह ने फीता काटकर स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस मौके पर योग और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। डॉ. रामकृपाल सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग और आयुर्वेद लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं। आयोजक कैप्टन सरकार हैदर रिजवी ने बताया कि यह स्टूडियो पारंपरिक योग के साथ एरियल योग, मेडिटेशन, साउंड हीलिंग और पंचकर्म जैसी आधुनिक व प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का अनूठा संगम है।

डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा को मिलेगा इस माह का साहित्य : रत्न सम्मान

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) मौलिक विचार एवं साहित्यिक सर्जना की प्रतिनिधि पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा द्वारा प्रवर्तित लोकप्रिय प्रकाशन संस्थान साहित्यांजलि प्रकाशन की ओर से प्रत्येक माह में दिया जाने वाला साहित्य-रत्न सम्मान इस माह डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा को मिलेगा। साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज के व्यवस्थापक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि दस मई को दोपहर बारह बजे से प्रीतम नगर स्थित डॉ पूर्णिमा पाण्डेय पूर्णा के आवास पर वरिष्ठ साहित्यकार विजयलक्ष्मी विभा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि डॉ उषा मिश्रा वरिष्ठ साहित्यकार प्रयागराज होंगी। अतिविशिष्ट अतिथि डॉ जया मोहन एवं अतिथि साहित्यकार रचना सक्सेना मंच पर विराजमान रहेंगी। स्वागत वंदना डॉ योगेंद्र कुमार मिश्र विश्वबंधु तथा डॉ राम लखन चौरसिया वागीश द्वारा किया जाएगा। सुप्रसिद्ध चित्रकार व साहित्यकार रवीन्द्र कुशवाहा, पंडित राकेश मालवीय मुस्कान, डॉ राम सुख यादव, शम्भूनाथ श्रीवास्तव शंभु , रंजन पाण्डेय, श्याम फतनपुरी सहित अन्य कई वरिष्ठ रचनाकार आयोजन में शामिल होंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में 09 मई को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

प्रयाग उत्थान समिति एवं मिंट इवेंट्स का महा रक्त दान शिविर 10 मई को

प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) अंतराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर प्रयाग उत्थान समिति एवं मिंट इवेंट्स और इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पाचवां महारक्तदान शिविर का आयोजन 10 मई को सुबह 7 बजे इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष डा उदय प्रताप सिंह एवं कार्यक्रम के संयोजक निवेश मित्तल ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरो और प्रशिक्षित मेडिकल टीम की देखरेख में रक्तदान की प्रक्रिया स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप संपन्न होगा और रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। जिन्हें रक्त दान शिविर में भाग लेना हो 8382922311 सपंर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों से पद्म पुरस्कारों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

जौनपुर (अवधनामा संवाददाता) क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2027 को खेल से संबंधित क्षेत्र में ख्याति प्राप्त महानुभावों जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व ओलम्पिक, विश्व चैम्पियनशिप, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगितायें, राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपलब्धियां अर्जित की हों तथा खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया हों, पद्म पुरस्कारों '(पद्म विभूषण/पद्म भूषण/पद्मश्री)' के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक महानुभाव अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के सम्बन्ध में साईटेशन निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन '25 मई, 2026' तक जिला खेल कार्यालय, जौनपुर (इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर) अथवा 28 मई, 2026 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, वाराणसी (डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा) में प्रमाण पत्रों सहित उपलब्ध करा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं साइटेशन का प्रारूप जौनपुर अथवा वाराणसी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त के अन्तर्गत ख्यातिप्राप्त खिलाड़ी, प्रशिक्षक, खेल प्रोत्साहन से जुड़े व्यक्ति अथवा खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अन्य महानुभाव आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार के सांस्कृतिक विभाग की वेबसाईट पर देख सकते हैं।

सचिव, जिला विधिक सेवा द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा

बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से बाजार फिसला

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य तनाव ने वैश्विक स्तर पर निवेशकों की चिंताओं को गहराई से बढ़ा दिया है। इस ताजा तनाव के कारण क्षेत्र में युद्धविराम की उम्मीदें कमजोर हुई हैं, जिसका सीधा असर शुक्रवार को भारतीय इक्विटी बाजार पर देखने को मिला। अनिश्चितता के इस माहौल में निवेशकों द्वारा की गई भारी मुनाफावसूली के चलते घरेलू बाजार दबाव में रहे और दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई (बीएसई) सेंसेक्स 516.33 अंकों (0.66 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 77,328.19 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 150.50 अंक (0.62 प्रतिशत) फिसलकर 24,176.15 के स्तर पर आ गया।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के हेड ऑफ रिसर्च, विनोद नायर के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ताजा सैन्य कार्रवाई के कारण बाजार में रिस्क-ऑफ (जोखिम से बचने) का माहौल देखा गया है, जिसने मुनाफावसूली को प्रेरित किया। हालांकि, इस दबाव के बीच कुछ सकारात्मक कारक भी हैं। नायर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर रहने और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के नरम होने से समग्र बाजार भावनाओं और भारतीय रुपये को लगातार समर्थन मिल रहा है।

शुक्रवार के कारोबारी सत्र के दौरान विभिन्न सेक्टर्स में मिला-जुला रुझान देखने को मिला, जबकि सुरक्षित निवेश के तौर पर कमोडिटी मार्केट में तेजी रही।

बढ़त वाले सेक्टरः आईटी (आईटी) इंडेक्स ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया और यह 1.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप गेनर बनकर उभरा। इसके साथ ही एफएमसीजी इंडेक्स में 0.19 प्रतिशत और मीडिया इंडेक्स में 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी दर्ज की गई। गिरावट वाले सेक्टरः दूसरी ओर, पीएसयू बैंक इंडेक्स में सबसे अधिक बिकवाली का दबाव रहा और यह 3 प्रतिशत से अधिक टूट गया। मेटल इंडेक्स में 0.87 प्रतिशत, ऑटो में 0.29 प्रतिशत और फार्मा सेक्टर में 0.10 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

बंधन म्यूचुअल फंड का लल्ला डोंट बॉय दिखा रही है हर मां की देर रात की चिंता को

लखनऊ। इस मदर्स डे पर, बंधन म्यूचुअल फंड ने 'लल्ला डोंट बॉय' नाम से एक अनोखी और दिल को छू लेने वाली कैंपेन फ़िल्म लॉन्च की है। यह पारंपरिक लोरी का एक मज़ेदार रूप है, जिसमें माँएं प्यार से अपने बड़े हो चुके बच्चों से कहती हैं कि वे फ़ोन को दूर रखें, शॉपिंग ऐप्स पर बेवजह स्क्रॉल करना बंद करें, समय पर सोएं और अपने आने वाले कल के लिए निवेश करें।

इस कैंपेन के बारे में बात करते हुए, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि मांओं ने हमेशा हमें आने वाले कल के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया है चाहे वह हमें समय पर सोने के लिए कहना हो, समझदारी से बचत करना हो, या बेवजह खर्च करने से रोकना हो। 'लल्ला डोंट बॉय' उसी सदाबहार भावना को आज की दुनिया में दिखाता है, जहां लोग लगातार स्क्रॉल करते रहते हैं और बिना सोचे-समझे शॉपिंग करते हैं। यह कैंपेन हास्य और पुरानी यादों का इस्तेमाल करके लोगों को याद दिलाता है कि वे ज़्यादा सोच-समझकर फ़ैसले लें, आज का आनंद लें और साथ ही भविष्य के लिए निवेश करने का भी फ़ैसला करें।

देर रात तक स्क्रॉल करने, फ़्लैश सेल और तुरंत खरीदारी करने के जाने-पहचाने माहौल पर आधारित यह फ़िल्म, आज के ज़माने की पेरेंटिंग की एक अनोखी सच्चाई को दिखाती है - माँएं अपने बच्चों की चिंता करना कभी नहीं छोड़तीं, भले ही उनके बच्चे बड़े हो गए हों, उनकी अपनी सैलरी हो, क्रेडिट कार्ड हों और देर रात शॉपिंग करने की अजीब आदतें हों। यह लोरी मज़ेदार तरीके से दर्शकों को बेहतर आदतों और लंबे समय के लिए पैसे के बारे में सोचने की ओर प्रेरित करती है।

इस कैंपेन की सोच बंधन म्यूचुअल फंड और 'ऑल इन' की है। यह कैंपेन उस पल को वापस लाता है जिसे कई लोगों ने अपने बचपन में जिया है वे रातें जो कभी खत्म होती नहीं लगती थीं, जब तक कि मां की लोरी सब कुछ शांत नहीं कर देती थी।

क्लियर प्रीमियम वॉटर का सबसे डिसरप्टिव कैंपेन लॉन्च

बड़े होंगे, 'पानी हो तो क्लियर'

लखनऊ। भारत में डुप्लिकेट सामान का बाजार वर्षों से लगातार फैलता जा रहा है। कोलाबा कॉजवे से लेकर चांदनी चौक जैसे बड़े बाजारों तक स्नीकर्स, सनग्लासेस और हैंडबैग जैसी चीजों की नकल आसानी से देखने को मिलती है। अब यही ट्रेंड ज्यादा चिंताजनक रूप में पीने के पानी के क्षेत्र में भी दिखाई देने लगा है, जहां लुकअलाइक बोतलबंद पानी के ब्रांड ग्राहकों के बीच भ्रम पैदा कर रहे हैं।

इसी स्थिति के बीच क्लियर प्रीमियम वॉटर ने अपना अब तक का सबसे डिसरप्टिव कैंपेन लॉन्च किया है। 'पानी हो तो क्लियर' नाम के इस कैंपेन में ब्रांड एम्बेसडर ऋतिक रोशन की लोकप्रियता और उनकी सिनेमाई विरासत को केंद्र में रखते हुए एक मजबूत और स्पष्ट संदेश दिया गया है। छले कुछ वर्षों में लुकअलाइक ब्रांड्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। क्लियर प्रीमियम वॉटर के अनुसार, यह मामला अब केवल मार्केटिंग या ब्रांडिंग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्राहकों के स्वास्थ्य और विश्वास से सीधे जुड़ा मुद्दा बन गया है। इसी वजह से कंपनी ने इस विषय पर खुलकर आवाज उठाने का फैसला किया है।

कैंपेन को लेकर ऋतिक रोशन ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से मैं क्लियर की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का गवाह रहा हूं। ग्राहकों तक सुरक्षित पीने का पानी पहुंचाने की उनकी असलियत और जुनून काबिल-ए-तारीफ है। ग्राहक सुरक्षा को केंद्र में रखने वाले इस कैंपेन का हिस्सा बनकर मैं खुश हूं।

इस कैंपेन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें केवल सेलिब्रिटी का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि एक प्रभावशाली रूपक पेश किया गया है। ऋतिक रोशन लंबे समय से भारत के सबसे ज्यादा कॉपी किए जाने वाले स्टार्स में गिने जाते हैं। उनके डांस मूव्स, फिल्मी अंदाज और आइकॉनिक किरदार वर्षों से शादी समारोहों, टैलेंट शो और सोशल मीडिया रील्स में लगातार दोहराए जाते रहे हैं। हालांकि हर नकल आखिरकार असली के सामने कमजोर पड़ जाती है। क्योंकि बाहरी रूप भले एक जैसा लगे, लेकिन सहजता, सटीकता और वर्षों की मेहनत जैसी चीजों की सच्ची नकल संभव नहीं होती। क्लियर प्रीमियम वॉटर इसी संदेश को अपनी प्रोडक्ट क्वालिटी के साथ जोड़ता है।

कंपनी का कहना है कि कई लुकअलाइक ब्रांड्स ने क्लियर की बोतल, लेबल डिजाइन और कैप के रंग तक की नकल करने की कोशिश की है, जिससे ग्राहकों के लिए असली और नकली के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। लेकिन प्रोडक्ट के भीतर की गुणवत्ता, सख्त मानक, पूरी तरह ऑटोमेटेड प्रक्रिया और मल्टी-स्टेज प्यूरिफिकेशन जैसी चीजों की नकल संभव नहीं है।

क्लियर प्रीमियम वॉटर के फाउंडर और सीईओ नयन शाह ने कहा कि यह कैंपेन प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि ग्राहकों की आवाज उठाने के लिए है।

यूपी में सीएससी4.0 को बिना टेंडर दिए जाने के विरोध में जिला सेवा प्रदाताओं का संघ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कॉमन सर्विस सेंटर नेटवर्क के तहत काम कर रहे डीएसपी (जिला सेवा प्रदाताओं) के संघ ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर, बिना खुली निविदा के नामांकन के आधार पर सीएससी 4.0 का संचालन सभी 75 जिलों में सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड को देने के कथित कदम पर आपत्ति जताई है।इन डीएसपी का कहना है कि वे 2008 से सीएससी 1.0, 2.0 और 3.0 के तहत यूपी की डिजिटल गवर्नेंस यात्रा का हिस्सा रहे हैं, और अब परियोजना के अगले चरण में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। डीएसपी द्वारा पहले किए गए कार्यों के कारण कुल जन सेवा केंद्रों की संख्या 2 लाख से अधिक हो गई है, यह सभी डीएसपी के प्रयासों का परिणाम है, न कि किसी एक संस्था का।डीएसपी के अनुसार, राज्य सरकार प्रतिस्पर्धी निविदाएं आमंत्रित किए बिना सभी 75 जिलों के सीएससी 4.0 संचालन का काम एक ही सरकारी समर्थित कंपनी को सौंपने पर विचार कर रही है। पिछले 16 वर्षों से, यूपी में ष्टस्ट संचालन का आवंटन खुली और पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता रहा है।अब नामांकन-आधारित आवंटन की ओर बढ़ना स्थापित खरीद प्रक्रियाओं के खिलाफ है और सरकारी वित्तीय नियमों का उल्लंघन हो सकता है।मौजूदा डीएसपी और अन्य हितधारकों को इस पर विश्वास में नहीं लिया गया और बैठक के लिए केवल सीएससी को ही बुलाया गया। हालांकि, वह भी एक डीएसपी ही था।संचालकों का कहना है कि इस तरह के कदम से एकाधिकार पैदा हो सकता है।

सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए विज़न एआई से लैस नेक्स्ट-जेन मिनी एलईडी टीवी

गुरुग्राम। सैमसंग इस साल भारत में अपने 30 शानदार साल पूरे कर रहा है। इस मौके पर कंपनी ने अपनी नई मिनी एलईडी टीवी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये टीवी ज्यादा चमकदार और बेहतरीन तस्वीर तथा एआई-पावर्ड फीचर्स के साथ होम एंटरटेनमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। सैमसंग मिनी एलईडी को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने के लिए डिजाइन किये हैं। 42,990 रुपये की शुरुआती कीमत से उपलब्ध सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी 43 इंच से लेकर 100 इंच तक के स्क्रीन साइज़ में आते हैं, जो हर तरह के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इनका मेटलस्ट्रीम डिज़ाइन विमान की बनावट से प्रेरित है, जो एक आकर्षक, अल्ट्रा-स्लिम बेज़ल वाली सिंगल-मेटल बॉडी के साथ किनारे से किनारे तक का शानदार व्यूइंग अनुभव देता है। उन्नत तकनीक, एआई फीचर्स और प्रीमियम डिज़ाइन के इस संयोजन के साथ सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी नेक्स्ट-जेन एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाते हैं। सैमसंग इंडिया के वाइस-प्रेसिडेंट, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस, विप्लेश डांग ने कहा, सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर-1 टीवी ब्रांड है। हम अपने नए मिनी एलईडी टीवी के साथ प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं। यह लॉन्च उन्नत डिस्प्ले तकनीक को और सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। तकनीक और एआई के संयोजन से हम एक बेहतरीन व्यूइंग अनुभव देने के लिए पूरी तरह जुटे हैं। हम नवाचार की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि नेक्स्ट-जेन तकनीक के फायदे देश भर के अधिक से अधिक घरों तक पहुंचें। ग्राहक 5% तक कैशबैक और 30 महीने तक की लचीली अवधि के साथ जीरो डाउन-पेमेंट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। अपने अभिनव फीचर्स और खास लॉन्च ऑफर के साथ सैमसंग की नई मिनी एलईडी टीवी रेंज आपके घर को एक सिनेमाई अनुभव का केंद्र बना देगी। सैमसंग मिनी एलईडी टीवी देश के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, जिनमें फ्लिपकार्ट और Samsung.com शामिल हैं, पर उपलब्ध हैं।

सैमसंग गैलेक्सी एम और एफ सीरीज़ पर 8 मई से मिलेंगे स्पेशल ऑफर

गुरुग्राम। सैमसंग इंडिया ने आज गैलेक्सी एम17 सीरीज़,गैलेक्सी एम36 5G, गैलेक्सी एम56 5G, गैलेक्सी एफ70e 5G और गैलेक्सी एफ36 5G स्मार्टफोन्स पर 8 मई से स्पेशल कीमतों का ऐलान किया। ग्राहक इन डिवाइसेस को बेहतरीन कीमत पर खरीद सकते हैं और बेहतर पहुंच, रचनात्मकता एवं और प्रोडक्टिविटी का अनुभव ले सकते हैं। हर डिवाइस में हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरा सिस्टम, मजबूत डिज़ाइन, एआई-पावर्ड टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट जैसी एडवांस्ड तकनीकें दी गई हैं।गैलेक्सी M17 सीरीज़, जो अपने प्राइस सेगमेंट में अमेज़न पर नंबर 1 बिकने वाला स्मार्टफोन है, इसमें गैलेक्सी M17 5G और M17e 5G स्मार्टफोन शामिल हैं। गैलेक्सी M17 5G में साफ और स्थिर फोटोग्राफी के लिए 50MP OIS ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, शानदार विजुअल्स के लिए ब्राइट और शानदार सुपर एमोलेड डिस्प्ले और अतिरिक्त मजबूती के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन दिया गया है। इसमें झटपट जानकारी के लिए गूगल सर्कल टू सर्च और रियल-टाइम विजुअल बातचीत के लिए जेमिनी लाइव भी शामिल है। गैलेक्सी F70e 5G में बेहतरीन लो-लाइट फोटोग्राफी के लिए नाइट मोड के साथ 50MP ड्यूअल कैमरा सिस्टम, शार्प सेल्फी के लिए 8MP फ्रंट कैमरा और स्मूथ विजुअल्स के लिए 120H5 तक रिफ्रेश रेट वाला 6.7 इंच HD+ डिस्प्ले दिया गया है। इसमें आकर्षक लुक के लिए लेदर-लाइक पैटर्न दिया गया है। यह रोजाना के इस्तेमाल में धूल और पानी के छींटों को झेलने में सक्षम है। ऑल-डे पावर के लिए 25W फास्ट चार्जिंग के साथ 6000mAh बैटरी दी गई है और बेहतरीन रोजाना परफॉर्मेंस के लिए यह मीडिया टेक डाइमेंसिटी 6300 प्रोसेसर से संचालित है। सैमसंग की ओर से छह जनरेशन के ओएस अपग्रेड, छह साल के सिक्योरिटी अपडेट और बेहतर डेटा सुरक्षा के लिए सैमसंग नॉक्स वॉल्ट भी दिया गया है।

बांग्लादेश में ई-सिगरेट और हीटेड टोबैको प्रोडक्ट्स पर लगा प्रतिबंध हटा

6.2 मिलियन धूम्रपान करने वालों को मिलेगा इसका लाभ

बांग्लादेश के संसद में संशोधित तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम पारित किया गया, जिसने अगली जनरेशन के निकोटीन प्रोडक्ट्स, जैसे हीटेड टोबैको प्रोडक्ट्स (एच.टी.पी) और ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। यह कोई मामूली प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि नीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है, जिसने बांग्लादेश को ज्यादा समृद्ध और विकसित देशों से आगे लाकर खड़ा कर दिया है, जो अभी भी प्रतिबंध की नीति से चिपके हुए हैं, जिसकी विफलता साफ हो चुकी है।यह निर्णय किन्हीं काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर नहीं लिया गया है। अमेरिका स्थित कंज्यूमर चॉईस सेंटर के अनुसार बांग्लादेश में 6.2 मिलियन से अधिक धूम्रपान करने वालों को अगर स्मोकलेस प्रोडक्ट्स उपलब्ध हों, जो जिम्मेदारीपूर्वक रैगुलेटेड एवं धूम्रपान छोड़ने में मदद करने के लिए पेश किए जाएं, तो वो सभी धूम्रपान का त्याग कर सकते हैं।बांग्लादेश ने अपने कानून में सुधार करके स्पष्ट सुरक्षा के साथ सरकार द्वारा नियंत्रित रैगुलेटरी फ्रेमवर्क अपनाया है, और वयस्क धूम्रपान करने वाले लोगों को विकल्पों के इस्तेमाल की अनुमति दी है, इससे जन स्वास्थ्य की रक्षा हुई है और युवाओं की निकोटीन उत्पादों तक पहुंच को सीमित किया गया है। यह नियमन हटाना नहीं, बल्कि एक स्मार्ट रैगुलेशन है। इस रैगुलेशन को डब्लूएचओ और इससे जुड़े संगठन बहुत धीमी गति से स्वीकार कर रहे हैं, जिससे विश्व में सार्वजनिक स्वास्थ्य को भारी नुकसान हो रहा है।यह कोई सिगरेट की रीब्रांडिंग नहीं है। बल्कि ये पूरी तरह से अलग प्रोडक्ट्स हैं। इसलिए इनके रैगुलेशन के नियम भी अलग होने चाहिए।2025 के नेशनल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार अमेरिका के युवाओं में टोबैको का इस्तेमाल गिरते हुए 7.5 प्रतिशत तक पहुँच गया, जो साल 2011 के बाद साल 2019 में 23.3 प्रतिशत के शिखर पर पहुँचने के बाद अब तक का सबसे कम स्तर है। युवाओं के बीच ई-सिगरेट का उपयोग एक ही साल में 5.9 प्रतिशत से घटकर 5.2 प्रतिशत रह गया। जलने वाली सिगरेट का इस्तेमाल अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।रैगुलेटेड स्मोकलेस प्रोडक्ट युवाओं को धूम्रपान की ओर ले जाते हैं, यह तर्क वास्तविक आंकड़ों के सामने टिक नहीं पाया। ऐसा मुश्किल से ही होता है।भारत में हाल ही में परिवारों में किए गए सर्वे में पाया गया कि हर साल लगभग 5.5 मिलियन नए परिवार तंबाकू का सेवन शुरू कर रहे हैं, जिससे देश में तंबाकू का सेवन करने वाले परिवारों की संख्या 180 मिलियन हो गई गुटखा जैसे चबाने वाले तंबाकू उत्पाद, जो ओरल कैंसर से जुड़े हैं, जो गैरकानूनी चैनलों से खुलेआम बिक रहे हैं। ई-सिगरेट बिना किसी नियामकीय ढांचे के बाजार में उपलब्ध हैं, जिनके लिए न तो उम्र देखी जाती है, न क्वालिटी कंट्रोल होता है और उपभोक्ताओं को कोई सुरक्षा भी नहीं मिलती।बांग्लादेश में निकोटीन के उपयोग को वैध नहीं ठहराया गया है। बल्कि इसे रेगुलेट किया गया है, जो बिल्कुल अलग है। 170 मिलियन आबादी के इस देश में निकोटीन के उपयोग को कम करने के लिए यही व्यवहारिक प्रतिक्रिया है।संशोधित टोबैको नियंत्रण अधिनियम टोबैको उद्योग को दी गई कोई रियायत नहीं है। यह वैज्ञानिक प्रमाणों को स्वीकार करने का निर्णय है।

रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स ने पेश किया 'कर्तव्य' का ट्रेलर

मुंबई। धर्म निभाते हैं तो कर्म छूट जाता है, कर्म करते हैं तो धर्म छूट जाता है, कर्तव्य तक बात पहुंच ही नहीं पाती। हर फैसले की कीमत चुकानी पड़ने वाली दुनिया में 'कर्तव्य' फिल्म सही और गलत के बीच की उस उलझन को दिखाती है, जहां कर्तव्य और उसके नतीजे एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं। नेटफ्लिक्स ने आज इस आने वाली क्राइम ड्रामा फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी किया है, जिसमें सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर एक ऐसी दुनिया की झलक दिखाता है जो तनाव और रहस्य से भरी हुई है। इस फिल्म में रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया हैं। पुलकित के निर्देशन में बनी और गौरी खान द्वारा रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित 'कर्तव्य' की कहानी पवन (खान) नाम के एक पुलिस अफसर के बारे में है। ड्यूटी के दौरान उसकी निगरानी में एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या हो जाती है, जिसके बाद पवन पर सवाल उठने लगते हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव के बीच पवन हमलावर की तलाश में जुट जाता है।

हिमालया बेबीकेयर ने लान्च की शिशु के 'पहले अनुभवों' के जरिए 'मम्मा वाली फीलिंग' का जश्न मनाती भावपूर्ण मदर्स डे डीवीसी

नई दिल्ली। भारत के सबसे भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशु बहुत पसंद करते हैं, ने इस मदर्स डे पर मातृत्व की निरंतर विकसित होती यात्रा का जश्न मनाते हुए एक भावपूर्ण डिजिटल वीडियो कमर्शियल (डीवीसी) लान्च किया है। यह कैंपेन एक शिशु के पहले अनुभवों की एक श्रृंखला और उनसे उत्पन्न होने वाली सुखद भावनाओं के माध्यम से मातृत्व की इस खूबसूरत यात्रा को उजागर करता है। इस कैंपेन का मूल विचार यह है कि जहां ये पड़ाव शिशु के विकास का जश्न मनाते हैं, लेकिन ये पल मां के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण और भावनात्मक होते हैं। आज के दौर में माता-पिता बनने की इस आगे बढ़ती यात्रा में, ऐसे कई पल चुपचाप गुजर जाते हैं, जिनकी अहमियत अक्सर अनदेखी रह जाती है। इस डीवीसी के माध्यम से हिमालया बेबीकेयर ने मां के अनुभवों को केंद्र में रखते हुए उस सहज और गहरे भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाया है, जो शिशु के हर पहले कदम के साथ और मजबूत होता जाता है। सदाबहार लोरी चंदा है तू से प्रेरित यह फिल्म एक भावनात्मक कहानी के के रूप में सामने आती है जो शिशु के पहले पड़ावों के माध्यम से मातृत्व की भावनात्मक यात्रा को दर्शाती है, जो अपनापन, पुरानी यादों की मिठास और सांस्कृतिक जुड़ाव का एहसास कराती है। फिल्म की शुरुआत एक फ्लैशबैक से होती है, जहां एक मां अपनी छोटी बेटी को उसके स्कूल के पहले दिन के लिए तैयार कर रही होती है। यह पल केवल बच्चे के लिए ही नहीं, बल्कि मां के लिए भी बेहद भावुक होता है। यह एक बड़ा पड़ाव है, और यह मां के लिए उतना ही भावनात्मक होता है जितना कि बच्चे के लिए।

यस बैंक और हिंदुजा फाइनेंस पर जुर्माना, बैंकों को कैपिटल नियमों में दी बड़ी राहत

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकिंग सेक्टर के लिए दो अहम फैसले लिए हैं। एक तरफ जहां नियामक ने नियमों की अनदेखी करने पर यस बैंक और हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस पर जुर्माना लगाया है, वहीं दूसरी तरफ बैंकों को अपनी पूंजी पर्याप्तता की गणना में चालू वर्ष के तिमाही मुनाफे को शामिल करने के नियमों में बड़ी ढील दी है। ये दोनों कदम भारतीय बैंकिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुचारू बनाने की दिशा में अहम माने जा रहे हैं। आरबीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी कि यस बैंक पर नो योर कस्टमर (केवाईसी) से जुड़े कुछ प्रावधानों का पालन न करने के कारण 31.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यस बैंक ग्राहकों के साथ खाता-आधारित संबंध स्थापित करने के लिए सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री द्वारा दिए गए केवाईसी आइडेंटिफायर का उपयोग करने के लिए एक उचित प्रणाली स्थापित करने में विफल रहा था।

स्वदेशी गौसॉर्ट तकनीक से बढ़ी बछियों की संख्या, डेयरी क्षेत्र में आ रहे हैं नए बदलाव

लखनऊ। देशभर में गौसॉर्ट तकनीक (स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमेन) से बछियों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जो डेयरी क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अक्टूबर 2024 में लॉन्च की गई गौसॉर्ट तकनीक अब पशु प्रजनन के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रही है। इस तकनीक को राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन विभाग, भारत सरकार के सहयोग से विकसित किया गया है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत संचालित यह पहल एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज़ द्वारा क्रियान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य बेहतर नस्ल के पशु तैयार करना, दूध उत्पादन बढ़ाना और किसानों की आय को दीर्घकालिक रूप से मजबूत बनाना है। गौसॉर्ट तकनीक का इस्तेमाल अब बड़े स्तर पर शुरू हो चुका है और इसे अलग-अलग राज्यों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। इस तकनीक से किसानों को अब ज्यादा सटीक और बेहतर प्रजनन सेवाएं मिल रही हैं, जिससे पशुओं की गुणवत्ता सुधर रही है और डेयरी को ज्यादा व्यवस्थित और भरोसेमंद बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट गिर वाराणसी के तहत इस तकनीक से सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में इसके माध्यम से लगभग 91 प्रतिशत बछियों का जन्म हुआ है, जो इस तकनीक की सफलता को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करता है। इन बछियों के परिपक्व होने पर किसानों का डेयरी व्यवसाय के माध्यम से सशक्तिकरण होगा और उनकी अतिरिक्त आमदनी होगी। इस संदर्भ में एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने कहा कि गौसॉर्ट सिर्फ एक तकनीक नहीं है बल्कि यह भारत के डेयरी क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने वाला एक सशक्त माध्यम है। यह किफायती तकनीक किसानों को अधिकांश रूप से बछियां देने के साथ उन्हें बेहतर उत्पादन, स्थिर आय और मजबूत पशुधन की ओर ले जा रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत इसका विस्तार देशभर में एक नई डेयरी क्रांति का आधार बन रहा है। प्रोजेक्ट गिर वाराणसी के परिणाम यह स्पष्ट करते हैं कि जब आधुनिक तकनीक सही तरीके से गांवों तक पहुंचती है तो वह न केवल उत्पादन बढ़ाती है बल्कि किसानों के जीवन में स्थायी और सकारात्मक बदलाव भी लाती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में भी गौसॉर्ट तकनीक का असर साफ दिख रहा है। मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, बुलंदशहर, हापुड़ और शामली में इस तकनीक के प्रयोग से जन्में पशुओं में 91 प्रतिशत बछियां हैं। यह आंकड़ा इस तकनीक विसवशनीयता को मजबूत करता है और यह दिखाता है कि स्वदेशी गौसॉर्ट तकनीक डेयरी क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने की दिशा में काम कर रही है, जो उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ किसानों की आय और गांव की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बना रही है।

स्काईस्कैनर की स्मार्टर समर रिपोर्टः इन गर्मियों में 77 प्रतिशत भारतीयों को यात्रा करने का विश्वास है

दिल्ली। अस्थिरता के बीच भी गर्मियों की यात्रा लगातार जारी है। 77 प्रतिशत भारतीयों को विश्वास है कि वो अगले तीन महीनों में यात्रा करेंगे। हर 10 में से 9 भारतीय समर 2026 होलिडे के लिए या तो बुकिंग कर चुके हैं या फिर इसकी योजना बना रहे हैं। केवल 38 प्रतिशत लोगों ने समर होलिडे के लिए बुकिंग नहीं की है, लेकिन अस्थिरता के बावजूद उनकी यात्रा करने की इच्छा बनी हुई है और वो इसके विकल्प तलाश रहे हैं।

हालाँकि, यात्रा की योजना बनाना मुश्किल होता जा रहा है। इसके निम्नलिखित कारण हैंः

लगभग आधे यात्रियों (48 प्रतिशत) के मुताबिक हवाई किराए में हो रहे उतार-चढ़ाव यात्रा की योजना को मुश्किल बना रहे हैं।

45 प्रतिशत यात्री यात्रा के कुल खर्च को लेकर सावधान रहते हैं।

ट्रैवल एडवाईज़री से 34 प्रतिशत यात्रियों का निर्णय प्रभावित होता है।

संचालन की बाधाओं, जैसे एयरपोर्ट बंद होने से 32 प्रतिशत योजनाओं पर असर पड़ता है।

पर ज्यादा सूचित रहकर योजना बनाने के शुरुआती संकेत मिल रहे हैं। 58 प्रतिशत यात्रियों का मानना है कि अगस्त के मुकाबले जुलाई में हवाई यात्रा सस्ती होती है, जिससे यह प्रदर्शित होता है कि यात्री इस बात को लेकर जागरुक हैं कि उन्हें ज्यादा किफायती मूल्य पाने के लिए यात्रा कब करनी चाहिए।

इन रूझानों में आगे बढ़ते हुए यात्रा की योजना पहले से अधिक डायनामिक होती जा रही है। अब तुरंत मूल्य लॉक करने की बजाय लोग मूल्यों के उतार-चढ़ाव पर नजर रख रहे हैं और बुकिंग से पहले वैकल्पिक स्थान खोज रहे हैं।

स्काईस्कैनर इंडिया में ट्रैवल एवं डेस्टिनेशन एक्सपर्ट, नील घोष ने कहा, ''हमने भारत में अभी तक जो ट्रैवल के सीज़न देखे हैं, उनमें 2026 की गर्मियाँ यात्रा करने के सबसे अधिक इरादे वाले मौसमों में से एक हैं। लेकिन अंतर यह है कि इस इरादे को अमल में कैसे लाना है। यात्री पीछे नहीं हट रहे हैं। वो अवरोधों के अनुरूप ढल रहे हैं। वो अपनी यात्रा को कैंसल करने की बजाय जगह को लेकर फ्लेक्सिबल हो रहे हैं। कई लोग बदलती लागत और परिस्थितियों के जवाब में स्थानों को बदल रहे हैं।

उनकी मानसिकता में भी बदलाव हो रहा है। अब वो यह नहीं खोजते कि हर कोई कहाँ जा रहा है, बल्कि यह खोजते हैं कि मैं और कहाँ जा सकता हूँ। विकल्पों और कम प्रसिद्ध जगहों के प्रति उनका यह खुलापन अब ज्यादा विश्वास और मूल्य के प्रति सावधानी के साथ यात्रा करने की ओर बढ़ता रूझान प्रदर्शित करता है। यदि यात्रा का अनुभव बेहतर हो, तो वो अपने प्लान को बदलने के लिए भी तैयार हैं। अपने निर्णयों में इन चीजों को शामिल करके यात्री अपनी ट्रिप से समझौता किए बगैर बेहतर मूल्य पाने के ज्यादा स्मार्ट तरीके तलाश रहे हैं। स्काईस्कैनर की 'होल मंथ' सर्च जैसे टूल्स यात्रियों को अधिक स्मार्ट निर्णय लेने में मदद करते हैं और उनके लिए विकल्पों की तुलना करना, किरायों को ट्रैक करना और बेहतर मूल्य के लिए यात्रा का समय तलाशना आसान बनाते हैं।

ट्रैवल प्लानिंग की बाधाओं को दूर करें

यात्रा का इरादा मजबूत है, पर इसकी प्लानिंग और अधिक डायनामिक होती जा रही है। यात्री अब अपनी ट्रिप को कैंसल करने की बजाय स्थानों को बदलने, समय में बदलाव करने और अनुकूलित होने में रुचि रखते हैं। वो इस बात पर

तेंदुए का आतंक : दो महिलाओं समेत कई जखमी

वन विभाग व ग्रामीणों की संयुक्त टीम ने 9 घंटे के रेस्क्यू के बाद पाया काबू

अवधनामा ब्यूरो

तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीण

तेंदुए को रेस्क्यू करती वन विभाव की टीम

कुशीनगर। जटहां बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात घुसे तेंदुए ने कई गांवों में दहशत फैला दी। तेंदुआ रातभर अलग-अलग स्थानों पर घूमता रहा और लोगों पर हमला करता रहा। इस दौरान दो महिलाओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद शुक्रवार को करीब नौ घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में तेंदुए को पकड़ लिया। इसके बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि बिहार के वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व से भटककर तेंदुआ गुरुवार की रात करीब दस बजे जटहां बाजार थाना क्षेत्र के माघी कोठिलवां गांव पहुंच गया। यहां उसने उमेश गिरी, मनोज शर्मा और चिरई देवी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद तेंदुआ रात करीब दो बजे पास के गांव कंठी छपरा पहुंच गया, जहां मक्के के खेत की रखवाली कर रहे किसान रहीम अंसारी पर हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर पहुंचे तो तेंदुआ वहां से भाग निकला। ग्रामीणों में दहशत अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि शुक्रवार की भोर में तेंदुआ पूरनहां मिश्र गांव पहुंच गया। यहां वह लाल पहाड़ी के घर में घुस गया और उनकी पत्नी रजली देवी पर हमला कर दिया। इसके बाद पास ही राम अधार सिंह के दरवाजे पर बंधे गाय के बछड़े को घायल कर दिया। शोर सुनकर बाहर निकलीं राम अधार सिंह की पत्नी ललिता पर भी तेंदुए ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसी दौरान शौच के लिए जा रहे मनोज तिवारी भी तेंदुए के हमले का शिकार हो गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

छत पर चढ़ा तेंदुआ, फिर गन्ने के खेत में कूदा : ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख तेंदुआ फिर से गांव के अंदर भाग गया और लाल पहाड़ी के मकान की छत पर चढ़कर बैठ गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चारों तरफ से घेराबंदी शुरू की। इसी बीच तेंदुआ अचानक छत से छलांग लगाकर नीचे गन्ने के खेत में कूद गया और भागने लगा।

ग्रामीणों ने दिखाया साहस : तेंदुए का पीछा करते हुए जरार गांव के मंटू ने साहस दिखाते हुए लाठी से उसे खदेड़ने की कोशिश की। तभी विवेक कुशवाहा भी वहां पहुंच गए। तेंदुए ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया और पास की एक छोटी पुलिया में जाकर छिप गया।

नौ घंटे बाद काबू में आया तेंदुआ

मौके पर पहुंची वन विभाग की गोरखपुर और पडरौना की संयुक्त टीम ने पुलिस के सहयोग से इलाके की घेराबंदी कर दी। करीब नौ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद टीम ने किसी तरह तेंदुए को पकड़ लिया। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली, हालांकि देर रात तक गांवों में भय का माहौल बना रहा।

प्रवक्ता परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए क्षेत्राधिकारी ने किया ब्रीफिंग

बस्ती । 09 व 10 मई 2026 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग की प्रवक्ता परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पूर्णतः पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने परीक्षा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिया ।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण तिवारी ने पुलिस बल को परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियो को बताया। बताया कि 9 व 10 मई को होने वाली परीक्षा के लिए जनपद में 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए । केंद्रों पर पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल परीक्षा संपन्न कराने के लिए आयोग की तरफ से जारी दिशा निर्देश के क्रम में प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जनपद पुलिस की परीक्षा संपन्न कराने के लिए केंद्र पर तैनाती की गई है। पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का सकुशल निर्वहन करते हुए केंद्र पर पारदर्शी निष्पक्ष एवं सकुशल परीक्षा संपन्न कराने में अपना योगदान देना है।

तेज रफ्तार डीजे वाहन की टक्कर से युवक की मौत, तीन गंभीर

बरात से लौट रहे चार दोस्त एक ही बाइक पर थे सवार, छितौनी बाईपास मोड़ पर हुआ हादसा

अवधनामा ब्यूरो

मृतक बिट्टू साहनी की फाइल फोटो

कुशीनगर। बरात से लौट रहे चार युवकों की बाइक को तेज रफ्तार डीजे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना गुरुवार की रात करीब 11 बजे छितौनी बाईपास मोड़ के पास हुई।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत छितौनी के भगत सिंह वार्ड निवासी राजा राम कुशवाहा के पुत्र नरसिंह कुशवाहा की बरात जटहा बाजार थाना क्षेत्र के धनहा गांव गई थी। बरात में शामिल होकर वार्ड के ही चार मित्र भोजन के बाद एक ही बाइक से रात में वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान छितौनी बाईपास मोड़ के समीप तेज रफ्तार डीजे वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल 20 वर्षीय बिट्टू साहनी की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल गोरखपुर रेफर किया गया, जहां शुक्रवार की भोर करीब तीन बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल संदीप साहनी, रवि साहनी और नीरज साहनी को कुशीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवकों के पैर टूट गए हैं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हनुमानगंज थानाध्यक्ष दिग्विजय नारायण ने बताया कि डीजे वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

जली रोटी, कंप्यूटर इंस्टॉलेशन और छात्र उपस्थिति पर नाराज जिलाधिकारी ने दिया कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बस्ती । जनपद में संचालित हो रहे शिक्षा केंद्रों का हाल जानने निकली जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने एमडीएम के तहत बनी जली रोटी, लैब में कंप्यूटर इंस्टॉलेशन ना होना और कमजोर छात्र उपस्थिति पर सख्त नाराजगी जाहिर की और बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबंधितों के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गुरुवार को जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में साफ-सफाई, छात्र उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था तथा मिड-डे-मील (MDM) की गुणवत्ता का गहनता से परीक्षण किया।

निरीक्षण की शुरुआत विकास खण्ड बनकटी स्थित पीएम श्री विद्यालय देवमी से हुई। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। परिसर में गंदगी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रशासन को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा कक्षा-7 में छात्र उपस्थिति की जांच के दौरान 27 नामांकित छात्रों की तुलना में 24 छात्र उपस्थिति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को चेतावनी जारी करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुप तिवारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्प्यूटर लैब के उपकरण अब तक स्थापित न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर इंस्टॉलेशन पूर्ण कर विद्यार्थियों के उपयोग हेतु संचालित कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी कम्पोजिट विद्यालय डारीडीहा पहुंचीं, जहां कक्षाएं संचालित होती पाई गईं। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा आंगनबाड़ी में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर श्रीमती प्रतीक्षा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान मिड-डे-मील व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई। बच्चों को परोसी गई रोटियां मोटी एवं जली हुई पाई गईं।

आईजीआरएस निस्तारण में कुशीनगर पुलिस लगातार सातवीं बार प्रदेश में अव्वल

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में कुशीनगर पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) की अप्रैल माह की रैंकिंग में कुशीनगर पुलिस ने लगातार सातवीं बार उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया। समय-समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों एवं आईजीआरएस सेल को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अप्रैल माह में कुशीनगर पुलिस को कुल 135 में से 135 अंक प्राप्त हुए, जिससे जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला। साथ ही जनपद के सभी थानों ने भी 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शासन स्तर से अप्रैल माह में 1281 शिकायतों पर फीडबैक लिया गया, जिसमें से 1224 आवेदकों (95.55%) ने पुलिस कार्रवाई से संतुष्टि व्यक्त की। वहीं 96.80 प्रतिशत मामलों में पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान किया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने इस उपलब्धि पर जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति समर्पित रहकर शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्व-गणना हेतु जागरूकता बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

बस्ती । जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक होगी। जिसके लिए प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना के 33 प्रश्नों को पूछेंगे। उन्होने यह भी बताया कि 7 मई से 21 मई तक स्व गणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। स्व गणना देश में पहली बार हो रहा है जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी रहेगी। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा गया कि स्व गणना का कार्य स्वयं करते हुये अन्य लोगो को भी स्वगणना हेतु जागरूक करें।

बैठक में जनगणना जिला प्रभारी सुरम्या भारती स्व गणना से सम्बन्धित जानकारी देते हुये अवगत कराया गया कि स्व गणना करने वाले लोग ऑनलाइन पोर्टल httpÑ//se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार से जुडी समस्त जानकारी खुद भर सकेंगे। स्व गणना करने हेतु सबसे पहले पोर्टल पर जाकर राज्य का चयन करना होगा, कैप्चा डालना होगा, स्वागत पेज पर OK करना होगा, परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करना होगा जिसमे बाद में परिवर्तन नहीं कर सकते हैं।

यूरिया व सभी उर्वरकों का पर्याप्त भंडार, किसान अमोनियम सल्फेट का करें संतुलित प्रयोग

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। हाल की बारिश के बाद गन्ने की फसल में टॉप ड्रेसिंग का कार्य तेज हो गया है। ऐसे में किसानों को उर्वरकों की कमी न हो, इसके लिए जनपद में पर्याप्त भंडार उपलब्ध कराया गया है। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका ने देते हुए किसानों से संतुलित उर्वरक प्रयोग की अपील की है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद के विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों पर यूरिया 1,15,765 मीट्रिक टन, डीएपी 7,029 मीट्रिक टन, एनपीके 7,728 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 6,568 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 07 मई 2026 को केएफएल कंपनी से 1,072 मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त खेप भी जनपद को प्राप्त हो चुकी है, जिससे किसानों की जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि अमोनियम सल्फेट एक त्वरित प्रभाव वाला जल में घुलनशील उर्वरक है, जो विशेष रूप से क्षारीय एवं लवणीय मिट्टी के लिए अत्यंत उपयोगी माना जाता है। इसमें 20.8 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 23 प्रतिशत सल्फर (गंधक) पाया जाता है, जो धान, आलू और तिलहनी फसलों की पैदावार और गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होता है। इसे यूरिया के विकल्प के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि अमोनियम सल्फेट मिट्टी में अपेक्षाकृत धीरे घुलता है, जिससे इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है और फसल की वृद्धि के विभिन्न चरणों में इसका उपयोग लाभकारी साबित होता है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि यूरिया के स्थान पर अमोनियम सल्फेट का प्रयोग केवल अनुशंसित मात्रा में ही करें, क्योंकि अधिक मात्रा में इसके प्रयोग से भूमि अम्लीय हो सकती है और फसल को नुकसान भी पहुंच सकता है।

सीडीओ ने विकास भवन स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने गुरुवार को विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में साफ-सफाई अभिलेखों के रखरखाव कर्मचारियों की उपस्थिति आईडी कार्ड धारण करने की स्थिति एवं कार्यालय व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए गए तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर अन्य अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संतोष कुमार श्रीवास्तव का दिनांक 07 मई 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अभिलेखों का रखरखाव अत्यंत अव्यवस्थित पाया गया।

मां के नाम जमीन खरीदकर खुद ही कर दिया खारिज-दाखिल! कप्तानगंज तहसीलदार पर गंभीर आरोप

डीएम ने बैठाई जांच, 14 दिनों में खारिज दाखिल का आदेश भी कर दिया पारित

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। कप्तानगंज तहसील में तैनात तहसीलदार चंदन शर्मा पर तैनाती स्थल पर नियमों को दरकिनार कर जमीन खरीदने और फिर उसका खारिज-दाखिल खुद ही कराने का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि उन्होंने अपनी मां के नाम से करीब सोलह डिस्मिल कीमती जमीन का बैनामा कराया और नायब तहसीलदार का चार्ज रहते हुए मात्र 14 दिनों में उसका खारिज-दाखिल आदेश भी स्वयं पारित कर दिया। मामला सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने इसकी जांच बैठा दी है।

सूत्रों के अनुसार मूल रूप से देवरिया जिले के बांस देवरिया निवासी तहसीलदार चंदन शर्मा वर्तमान में कप्तानगंज तहसील में तैनात हैं। आरोप है कि 6 मार्च 2026 को उन्होंने अपनी मां निर्मला शर्मा पत्नी रामश्रय शर्मा के नाम से कप्तानगंज उर्फ बसहिया में चंद्रिका नेपाल से करीब सोलह डिस्मिल जमीन का बैनामा कराया। बताया जा रहा है कि उस समय नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी अवकाश पर थीं और उनका चार्ज तहसीलदार चंदन शर्मा के पास था। इसी का फायदा उठाते हुए 20 मार्च को महज 14 दिनों में जमीन का खारिज-दाखिल आदेश भी खुद ही कर दिया गया और खतौनी में नाम दर्ज हो गया।

तैनाती क्षेत्र में जमीन खरीदने और खारिज-दाखिल कराने का मामला जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और उच्चाधिकारियों तक पहुंचा, तो कार्रवाई की आशंका से घिरे तहसीलदार ने 15 अप्रैल को अपनी मां के नाम दर्ज जमीन को किसी अन्य व्यक्ति के नाम बैनामा करा दिया। हालांकि हैरानी की बात यह है कि जहां तहसीलदार की मां के नाम जमीन का खारिज-दाखिल सिर्फ 14 दिन में हो गया, वहीं नए खरीदार के नाम बैनामा होने के 22 दिन बाद भी खारिज-दाखिल की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

बोले तहसीलदार : उक्त प्रकरण में तहसीलदार चंदन कुमार शर्मा ने बताया कि जमीन बैनामा से मेरा कोई लेना देना नहीं है। खारिज-दाखिल और बैनामा की तिथि कंप्यूटर पर अपलोड करते समय तकनीकी गलती हो गई थी। इस त्रुटि को जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा।

डीएम ने दिए जांच के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने हाटा तहसीलदार को जांच सौंपी है। कप्तानगंज के एसडीएम ने बताया कि किसी भी अधिकारी को अपने तैनाती क्षेत्र में जमीन खरीदने के लिए राजस्व परिषद से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होता है। तहसीलदार द्वारा ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई है, इसलिए प्रथम दृष्टया मामला नियम विरुद्ध प्रतीत हो रहा है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और संभावित प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक की मौत

अमेठी। थाना क्षेत्र पीपरपुर अंतर्गत खानापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि दोपहर अज्ञात कारणों से एक युवक ने दूसरे युवक को अवैध पिस्टल से गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को सुल्तानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव में शुक्रवार को दोपहर दीपक मिश्रा को गांव ही रहने वाले सचिन पांडेय ने पिस्टल दिखाने के लिए बुलाया इस दौरान दीपक के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था।इसी बीच अचानक अवैध पिस्टल से गोली चल गई जो सीधे दीपक मिश्रा के सीने में लगी। गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन और साथ मे मौजूद युवक सुल्तानपुर जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के दौरान मृतक के साथ मौजूद युवक ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि के मौसेरा भाई सचिन पांडेय ने दीपक मिश्रा को पिस्टल दिखाने के लिए बुलाया था। इसी दौरान अचानक गोली चल गई जो सीधे दीपक के सीने में लगी।पूरे मामले पर एसपी सरवणन टी ने कहा कि तीनो आपस मे परिचित थे। एक युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

मानक विहीन स्कूली वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई

अमेठी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन विद्यालयों को विशेष रूप से शामिल किया गया जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं के आवागमन हेतु परिवहन वाहनों का संचालन किया जाता है। बैठक के दौरान विद्यालयों में संचालित वाहनों के परमिट फिटनेस बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र की समीक्षा की गई। जिन वाहनों के आवश्यक प्रपत्र समाप्त पाए गए उन्हें तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी विद्यालय वाहनों में वीएलटीडी सीसीटीवी कैमरा जीपीएस अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए महेन्द्र बाबू गुप्ता ने कहा कि जनपद में किसी भी स्थिति में मानक विहीन स्कूल वाहनों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप ही संचालित किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्कूल वाहनों का संचालन करने वाले चालकों का चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग से तथा ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन परिवहन विभाग से अनिवार्य रूप से कराया जाए।

एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम की चेकिंग में 25 से पूछताछ, 3 ने भरा माफीनामा

बस्ती। मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /मिशन शक्ति द्वारा रूधौली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा रूधौली, सरघाट माता मंदिर, बखिरा रोड,भानपुर रोड, दसिया कस्बा व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को,चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान महिलाओं की समस्या को सुना गया और निस्तारण किया गया तथा अनावश्यक घूम रहे करीब 25 व्यक्तियों से पूछताछ किया गया व 03 मनचलों से माफीनामा भरवाया गया। टीम में प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वाड म.उ.नि.शाइस्ता, म0आ0 रश्मि सिंह , म0आ0 कंचन मिश्रा एण्टी रोमियो स्क्वाड शामिल रही।

बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में 19 पैरामीटर पर की गई संतृप्ति की जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान कई विद्यालयों में विद्युतीकरण बाउंड्री वॉल एवं फर्नीचर की कमी सामने आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता का फर्नीचर उपलब्ध कराया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डिजिटल उपस्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी वहां के प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। इको क्लब गठन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के ऐसे 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। उन्होंने विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। नवीन नामांकन अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रवेशित बच्चों की संख्या की भी समीक्षा की गई। मध्यान भोजन योजना के अंतर्गत किचन गार्डन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में किचन गार्डन विकसित किया जाए।

मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित करने पर स्कूल को नोटिस

भेटुआ (अमेठी)। स्थानीय विकास खण्ड के गुंगवाछ गांव स्थित मां गायत्री मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मानकों की अनदेखी और नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

कार्रवाई के बाद क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालकों में हड़कंप मच गया है। ग्राम सभा निवासी राम शंकर तिवारी की शिकायत पर पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक ने जांच में पाया कि विद्यालय को केवल कक्षा पांच तक की अस्थायी मान्यता प्राप्त है जबकि वहां नियमों की अनदेखी कर कक्षा 10 तक का संचालन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन मान्यता संबंधी आवश्यक अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर डीआईओएस ने तत्काल नोटिस जारी करते हुए सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य ने किया माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक आनंदकर पाण्डेय एवं डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक ने कहा कि डायट शिक्षकों का निर्माण स्थल है। माँ सरस्वती की यह प्रतिमा यहाँ आने वाले हर डीएलएड प्रशिक्षु और सेवारत शिक्षकों को निरंतर कर्तव्यबोध कराती रहेगी। ज्ञान, कला और संगीत की देवी का आशीर्वाद लेकर ही एक शिक्षक समाज में प्रकाश फैला सकता है। निश्चित रूप से यह प्रतिमा शिक्षण वातावरण को नई पहचान देगी। डायट प्राचार्य ने कहा कि यह दिन संस्थान के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने घोषणा किया कि अब प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी पर यहाँ भव्य सरस्वती पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही वशिष्ठ ज्ञान प्रवाह पत्रिका का विमोचन भी इसी वेदिका से किया जाएगा। प्रवक्ता अलाउद्दीन खान एवं डॉ गोविन्द प्रसाद ने कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से डायट बस्ती शैक्षिक उत्कृष्टता का नया केंद्र बनेगा। कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता डॉ गोविन्द प्रसाद ने किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता वर्षा पटेल, सरिता चौधरी, कल्याण पाण्डेय, डॉ रविनाथ, वंदना चौधरी, अमन सेन, शशिदर्शन त्रिपाठी, मोहम्मद इमरान आदि उपस्थित रहे।

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर डीएम ने बांटी पोषण पोटली, सीएमओ ने किया रक्तदान

- यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी (मानवता के लिए एकजुट) थीम पर हुए विविध आयोजन
- जिले में 25 टीबी ग्रसित बच्चों को लिया गया गोद, डीएम ने स्वयं दो बच्चों का उठाया जिम्मा

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। मानवता, सेवा और बंधुत्व के संदेश के साथ गुरुवार को जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी' यानी 'मानवता के लिए एकजुट' रही, जिसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की सहायता करना तथा जाति, धर्म, भाषा और सीमाओं से ऊपर उठकर समाज में मानवता, सेवा और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और जरूरतमंदों की मदद से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया। डीएम ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए कहा कि इस बीमारी से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि समाज के सहयोग और बेहतर पोषण से भी जीती जा सकती है। इस दौरान कुल 25 टीबी ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया, जिनमें से दो बच्चों के उपचार और पोषण का संकल्प स्वयं जिलाधिकारी ने लिया। उधर, सोसायटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने मेडिकल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं रक्तदान कर मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

इस मौके पर रेड क्रॉस सोसायटी की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य पुत्तीलाल बाजपेयी ने संस्था के गौरवशाली इतिहास और सेवाभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस आज भी मानव सेवा और आपदा सहायता का मजबूत माध्यम बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों को अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने स्नेहपूर्वक फल वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चों और उनके अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

ट्रक ने बाइक सवार दो क़ो कुचला, दोनों की मौत

शाहजहांपुर। शुक्रवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा जलालाबाद थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे से शाहजहांपुर की ओर आने वाले मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही मौत हों गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और करीब 10 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद ट्रक को पकड़ लिया। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया है। मृतकों की पहचान ग्राम लखनपुर थाना कलान क़े भूपेंद्र और ग्रीस क़े रूपये में हुई है। बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक गंगा एक्सप्रेस-वे से मोड़ पर उतर रहा था, जबकि दूसरी ओर से बाइक सवार शाहजहांपुर की तरफ जा रहे थे। मोड़ पर अचानक आमने-सामने आने से यह दर्दनाक दुर्घटना हो गई।

07 से 21 मई तक चलेगा 'स्व-गणना' अभियान

- जिलाधिकारी ने जारी किया तिथिवार कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) को लेकर जनपद फिरोजाबाद में तैयारियाँ तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी-प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा आज इस संबंध में एक विस्तृत आदेश जारी कर जनपद के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए 'स्व-गणना' (Self&Enumeration) का तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार, यह विशेष अभियान 07 मई 2026 से शुरू होकर 21 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न श्रेणियों के लोग आधिकारिक पोर्टल https://se-census-gov.in पर जाकर स्वयं अपनी गणना दर्ज कर सकेंगे। अभियान का मुख्य आकर्षण एवं कार्यक्रमः 07 मई (राजस्व-प्रशासनिक दिवस): कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 10:00 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा स्व-गणना की जाएगी। इसी दिन तहसील सदर, टूण्डला, शिकोहाबाद, सिरसागंज और जसराना में भी संबंधित उप जिलाधिकारियों की देखरेख में प्रातः 11:00 बजे से यह प्रक्रिया संपन्न होगी। 08 मई (स्थानीय प्रशासन-ग्रामीण विकास दिवस): नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, ब्लॉक प्रमुखों, ग्राम प्रधानों और संबंधित विभागों के कर्मचारियों के लिए स्व-गणना का समय निर्धारित किया गया है। 10 मईः पद्म पुरस्कार विजेताओं, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं और उच्च घनत्व वाले आबादी क्षेत्रों के नागरिकों के लिए विशेष सत्र आयोजित होंगे। 11 मई (न्यायिक दिवस): जनपद न्यायालय में जिला जज एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों द्वारा स्व-गणना की जाएगी। इसी दिन जिला एवं तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी अपनी गणना दर्ज करेंगे। 12-14 मईः पुलिस विभाग, यूनिफॉर्म फोर्सेज, बैंकिंग सेक्टर, कोषागार और शिक्षा विभाग (शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी) के लिए तिथियाँ आरक्षित की गई हैं। संसाधनों की उपलब्धताः जिलाधिकारी ने संबंधित चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्व-गणना के लिए निर्धारित स्थलों पर आवश्यक संसाधन जैसे लैपटॉप, टैबलेट और स्मार्टफोन के साथ-साथ प्रगणक व सुपरवाइजरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी लक्षित समूहों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर डिजिटल माध्यम से इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और अपनी स्व-गणना सुनिश्चित करें। अंत में जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की है की ष्राष्ट्र के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण में आपकी एक सही जानकारी, विकास कि एक नई नींव रखेगी, जैसा कि आप अवगत हैं कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। आप सभी 'स्व गणना' के माध्यम से अपनी गणना स्वयं ही पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं आगामी जनगणना अभियान के सफल संचालन हेतु मैं आप सभी का सहयोग चाहता हूं।

जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद के निर्माणाधीन ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस भव्य भवन के निर्माण से कही अधिक महत्वपूर्ण इसके दीर्घ कालिक रख-रखाव और स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित करना है, निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि परियोजना का 75 प्रतिशत कार्य सम्पादित हो चुका है, शेष कार्य शीर्घ ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भवन के भविष्य में सुचारू संचालन के लिए अभी से एक प्रभावी ऑपरेटिंग मैकेनिज्म तैयार किया जाए, ताकि इसकी उपयोगिता बनी रहें।

लावारिस शव की नहीं हुई पहचान

- सामाजिक संस्था अंकुरण ने कराया अंतिम संस्कार

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के सकवा नहर में में एक अज्ञात महिला (उम्र करीब 28 -30 वर्ष) का शव मिलने के बाद जब कोई वारिस सामने नहीं आया, तो सामाजिक संस्था अंकुरण फाउंडेशन ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। कानूनन तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी जब कोई परिजन शव लेने नहीं पहुंचा तो प्रशासन के माध्यम से अंतिम संस्कार के लिए अंकुरण से संपर्क किया।

अंकुरण के सदस्यों के सहयोग से अज्ञात व्यक्ति के शव को श्मशान घाट ले जाया गया। जहाँ संस्था के अध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव एवं मो आरिफ खान ने महिला कांस्टेबल कांस्टेबल पूनम सिंह एवं कांस्टेबल कमला यादव के उपस्थिति में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मुखाग्नि देखकर उसका दाह संस्कार करवाया। अंकुरण के मीडिया प्रभारी दीपक जायसवाल ने बताया कि हर इंसान का अंतिम विदाई सम्मानजनक होनी चाहिए। संस्था इसके लिए प्रयासरत है, अभी तक करीब 60 लावारिस लाशों का दाह संस्कार संस्था द्वारा किया जा चुका है। अंतिम संस्कार के दौरान वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। स्थानीय लोगों ने अंकुरण की इस संवेदनशीलता की जमकर तारीफ की है। संस्था से जुड़े चंद्रदेव शुक्ला एवं मुकेश कुमार का कहना है कि संस्था का यह रूप समाज में विश्वास पैदा करता है कि लावारिस होने के बावजूद किसी को श्बेसहाराश् नहीं छोड़ा जाएगा। संस्था के युवा सचिव एडवोकेट प्रज्वल श्रीवास्तव ने बताया कि भले ही अंतिम संस्कार कर दिया गया है, लेकिन पुलिस रिकॉर्ड में जानकारी सुरक्षित रखी गई है ताकि भविष्य में कभी पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया जा सके। शुरुआती जांच में जांच में मृतका के पास ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके।

यातायात नियमों के उल्लंघन में की सघन कार्यवाही

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकार यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा 8 मई 2026 को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान 08 ईकोध्मैजिक वाहन को चालक के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस एवं आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने के कारण अंतर्गत धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया। यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा की जा रही इस कार्यवाही का उद्देश्य अवैध एवं असुरक्षित रूप से संचालित वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की ब्लॉकवार प्रगति समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

- जनपद की उपलब्धियों पर किया हर्ष व्यक्त

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद की अब तक की उपलब्धियों पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी को पीडीआरडीए ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप जनपद को सम्पूर्ण प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है, 1260 आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत स्वीकृतियां प्रदान की जा चुकी है, अब तक 1226 आवास पूर्ण किए जा चुके है, जो कुल लक्ष्य का 97.30 प्रतिशत है, जिलाधिकारी ने विशेष रूप से शिकोहाबाद और टूण्डला ब्लॉक की सराहना की, जिन्होने शत-प्रतिशत पूर्णतः का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, साथ ही अरांव (98.54 प्रतिशत), जसराना (98.28 प्रतिशत) के उत्कृष्ट कार्य को भी सराहा, जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में हमारा जनपद पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर है, यह उपलब्धि विभागीय अधिकारियों और मैदानी स्तर पर काम कर रहें कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। हमारा अंतिम उद्देश्य केवल आंकडे प्राप्त करना नही, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को पक्की छत और सम्मानजनक जीवन देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि यद्यपि जनपद की प्रगति सराहनीय है, फिर भी शेष बचे 24 आवासों को भी युद्धस्तर पर कार्य कर तत्काल पूर्ण किया जाए, जिन ब्लॉकों में (खैरगढ, मदनपुर, नारखी) में कार्य प्रगति पर है, वहां के खण्ड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें की आगामी सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा।

डीएम ने निरीक्षण में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ शहरी यातायात को सुगम बनाने के उददेश्य से सुहाग नगर चौराहे से सुभाष चौक तक निर्माणाधीन महत्वपूर्ण उपरगामी सेतु का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता और साइट पर मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कडे निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के अधिकारियों ने परियोजना की वर्तमान स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि इसकी कुल लम्बाई 1291.69 मी0 है, इस परियोजना 72.70 करोड़ की लागत से बन रही है, इसको बनाने का कार्य 30 मार्च 2025 को शुरू किया गया और इसे 31 मार्च 2027 तक पूरा करना है, अभी तक 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, 'निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी इस बात पर बेहद नाराज हुए जब उन्होने निर्माण स्थल पर कार्यरत मजदूरों को बिना हेलमेट के काम करते हुए देखा जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि ''विकास कार्य जितना महत्वपूर्ण है, उससे कही अधिक महत्वपूर्ण वहां काम कर रहे, मजदूरों का जीवन और सुरक्षा है। सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा, सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मजदूर अनिवार्य रूप से हेलमेट और सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें''।' जिलाधिकारी ने कार्य की गति और पारदर्शिता को लेकर निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु कार्यों में तेजी लाए, ताकि जनता को आवागमन में हो रही असुविधाओं से शीघ्र निजात मिल सकें। निर्माण कार्य की तकनीकी शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए किसी दक्ष थर्ड पार्टी से तकनीकी परीक्षण कराए जाए, निरीक्षण के दौरान सेतु निगम व सम्बन्धित अधिकारियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। विश्व रेड क्रॉस दिवस के पावन अवसर पर पर्यावरण पार्क, सुलतानपुर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। मानव सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाज कल्याण की भावना से प्रेरित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने शिविर में आए मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सदैव मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था रही है तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद सुल्तानपुर के चेयरमैन डॉ. डी. एस. मिश्रा ने डॉ. राजीव श्रीवास्तव को रेड क्रॉस प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राजीव श्रीवास्तव द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता रहा है, जो संस्था के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, सुलतानपुर के सचिव श्री जय प्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय खत्री, डॉ. चन्द्र भान सिंह, महिला विंग सचिव दीपिका सिंह सहित अनेक गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रमुख रूप से नवीन शुक्ला, त्रिभुवन नाथ तिवारी, शिवकुमार, सूर्यांश श्रीवास्तव, मोहित शर्मा, विजेंद्र त्रिपाठी, मनोज कुमार एवं अवधेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. डी. एस. मिश्रा एवं उपाध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव द्वारा सक्रिय रूप से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।शिविर में लगभग 200 लोगों का ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर परीक्षण किया गया। साथ ही चिकित्सकों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, रोगों से बचाव के उपाय एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाजहित में अत्यंत उपयोगी पहल बताया। सेवा, समर्पण एवं मानवता के संदेश से ओतप्रोत यह आयोजन रेड क्रॉस के मूल सिद्धांतों को साकार करने वाला सिद्ध हुआ।

नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला, इलाके में सनसनी

चांदा/सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र के बरनी गांव में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नवविवाहिता का शव घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। मृतका की पहचान नेहा पत्नी सौरभ तिवारी निवासी बरनी थाना चांदा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर नायब तहसीलदार अभयराज पाल, कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा, अपराध निरीक्षक तनवीर खान व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि नेहा की शादी करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका के पति मुंबई में नौकरी करते हैं और घटना के समय मुंबई में ही मौजूद थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

डीएम ने भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का किया शुभारंभ

- भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान से मिलेगी रफ्तार, बहेगी जलधारा

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह के साथ विकासखंड बण्डा के ग्राम पंचायत नवादा ढाह से दलेलापुर जलधारा भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए तालाब, पोखर एवं जल स्रोतों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि वर्षा के दौरान बाढ़ की समस्या को नियंत्रित करने में तालाबों और पोखरों की अहम भूमिका होती है, क्योंकि यह अतिरिक्त जल को रोकने और संरक्षित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए गए प्रत्येक जनपद में एक नदी को पुनर्जीवित करने के अभियान के क्रम में जिले में भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि पेड़ों की गहरी जड़ें मिट्टी को मजबूती प्रदान करती हैं तथा वर्षा के जल को धरती में रोकने में सहायक होती हैं। इससे भूजल स्तर बढ़ता है और पर्यावरण संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि नदियों को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 'दस वर्ष, एक जनपद-एक नदी' कार्यक्रम के अंतर्गत भैंसी नदी के पुनर्जीवन का कार्य जनसहयोग एवं प्रशासनिक समन्वय से निरंतर आगे बढ़ रहा है। पूर्व में नदी की लगभग 55-56 किलोमीटर लंबाई में खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कराया गया था। यह कार्य स्थानीय ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों एवं प्रशासनिक टीम के सामूहिक प्रयास से संभव हो सका।

जिलाधिकारी ने कहा कि जून माह में प्रारंभ किए गए इस अभियान में सभी लोगों ने मिलकर अत्यंत सराहनीय कार्य किया था। शुरुआत में लगभग 35-36 किलोमीटर खुदाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन जनसहयोग और टीम की मेहनत से यह कार्य बढ़कर 55-56 किलोमीटर तक पहुंच गया। विशेष बात यह रही कि इतने बड़े कार्य को लगभग 15 से 20 दिनों के भीतर ही पूरा कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि अब नदी की दूसरी धारा, जिसकी लंबाई लगभग 25-26 किलोमीटर है, की खुदाई का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशासन ने अगले 10 से 15 दिनों के भीतर इस कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार भी प्रत्येक गाँव एवं प्रत्येक किलोमीटर पर स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि 20 तारीख तक कार्य को संतोषजनक स्थिति में लाने का प्रयास किया जाएगा तथा इसके बाद पुनः स्थलीय निरीक्षण एवं कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब अगली बार वे स्थल पर आएँ, तब तक नदी का स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने एडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक दूसरे-तीसरे दिन मौके पर जाकर कार्य की निगरानी करें और पिछली बार की तरह अभियान को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि बीडीओ एवं एसडीएम अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे पूरी सक्रियता के साथ कार्य कराएँ, ताकि समयबद्ध तरीके से खुदाई पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से इस बार भी कार्य बेहतर तरीके से पूरा होगा और आगे चलकर नदी में जलभराव, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य भी किए जाएंगे।

कार्यालय-ग्राम पंचायत रतनसेनपुर गौंती, विकास खंड ऐरायां, फतेहपुर

पत्रांक मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक-07.05.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत रतनसेनपुर गौंती में मनरेगा, पंचम राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन/एस.एल.डब्लू.एम. योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्य के लिए कार्य स्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 08.05.2026 से 15.05.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय/सचिवालय रतनसेनपुर गौंती में 2:00 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा किया जायेगा, जो दिनांक 15.05.2026 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के सामने अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेगी। सामग्री विवरण निम्नलिखित है-

क्र.सं.	सामग्री	लम्बाई/मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम प्रथम श्रेणी	प्रति हजार	
2	सीमेंट	प्रति बोरी	
3	मोटी एवं महीन बालू तथा लोकल बालू	प्रति घनमीटर	
4	स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम.एम. से 35 एम.एम तक	प्रति घनमीटर	
5	ईट, गिट्टी 20 एम.एम से 40 एम.एम. तक	प्रति घनमीटर	
6	सरिया/लोहे की अन्य सामग्री	प्रति कुंतल	
7	ह्यूम पाइप विभिन्न साइज एवं मोटाई/पी.वी.सी पाइप	प्रति रनिंग मीटर	
8	सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट	प्रति नग	
9	सीमेंट इंटरलाकिंग ब्रिक	प्रति नग	
10	पेंटिंग से संबंधित सामग्री, पेंट, प्राइमर, ब्रस, सरेस पेपर आदि	प्रति नग	
11	हैंडपम्प मरम्मत एवं रिबोर सामग्री/सेनेटरी फिटिंग एवं प्लम्बरिंग सामग्री	प्रति नग	
12	सफाई कर्मी हेतु ट्राली एवं सफाई किट सामग्री	प्रति नग	
13	कूड़ा गाड़ी क्रय/ई-रिक्शा	प्रति नग	
14	खेल मैदान हेतु सभी इक्यूमेंट	प्रति नग	
15	स्टेशनरी एवं अन्य लेखन सामग्री प्रशासनिक कार्य नारा लेखन स्वच्छता का प्रचार प्रसार	प्रति नग	
16	कायाकल्प योजनांतर्गत समस्त निर्माण सामग्री, टाइल्स, पेंट, वासबेसिंग, प्लम्बरिंग के आइटम आदि	प्रति नग	
17	गौशाला के इक्यूमेंट तथा मरम्मत एवं रखरखाव पर लगने वाली सामग्री	प्रति नग	
18	समस्त इलेक्ट्रिकल सामग्री/पंचायत भवन इक्यूवमेंट एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
19	आर.आर.सी. सेंटर के मरम्मत एवं निर्माण तथा रखरखाव पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
20	खेल मैदान में प्रयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
21	पोषण पोटली	प्रति नग	
22	टेंडर/नोटिस/विज्ञप्ति/प्रकाशन/प्रचार प्रसार	प्रति नग	

नियम शर्ते-1-सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा वैध Sale Tax, GST, Registration Certificate प्रमाण पत्र, दिखाने एवं प्रमाणित प्रति संलग्न कर ही निविदा डाली जायेगी। 2- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी की स्वीकृत दर से अधिक न हो। 3-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 4-निविदा संबंधी समस्त जनकारी निविदादाता ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। 5-सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कार्य स्थल पर किया जाना अनिवार्य होगी। 6-कार्य की लागत प्राक्कलन/स्वीकृत के अनुसार घट-बढ़ सकती है। 7-सामग्री की गुणवत्ता/मानक में कमी पाये जाने पर धनराशि की नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

बिपिन कुमार तिवारी
(ग्राम पंचायत अधिकारी)

(ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत सदस्य)

एमनीव विज़न स्कूल, इटावा के विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण और कांस्य पदक

वहाज अली 'निहाल'

इटावा। स्पोर्ट्स केयर एकेडमी (SCA) द्वारा 7 एवं 8 मई 2026 को आयोजित खेल प्रतियोगिता में एमनीव विज़न स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में एमनीव विज़न स्कूल के खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। अंडर-10 वर्ग में वंश ने एयर पिस्टल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, युवराज ने कांस्य पदक, रुद्राक्षी ने एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा यातिका ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं अलमास ने एयर पिस्टल प्रतियोगिता में रजत पदक एवं शिवान्या ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

अंडर-14 वर्ग में प्रगुनी ने एयर पिस्टल प्रतियोगिता में रजत पदक तथा गुंजन ने कांस्य पदक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-16 वर्ग में आर्यन ने एयर राइफल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया, जबकि राधे कृष्णा ने एयर पिस्टल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, अक्षत ने रजत पदक एवं साहिल ने कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में उत्कर्ष ने एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक तथा आर्तिक ने एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विश्व शूटिंग चैंपियन चंद्र मोहन तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। हमें उन पर गर्व है और आशा है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करते रहेंगे।

विद्यालय की ओर से शूटिंग कोच ने भी सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता प्राप्त की है तथा भविष्य में वे राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों, शूटिंग कोच एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

शिक्षकों ने प्रवासी मजदूरों के बच्चों का चिन्हांकन किया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शारदा अभियान के अंतर्गत विद्यालय से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से विकास खंड बढ़पुरा के ग्राम मुसावली में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) सदस्य राम जनम सिंह ने किया। प्राथमिक विद्यालय मुसावली के शिक्षकों ने गांव एवं आसपास स्थित ईंट भट्टों पर पहुंचकर वहां कार्यरत प्रवासी मजदूरों के बच्चों का चिन्हांकन किया तथा उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान ईंट भट्टों पर कार्य करने वाले मजदूरों के कुल 13 बच्चों को विद्यालय से बाहर पाया गया, जिनका नामांकन कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रवासी मजदूरों ने बताया कि रोजगार की तलाश में उन्हें अपने मूल निवास से दूर आना पड़ता है, जिसके कारण उनके बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पाती। इस पर प्राथमिक विद्यालय मुसावली की प्रधानाध्यापिका प्रीति ने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि जब तक वे यहां निवास करेंगे, तब तक उनके बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से विद्यालय में संचालित की जाएगी। एसआरजी सदस्य राम जनम सिंह ने सभी प्रवासी मजदूरों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही विद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि चिन्हित बच्चों का पंजीकरण शारदा ऐप पर कर उनके शिक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अकादमिक रिसोर्स पर्सन सीमा गौतम, बेगम श्री, अर्चना एवं कल्पना उपस्थित रहीं।

व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में सदर विधायक के आवास पर पहुंचे सैकड़ों व्यापारी

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। डबल इंजन की सरकार में व्यापारियों की सुरक्षा प्रथम दृष्टि में है किसी भी अधिकारी नेता को व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं करने दिया जाएगा और ना ही इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त किया जाएगा।उक्त उधर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर आए सैकड़ो व्यापारियों को आश्वासन दिलाते हुए कहे।उन्होंने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी महाराज की सरकार बनी है तब से किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न करने की क्षमता किसी में नहीं है और प्रदेश सरकार की छवि को धूमल करने वाले अधिकारी किसी भी दिशा में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे तेल विक्रेता शरद अग्रवाल को खाद विभाग के द्वारा बार-बार परेशान किए जाने से शुभ धोकर आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यापारी के समर्थन में सैकड़ो की तादाद में पहुंचे थे सदर विधायक की आवास पर व्यापारी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि किसी भी दशा में उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सदर विधायक की आवास पर संयुक्त रूप से पहुंचने वाले व्यापार मंडल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री डॉक्टर एके शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता इटावा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनंत प्रताप अग्रवाल अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ महामंत्री धर्मेंद्र जैन भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक गुप्ता अशोक सिंह चौहान टीटू विनीत कुमार पांडे रवि अग्रवाल गुरमीत सिंह भेजा महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव रिंकू यादव महिला व्यापारी नेता गुड्डी बाजपेई महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा सुशीला राजावत अंजू यादव उसराहा के अध्यक्ष रवि चक्रवर्ती अनिल कौशल जसवंतनगर से सुभाष गुप्ता भरथना से अभिषेक दिक्षित सहित तमाम व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

जन शिकायतों के निस्तारण में मौदहा तहसील प्रदेश में अव्वल

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की अप्रैल 2026 रैंकिंग में मौदहा तहसील ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर प्रदेश की 351 तहसीलों में पहला स्थान हासिल किया है। तहसील प्रशासन के अनुसार अप्रैल माह में कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनका निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। किसी भी शिकायत को डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं आने दिया गया। उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध सुनवाई और शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर यह उपलब्धि हासिल की गई है। तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर सत्यापन कराने के बाद ही अंतिम निस्तारण दर्ज किया गया।

साइबर ठगों ने खाते में रुपये डालकर उड़ाए 9800 रुपये

भरुआ सुमेरपुर। साइबर ठगों ने महज चार मिनट में एक युवक के खाते से 9800 रुपये पार कर दिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। कस्बा निवासी इमरान खान ने बताया कि 6 मई को दोपहर 2:07 बजे उसके खाते में 73,200 रुपये आए और चार मिनट बाद 83 हजार रुपये निकाल लिए गए। इस तरह खाते से 9800 रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित ने साइबर थाने और बैंक प्रबंधक से शिकायत की है।

अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता) पुलिस ने गश्त के दौरान सुरौली बुजुर्ग निवासी धर्मेंद्र को भौरा डांडा मार्ग से अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 32 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

संदिग्ध हालत में युवक को लगी गोली, पुलिस हिरासत में

भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता) कस्बे में शुक्रवार रात एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। घायल युवक को इलाज के लिए कानपुर भेजा गया, जहां से पुलिस उसे हिरासत में लेकर सुमेरपुर ले आई। पुराने स्टेट बैंक के सामने रहने वाले पंकज विश्वकर्मा को रात करीब 11:30 बजे हाथ में गोली लगी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस युवक को अपने साथ ले गई लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे रही। सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि युवक ने शराब के नशे में खुद को गोली मारी थी। उसके खिलाफ अवैध शस्त्र रखने का मामला दर्ज किया गया है।

वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) सिसोलर पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में वांछित वारंटी अभियुक्त वीर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था।

पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने शुक्रवार परेड और पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यूपी-112 वाहनों, शस्त्रागार, दंगा नियंत्रण उपकरण और अभिलेखों की जांच की गई। साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए गए।

घरेलू विवाद के बाद बुजुर्ग ने खाया जहर, मौत

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) घरेलू विवाद के बाद 60 वर्षीय बुजुर्ग ने कथित रूप से सल्फास खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कुम्हारौड़ा निवासी वरदानी नशे का आदी बताया जा रहा था। परिजनों के अनुसार घरेलू विवाद के बाद उसने सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी और बाद में सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधारात्मक कार्य कराने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

विश्व अस्थमा दिवस पर यूपीयूएमएस सैफई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (UPUMS) के श्वसन रोग विभाग द्वारा विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आम जनमानस को अस्थमा रोग के कारण, बचाव एवं प्रभावी उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. (डॉ.)अजय सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों में डीन प्रो. (डॉ.) आदेश कुमार एवं रजिस्ट्रार श्री दीपक वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) आशीष कुमार गुप्ता, प्रो. (डॉ.) आदित्य कुमार गौतम, डॉ. सोमनाथ भट्टाचार्य, डॉ.नम्रता सहित रेजिडेंट डॉक्टर्स एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा कि चिकित्सा संबंधी जानकारी को आमजन तक सरल एवं सहज भाषा में पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अपील की कि वे लोगों को बीमारी, उसके लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में आम बोलचाल की भाषा में जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग सही जानकारी प्राप्त कर समय रहते उपचार ले सकें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही अस्थमा जैसी बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) आदेश कुमार ने अपने व्याख्यान में बताया कि भारत में बड़ी संख्या में लोग अस्थमा से प्रभावित हैं। प्रदूषण, धूम्रपान एवं बदलती जीवनशैली इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने नियमित दवा सेवन, इनहेलर के सही उपयोग एवं समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श को अस्थमा प्रबंधन के लिए आवश्यक बताया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को अत्यंत सफल, शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक बताया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में श्वसन रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया।

विस्तारित क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास

सोनभद्र/चोपन। नगर पंचायत चोपन के विस्तारित क्षेत्र वार्ड नंबर 9 में शुक्रवार को विकास कार्यों की नई सौगात दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने विधिवत शिलान्यास कर पेयजल पाइपलाइन एवं सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। इस दौरान वार्ड के सभासद नागेंद्र यादव तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। विस्तारित क्षेत्रों में वर्षों से पेयजल और सड़क की समस्या बनी हुई थी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछने से लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा तथा सड़क निर्माण से आवागमन सुगम बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराना है ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। स्थानीय लोगों ने भी विकास कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद अनिकेत रावत, अरुण कुमार, रजनीकांत सिंह, रामनरेश चौधरी, राधारमण पांडेय, विनोद सिंह, जितेंद्र पासवान, अजीत ठाकुर, अनुज, अमर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026- स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी ने 2018 में बालिका सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक माह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इसके तहत एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से वीएसआर (विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद) की परियोजनाओं में बालिका सशक्तिकरण मिशन को पाइलेट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया। इससे प्रोत्साहित होकर 2019 में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं/स्टेशनों में इस कार्यक्रम को भारी उत्साह के साथ आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षण दी गई।

इसी शृंखला में एनटीपीसी रिहंद में भी हर वर्ष बालिका सशक्तिकरण मिशन का आयोजन किया जाता है। बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बच्चियों को केवल शिक्षा ही नही बल्कि उनके सम्पूर्ण सर्वांगीण विकास के लिए सभी उपयोगी प्रशिक्षण जैसे व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कौशल विकास की ट्रेनिंग भी दी जाती है । इसके अलावा अन्य दैनिक जीवन उपयोगी प्रशिक्षण जैसे- योगा, खेल-कूद, गुड टच एवं बैड टच आदि का ज्ञान प्रदान करते हुये उन्हे जीवन के हर परिस्थिति में जीवन जीने की कला को भी सिखाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन 21 मई से 16 जून 2026 तक किया जा रहा है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी अभिभावकों को बालिका सशक्तिकरण मिशन की प्रतीक्षा थी, सामान्यतः इस कार्यक्रम के लिए 120 बालिकाओं का चयन किया जाता है, किन्तु इस वर्ष आसपास के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कुल 140 बालिकाओं का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में एनटीपीसी रिहंद नें कुल 60 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अन्य बालिकाओं का परीक्षण दूसरे चरण में सम्पन्न किया जाएगा।

एनटीपीसी रिहंद केवल बालिका सशक्तिकरण मिशन तक ही सीमित नही है बल्कि बच्चियों के मूल्याकन के परिणाम एवं शिक्षा के प्रति रुचि को ध्यान में रखते हुये श्रेष्ठ 10 बच्चियों को परियोजना के डीएवी स्कूल में प्रवेश दिलाकर उनकी अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जा रही है। एनटीपीसी रिहंद को पूर्ण विश्वास है की इन कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा और यह बच्चियाँ शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण द्वारा जीवन में नित नए आयाम हासिल करेंगी और अपने आस-पास की बालिकाओं को भी जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करेंगी।

स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति के संबंध में ली गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ओबरा। ओबरा नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं बेहतर नगर बनाने के उद्देश्य से नगर पंचायत ओबरा द्वारा अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह के नेतृत्व में 'सिटिजन फीडबैक स्वच्छता अभियान 2025-26' के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया।

अभियान के तहत नगर पंचायत की टीम एवं सफाई कर्मचारियों के साथ विभिन्न बाजारों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था की वास्तविक स्थिति के संबंध में जानकारी ली गई, जिसमें नियमित सफाई, घर-घर कूड़ा कलेक्शन, झाड़ू व्यवस्था एवं नगर पंचायत द्वारा संचालित स्वच्छता सेवाओं के संबंध में नागरिकों की राय जानी गई।

अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह जी द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे सिटिजन फीडबैक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर सहभागिता सुनिश्चित करें, क्योंकि नागरिकों की प्रतिक्रिया के आधार पर ही नगर की स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन एवं सुधार की दिशा निर्धारित होती है।

अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन प्रातःकाल से ही नगर को स्वच्छ बनाए रखने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। घर-घर कूड़ा कलेक्शन, सड़क एवं नाली सफाई सहित सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में लगे कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

नगर पंचायत द्वारा नागरिकों को क्यूआर कोड एवं अन्य निर्धारित माध्यमों से सिटिजन फीडबैक देने के लिए जागरूक किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही एक स्वच्छ और जागरूक नगर का निर्माण संभव है।

खोदी गयी सड़को/मार्गो में पाइप लाइन डालने के बाद ठीक कराते जाये : डीएम

हरदोई। जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये कि जिन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत खोदी गयी सड़को/मार्गो में पाइप लाइन डालने के बाद ठीक कराते जाये और जहां भी पाइप लीकेज, जल आपूर्ति बाधित एवं कनेक्शन में विलम्ब की शिकायतें प्राप्त हो उनका तत्काल गुणवत्तापरक निस्तारण करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडबाल से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यो का निरीक्षण करें और जिन गांवों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो वहां के जेई व एई पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने सभी जेई/एई को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यो को गम्भीरता से लें और सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्याडवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

(आई0जी0आर0एस0) रैंकिंग में जनपद इटावा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की मासिक समीक्षा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह सम्पादित की जाती है, इसी के क्रम में माह अप्रैल-2026 में जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) का प्रदेश स्तर पर मूल्यांकन किया गया, जिसमें जनपद इटावा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। साथ ही जनपद के 17 थानों (ऊसराहार, फ्रेण्ड्सकॉलोनी, सैफई, कोतवाली, भरथना, बकेवर, इकदिल, जसवन्तनगर, बसरेहर, चौबिया, वैदपुरा, लवेदी, बलरई, चकरनगर, बिठौली, पछायगांव व भरेह) द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

सोमवार से सभी बसों का संचालन नगर के बाहर निर्धारित बस स्टाप से करायें : अनुनय झा

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) निजी बस एसोशियन के पदाधिकारी एवं बस स्वामियों के साथ स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेउट में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि आगामी सोमवार से सभी मार्गो की बसों का संचालन नगर के बाहर निर्धारित बस स्टाप से कराये और किसी भी मार्ग की बसें नगर सीमा में प्रवेश नहीं करेगी। बैठक में बस स्वामियों द्वारा नये बस स्टापों पर जल भराव की समस्या बताने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, हरदोई को निर्देश दिये कि जिन बस स्टापों पर जल भराव हो गया है वहां पम्प सेट लगवाकर पानी निकलवायें तथा एसडीएम सदर को निर्देश दिये कि सभी बस स्टापों पर मार्गो की जानकारी के लिए होर्डिगं ऐरिया निर्धारित करे। जिलाधिकारी ने एआरटीओ एवं यातायात निरीक्षक को निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में आम जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए ई-रिक्शों की व्यापक चेकिंग करायें और अवैध रूप से चलने वाले ई-रिक्शों के चालान करने के साथ कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्लाडबाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ, ईओ, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम एवं बस एसोशियन के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 92 शिकायतें

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 92 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे ज्वाइंट मजिस्टेउट सुश्री संस्कृति त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

अनियंत्रित कार ने स्कूटी और बाइक सवारों को मारी टक्कर, पंचायत सचिव समेत पांच घायल

भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता) राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित मारुति कार ने स्कूटी और बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में पंचायत सचिव समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कानपुर निवासी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सुमेरपुर पहुंचने के बाद चालक रास्ता भटक गया और महोबा की ओर मुड़ गया। इंगोहटा बस स्टैंड के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सबसे पहले स्कूटी सवार पंचायत सचिव नसीम खान को टक्कर मार दी। स्कूटी उछलकर पास से गुजर रही बाइकों से जा टकराई। हादसे में इंगोहटा निवासी मानसिंह, विकास और लल्लू घायल हो गए। कार चालक सुधीर सिंह को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी मौदहा पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

अनपरा/ रेनुसागर (अवधनामा संवाददाता) हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा निर्देशन में हिंडालको रेनुसागर ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में जूनियर हाई स्कूल लोझरा के प्रांगण में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव, सतर्कता एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित तरीके से कार्य करने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में अग्निशमन से जुड़े विशेषज्ञों राकेश कुमार एवं रविशंकर तिवारी द्वारा आग लगने के कारण, प्राथमिक सुरक्षा उपाय, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग तथा आपदा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयमित रहकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने, विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा गैस एवं ज्वलनशील पदार्थों के प्रति सतर्क रहने के बारे में भी बताया गया। साथ ही अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

उप मुख्यमंत्री ने भरा डिजिटल स्वगणना फार्म

अवधनामा ब्यूरो

- `हमारी जनगणना-हमारा विकास' अभियान में सहभागिता की अपील
- 21 मई तक नागरिक कर सकेंगे स्वगणना
- डिजिटल जनगणना से बढ़ेगी पारदर्शिता और सटीकता
- जनगणना के साथ होगी जातीय गणना भी
- सही आंकड़े बनेंगे विकास योजनाओं का आधार

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर डिजिटल माध्यम से स्वगणना फार्म भरकर प्रदेशवासियों से जनगणना में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की।

उप मुख्यमंत्री ने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ प्रदेश में 7 मई से प्रारम्भ हुए मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के तहत स्वयं डिजिटल फार्म भरते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक सही एवं प्रमाणिक जानकारी देकर इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में योगदान दे।

उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई जाएगी। प्रथम चरण में भवनों एवं मकानों की गणना की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना संपादित होगी। आमजन को 21 मई 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सही जनगणना ही सर्वांगीण एवं सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है। जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़ों के आधार पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरणें पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री जी की मंशा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान, अवसर और सहभागिता प्रदान करना है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की।

इस अवसर पर जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश की निदेशकमती शीतल वर्मा ने उप मुख्यमंत्री को 'भारत की जनगणना' विषयक स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा जनगणना के प्रति लोगों को जागरूक, प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने हेतु उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्यों के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु दोनों चरणों के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है।

09 व 10 मई को होगी प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

- 624 पदों के लिए 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल
- 17 जनपदों के 319 परीक्षा केंद्रों पर पूरी हुई तैयारियां, एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी में होगी परीक्षा

लखनऊ। उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2022 के अंतर्गत प्रवक्ता संवर्ग के 18 विषयों के कुल 624 पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 09 एवं 10 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 4,64,605 पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने 17 जनपदों के 319 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों एवं महत्वपूर्ण स्थलों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित कर जिला कंट्रोल रूम तथा आयोग के अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग द्वारा सभी केंद्रों की कनेक्टिविटी का सफल परीक्षण भी कर लिया गया है।

आयोग की ओर से परीक्षा के सघन अनुश्रवण के लिए प्रत्येक जनपद में एक-एक प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं निगरानी टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करेंगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी तथा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाले व्यक्तियों एवं नकल माफियाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

09 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र सहित 06 विषयों तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र सहित 04 विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं 10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान सहित 05 विषयों तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित 04 विषयों की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही एआई तकनीक की सहायता से ऐसे संदिग्ध अभ्यर्थियों की पहचान की गई है, जिन्होंने एक ही नाम से अलग-अलग फोटो के साथ अथवा एक ही फोटो के साथ अलग-अलग नामों से आवेदन किया है। ऐसे परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा अभिनव प्रयोग के रूप में लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक पाली की परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद अभ्यर्थियों द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग परीक्षा कक्ष में ही कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षार्थियों की उपस्थिति में की जाएगी।

आशवी आर्ट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अव्वल

- लखनऊ को दिलाई गौरव की नई उड़ान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल, शहीद पथ ब्रांच की प्रतिभाशाली छात्रा आश्वी सिंह ने एक बार फिर अपनी अद्वितीय प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इंडियन आर्ट कॉन्टेस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता में आश्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार और स्कूल का सिर ऊंचा किया, बल्कि पूरे लखनऊ जिले को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के साथ ही आश्वी ने अंतरराष्ट्रीय अबेकस ओलंपियाड में प्रतिष्ठित 'चैंपियंस ऑफ चैंपियन' का खिताब भी अपने नाम किया। साथ ही ब्रेनोब्रेन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय गणित एवं लॉजिकल एबिलिटी प्रतियोगिता में 'गोल्ड टॉपर' बनकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। कला, गणित और ?शक्ति के क्षेत्र में लगातार कमाल करती आश्वी सिंह वाकई एक अनुपम प्रतिभा हैं। उनकी इन उपलब्धियों ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन के साथ बच्चे किसी भी क्षेत्र में शिखर छू सकते हैं। आश्वी जैसे छात्रों की सफलता न सिर्फ उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाती है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनती है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दैनिक समाचार पत्र 'द इण्डियन एक्सप्रेस' के वरिष्ठ संवाददाता लालमणि वर्मा के पिता बाबूराम वर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाइम्स के स्थानीय सम्पादक प्रांशु मिश्रा की माता आशा मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

भारत-न्यूजीलैण्ड के बीच सहयोग से शहद क्षेत्र को मिलेगा नया आयाम

अवधनामा ब्यूरो

- हनी एक्शन प्लान के तहत न्यूजीलैण्ड प्रतिनिधिमंडल ने रायबरेली और बाराबंकी का किया भ्रमण
- रायबरेली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी को शीघ्र संचालित करने के निर्देश

लखनऊ। भारत और न्यूजीलैण्ड के मध्य शहद उत्पादन एवं निर्यात क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) तथा न्यूजीलैण्ड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 'हनी एक्शन प्लान' पर कार्य किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत न्यूजीलैण्ड उच्चायोग के पाँच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश का भ्रमण कर शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल में ईशान जयवर्धन, प्रमुख सलाहकार-व्यापार योजना कार्यान्वयन एवं एमपीआई टीम प्रमुख, बायरन पीटर टेलर, मधुमक्खी पालन तकनीकी प्रबंधक, मेलानी फिलिप्स, कृषि सलाहकार एनजेडएचसी, प्रियम अरोरा तथा सुदेशना रे शामिल रहीं।

प्रतिनिधिमंडल ने 07 मई 2026 को जनपद रायबरेली के शिवगढ़ में निर्माणाधीन 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी' का निरीक्षण किया तथा जनपद बाराबंकी में प्रगतिशील मधुमक्खी पालक निमित्त सिंह 'मधुमक्खीवाला' की इकाई का भ्रमण कर शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

इसके उपरांत शुक्रवार को प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह से उनके आवास पर प्रतिनिधिमंडल की भेंटवार्ता हुई। बैठक के दौरान मंत्री ने भारत और न्यूजीलैण्ड के मध्य शहद क्षेत्र में तकनीकी सहयोग एवं ज्ञान साझा करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्री ने निर्देश दिए कि रायबरेली में निर्माणाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी के कार्य को शीघ्र पूर्ण कर उसे जल्द संचालित किया जाए। साथ ही बाराबंकी के प्रगतिशील मधुमक्खी पालक निमित्त सिंह 'मधुमक्खीवाला' को 02 जून से 14 जून 2026 तक न्यूजीलैण्ड भेजकर आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश भी दिए गए। तत्पश्चात उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा की अध्यक्षता में उद्यान भवन स्थित डास्प सभागार में प्रतिनिधिमंडल द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर उद्यान विभाग के निदेशक, यू.पी.एस. एच.ई.बी. के नोडल अधिकारी, संयुक्त निदेशक उद्यान बीपी राम, एपीडा के अधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं प्रदेश के प्रमुख शहद निर्यातक उपस्थित रहे।

भगवान श्री चित्रगुप्त जी की दिव्य संगीतमय कथा का भव्य आयोजन 9 एवं 10 मई को

अवधनामा ब्यूरो

रायबरेली। भगवान श्री चित्रगुप्त चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 9 एवं 10 मई 2026 को दो दिवसीय भगवान श्री चित्रगुप्त जी की दिव्य संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहर के प्रतिष्ठित स्थल रिफर्म क्लब लॉन 'ए', अस्पताल चौराहा, रायबरेली में संपन्न होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय हिन्दू संत महासभा के अध्यक्ष जगतगुरु चक्रपाणि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे वहीं श्री चित्रगुप्त पीठ वृन्दावन धाम से पधार रहे कथा व्यास जगतगुरु श्री चित्रागुप्ताचार्य के मुख मंडल से भगवान चित्रगुप्त कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कायस्थ समाज की ओर से जिले में पहली बार आयोजित इस कथा को लेकर कायस्थ समाज एवं श्रद्धालुओं के मध्य विशेष उत्साह देखा जा रहा है जहां जिले के साथ ही विभिन्न जिलों से भी लोगों के आने की संभावना है।

आयोजन की मुख्य आयोजिका समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस कथा में 50 हज़ार से अधिक लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एड. कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि कथा में देश के सुप्रसिद्ध संत-महात्माओं एवं विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वचन से श्रद्धालु लाभान्वित होंगे। साथ ही भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महिमा एवं मानव जीवन में उनके आदर्शों पर आधारित दिव्य संगीतमय कथा का रसपान कराया जाएगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 09 मई 2026, शनिवार सायं 5:30 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की कथा का शुभारंभ होगा। 10 मई 2026, रविवार प्रातः 5:30 बजे से कथा का समापन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। सायं 6:30 बजे से 7:30 बजे तक जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज द्वारा आशीर्वचन प्रदान किए जाएंगे। सायं 7:30 बजे से 9:00 बजे तक भजन संध्या एवं सांस्कृतिक आरती का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 9:00 बजे से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के समस्त श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कथा संजोजक समिति के पदाधिकारी अठेहा निवासी श्री अमित श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। आयोजन में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे में नॉन पेमेंट मामलों पर बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

- 116 लंबित मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण
- रेल कर्मचारियों को मिला बकाया भत्तों का भुगतान

लखनऊ। एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस की रेल प्रशासन के साथ पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बहुउद्देशीय हाल में नॉन पेमेंट की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे यूनियन की तरफ से मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा के साथ मनीष श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, पंडित वसीम खान, इंद्रकमल, विजय कुमार गुप्ता अजय प्रताप सिंह तथा प्रशासन की तरफ से मंडल कार्मिक अधिकारी सुभाष चंद्र मंडल कार्मिक अधिकारी प्रमोद भारती सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रंजीत कुमार एवं रवि गौतम मंडल वित्त प्रबंधक सचिन कुमार मुख्य ऑफिस सुपरीटेंडेंट नीतू तेज बहादुर एवं संदीप रावत तथा सहयोगी बिल क्लर्क कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस बैठक से न्यूनतम 483 रुपए से लेकर अधिकतम 117000 रुपए तक के लंबित भत्तों का भुगतान व्यक्तिगत कर्मचारियों को प्राप्त हुआ। बैठक में रात्रि भत्ता शिशु शिक्षण भत्ता साइकिल अनुरक्षण भत्ता बनचिंग विसंगति, विद्युत कटौती, आवास भत्ता कटौती, बकाया बोनस भुगतान, रिस्क भत्ता, एडिशनल रनिंग भत्ता, सातवें वेतन मान का लंबित एरियर, आदि के मद में एक बड़ी रुकी हुई धनराशि का भुगतान कराया गया। लंबित 132 मुद्दों में से 116 मुद्दे इस बैठक में निस्तारित हुए शेष 16 के सापेक्ष विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था खत्म करने के फैसले पर आभार

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित कालिदास मार्ग पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था समाप्त कर पोस्टपेड प्रणाली लागू किए जाने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार जनहितकारी निर्णय ले रही है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिलों से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु 15 मई से 30 जून 2026 तक प्रदेशभर में अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर विशेष शिकायत निस्तारण कैंप लगाए जाएंगे। प्रत्येक कार्यालय में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां बिल संशोधन एवं तकनीकी शिकायतों का मौके पर समाधान किया जाएगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय उपभोक्ताओं को राहत, पारदर्शिता एवं सुविधा प्रदान करने वाला ऐतिहासिक कदम है।

विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के मुख्यालय में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

लखनऊ। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, एन00एच0एम0 उत्तर प्रदेश परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त रक्त की उपलब्धता तथा आमजन में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय रक्त केंद्र, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुआ। डा0 सूर्यांशु ओझा, महाप्रबंधक /प्रभारी, स्टेट ब्लड सेल ने शिविर में बताया, ''रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बन सकता है और आवश्यकता के समय रक्त तब ही उपलब्ध हो पायेगा जब हम और आप बढ़-चढ़ कर रक्तदान करेंगे।'' आज के रक्तदान शिविर में 71 युनिट ब्लड एकत्र किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले मातृ स्वास्थ्य अनुभाग के परामर्शदाता प्रभाकर तिवारी ने आज 46 वीं बार रक्तदान किया वहीं उर्पाजन अनुभाग के परामर्शदाता अरूणेश तिवारी ने दुर्लभ रक्त समूह 'ओ निगेटिव' ग्रुप का रक्त पहली बार दान किया साथ ही रक्तदान शिविर में रक्त समूह ए निगेटिव की 01, बी निगेटिव की 02 एवं एबी पॉजीटिव ग्रुप की 05 यूनिट रक्त भी एकत्रित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवांशिक रक्त रोग है, जिसके मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान उनके लिए जीवनदायी साबित होता है। रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों की सहायता करता है, बल्कि समाज में मानवता एवं सेवा भावना को भी सुदृढ़ करता है।

निपुण भारत मिशन से सशक्त हो रही आधारभूत शिक्षा : मंत्री संदीप सिंह

लखनऊ। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'निपुण भारत मिशन' के माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता विकसित करने के लिए प्रभावी एवं परिणाममुखी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा किसी भी राष्ट्र के भविष्य की मजबूत नींव होती है और सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं आधुनिक शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री संदीप सिंह शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित देवी संस्थान (डिग्निटी एजुकेशन विजन इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित 'फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी विषयक लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

हिंदी संस्थान में गूंजा रवींद्रनाथ टैगोर का संदेश

- टैगोर जयंती पर पत्रकारिता और साहित्य का संगम, सम्मानित हुए डॉक्टर, समाजसेवी, कवित्री और पत्रकार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर राजधानी लखनऊ के हिंदी संस्थान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकारिता, साहित्य, चिकित्सक, शिक्षा, कवित्रियों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बलरामपुर अस्पताल के अधीक्षक डॉ पीके श्रीवास्तव ने दीप प्रजलित प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सीएम सिंह निदेशक लोहिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह और विशिष्ट अतिथि केजीएमयू दंत विभाग के एच ओ डी डॉ पूरन चंद व अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल अजीज सिद्दीकी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रीमा सिंहा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि टैगोर केवल एक कवि नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विचारधारा के प्रतीक थे। समारोह में डॉक्टर, पत्रकार, कवि, शायर, अधिवक्ता, व्यापारी और समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वक्ताओं ने टैगोर के साहित्य, शिक्षा और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों एवं समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच से वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और निष्पक्ष पत्रकार समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें गुरुदेव टैगोर की रचनाओं पर आधारित गीत, कविताएं और प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक और समाज को सकारात्मक संदेश देने वाला बताया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की बात कही।

ओमप्रकाश राजभर ने पूरी की ऑनलाइन स्वगणना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने ऑनलाइन माध्यम से जनगणना प्रक्रिया के प्रथम चरण को सफलता पूर्ण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा सही एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। मंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या और मकान की गणना भर नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि कई ऐसी जातियां एवं समुदाय हैं, जिनकी सही जानकारी सामने नहीं आ पाती, जिससे वे शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। जनगणना के माध्यम से ऐसे समुदायों की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और उन्हें जाति आधारित योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि सही आंकड़े सरकार को योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार करने में मदद करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आरडीएसओ में रेल कर्मियों का सम्मान समारोह

- बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बिखेरी खुशियों और उत्साह की रंगत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ में रेलवे महिला कल्याण संघ (RWWA) द्वारा ग्रुप 'डी' रेल कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय एवं भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान की कार्यप्रणाली को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों के समर्पण, परिश्रम एवं योगदान को सम्मानित करना था।

समारोह में आरडीएसओ के प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल किशोर तथा भारतीय स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक सोनिका गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं रेलवे महिला कल्याण संघ की अध्यक्षा ज्योति दनसाना द्वारा उत्कृष्ट कार्य एवं निष्ठापूर्ण सेवा के लिए 35 रेल कर्मियों को विशेष उपहार एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। गीत, संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लास, ऊर्जा और उत्साह से सराबोर कर दिया। बच्चों की प्रतिभा एवं आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों और कर्मचारियों का मन मोह लिया तथा समारोह को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर रेलवे महिला कल्याण संघ की अध्यक्षा ज्योति दनसाना ने रेल कर्मियों की मेहनत, अनुशासन एवं संस्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कर्मचारियों का समर्पण ही किसी भी संगठन की सफलता की आधारशिला होता है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में रेलवे महिला कल्याण संघ की उपाध्यक्षा सबीहा अहमद, सचिव शैल पांडे, संयुक्त सचिव पत्रिका सिंह, कोषाध्यक्ष साक्षी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा।